राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 365
लखनऊ, शुक्रवार 29 अगस्त, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों से यूपी में हो रहा अधिक से अधिक पूंजी निवेश : केशव 03

बाढ़ से अस्पताल कर्मियों को करना पड़ा पलायन 12

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,02,750/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 94,200/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 77,080/10 ग्राम |
| चांदी | | = 1,20,000/किग्रा |



# सीएम को सौंपी संभल हिंसा जांच रिपोर्ट

- 450 पन्नों की रिपोर्ट में तुष्टीकरण व एतिहासिक भारतीय धरोहरों को मिटाने का किया गया दावा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**दंगों से हिन्दुओं के पलायान का दावा**

उत्तर प्रदेश का संभल जिला बीते साल 2024 में 24 नवंबर को हुए दंगों पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस के नेतृत्व में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने आज अपनी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि सुनियोजित हिंसा में हिन्दूओं को टारगेट किया गया और उन्हें पलायन के लिए मजबूर किया गया।

गुरुवार को न्यायिक आयोग के सदस्य इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा, पूर्व डीजीपी एके जैन और रिटायर्ड आईएएस अमित मोहन प्रसाद ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जांच आयोग के सदस्यों ने नवंबर 2024 में संभल में दंगों की अपनी 450 पन्नों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी। रिपोर्ट के मुताबिक संभल में सुनियोजित तरीके से बार-बार हिंसा की आड़ में हिन्दुओं को टारगेट करते हुए अपने आशियाने छोड़ने या पलायन के लिए मजबूर किया गया था। रिपोर्ट में इस बात का प्रमुखता से दावा किया गया है कि यहां हिंदू 45 प्रतिशत से घटकर 20 फीसदी हो गये। दरअसल, संभल में नवंबर 2024 में हरिहर मस्जिद में सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। हिंसा के बाद इस मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस देवेंद्र कुमार अरोड़ा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इस न्यायिक आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है।

### जांच रिपोर्ट के प्रमुख दावें

जांच रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1947 में आजादी के बाद संभल नगरपालिका क्षेत्र में हिंदू 45 फीसदी और मुस्लिम 55 प्रतिशत थे, जबकि अब वहां हिंदू घटकर सिर्फ 15 प्रतिशत रह गए हैं। अब इस इलाके की मुस्लिम आबादी बढ़कर 85 फीसदी तक पहुंच गई है। हिंदुओं की घटती आबादी का कारण रिपोर्ट में तुष्टिकरण, योजनाबद्ध दंगे और डर का माहौल इस बदलाव की प्रमुख वजहें बताई गई हैं। इस रिपोर्ट में दंगों का पूरा ब्योरा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में न्यायिक आयोग को 1947 से 2019 तक 15 बड़े दंगों का दस्तावेजी विवरण मिले हैं और इन दंगों में सबसे अधिक नुकसान हिंदू समुदाय को हुआ। वहीं बाबर कालीन से जुड़े भी कुछ साक्ष्य संभल में मिले हैं।

### देशभर में जनसंख्या असंतुलन का हो रहा प्रयास

संभल दंगों पर आई रिपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संभल रिपोर्ट से सच सामने आ गया है कि देशभर में जनसंख्या असंतुलन के प्रयास हो रहे हैं। संभल में हिंदुओं की आबादी कम हुई। जहां भी सुरक्षा के एहसास का अभाव होता है, वहां पलायन होता है, डेमोग्राफी चेंज हो जाती है।

## पहलगाम की बैसरन घाटी हमले में सिर्फ तीन पाकिस्तानी आतंकी थे शामिल : एनआईए

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एनआईए अधिकारियों ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस हमले के पीछे केवल तीन पाकिस्तानी आतंकवादी शामिल थे। इससे पहले कुछ चश्मदीदों और पुलिस रिपोर्टों में चार से पांच हमलावरों की बात कही गई थी, लेकिन एनआईए की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि हमले को लश्कर-ए-तैयबा के सिर्फ तीन आतंकियों ने अंजाम दिया।

एनआईए अधिकारियों के अनुसार, बैसरन घाटी को हमले के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि यह इलाका सुनसान है, पुलिस की निगरानी कम होती है और यहां सैलानियों की आवाजाही ज्यादा रहती है। आतंकियों ने हमले से पहले इलाके की रेकी की थी और वहां छिपने व खाने-पीने के बदले दो स्थानीय ओवरग्राउंड वर्करों को तीन-तीन हजार रुपये दिए थे। इन दोनों के खिलाफ जल्द ही आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। हमले के बाद ऑपरेशन महादेव में सुरक्षा बलों ने तीनों आतंकियों को मार गिराया था। मौके से बरामद कारतूस और आतंकियों के पास से मिले कारतूसों और बंदूक के मिलान से भी यह बात पुष्टि हुई है कि वे ही इस हमले में शामिल थे। इस हमले में कुल 26 लोगों की जान गई थी, जिसने देशभर में गुस्सा और दुख फैलाया था। एनआईए ने मालेगांव ब्लास्ट केस पर बताया कि फैसले के बाद अब तक यह तय नहीं हुआ है कि एनआईए अपील करेगी या नहीं। केस की रिपोर्ट जांच अधिकारी को दी गई है और लीगल सलाह ली जा रही है। रिव्यू पिटीशन दाखिल करने की समयसीमा 30 दिन है, जिसे 90 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कपास पर आयात शुल्क की छूट 31 दिसंबर तक बढ़ाई गयी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कपास पर आयात शुल्क छूट इस वर्ष 31 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए, केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने घरेलू वस्त्र उद्योग क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास पर आयात शुल्क में अस्थायी छूट दी थी। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि इस अधिसूचना का पालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर भारी आयात शुल्क लगाने के करम सरकार के फैसले के बाद सरकार स्थानीय उद्योगों पर उसका आघात काम करने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है।

### उत्तर रेलवे ने फंसे हुए यात्रियों के लिए जम्मू स्टेशन से नई दिल्ली तक विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाई

**एजेंसी, जम्मू।** उत्तर रेलवे ने फंसे हुए पर्यटकों के लिए गुरुवार को जम्मू स्टेशन से नई दिल्ली के लिए एक विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाई है। यह कठुआ और पठानकोट छावनी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। उन्होंने कहा कि यात्री जम्मू, कठुआ और रास्ते में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों से ट्रेन में सवार हो सकते हैं। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने बताया कि फंसे हुए पर्यटकों की मदद के लिए गुरुवार दोपहर लगभग 2 बजे जम्मू से दिल्ली के लिए एक अनारक्षित विशेष ट्रेन निर्धारित की गई है।

### केरल में बना देश का पहला वरिष्ठ नागरिक आयोग

**तिरुवनंतपुरम।** केरल देश का पहला राज्य बन गया है जिसने वृद्ध आबादी के कल्याण, संरक्षण और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिये एक आयोग का गठन किया है। पूर्व राज्यसभा सांसद और कोल्लम जिला पंचायत अध्यक्ष के. सोमप्रसाद को इस आयोग का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग का मुख्यालय तिरुवनंतपुरम में स्थित होगा। अध्यक्ष और सदस्य का कार्यकाल तीन वर्ष का है जिसमें अध्यक्ष को सरकारी सचिव का दर्जा प्राप्त होगा। केरल की वाम सरकार ने यह आयोग, राज्य वरिष्ठ नागरिक आयोग अधिनियम, 2025 की धारा 3(1) के तहत गठित किया है। यह आयोग वृद्धावस्था से संबंधित सामाजिक पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए काम करेगा। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के कौशल, अनुभव और नवीन विचारों से अन्य लोगों को लाभान्वित करेगा।

# जन धन योजना ने लोगों को दिया अपनी किस्मत खुद संवारने का मौका : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- जब अंतिम छोर पर मौजूद लोग वित्तीय तंत्र से जुड़ते हैं तो पूरा देश एक साथ करता है तरक्की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन धन योजना के 11 साल पूरे होने के मौके पर गुरुवार को कहा कि इसने अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को भी वित्तीय तंत्र से जोड़ा और उन्हें अपनी किस्मत खुद संवारने का मौका दिया।

प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई थी। इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी आधिकारिक पोस्टों पर प्रतिक्रिया देते हुये श्री मोदी ने लिखा कि जब अंतिम छोर पर मौजूद लोग वित्तीय तंत्र से जुड़ते हैं तो पूरा देश एक साथ तरक्की करता है। पीएम जन धन योजना की यही उपलब्धि रही है। इसने लोगों को आत्मसम्मान दिलाया और उन्हें अपनी किस्मत खुद लिखने की ताकत दी।

वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जन धन योजना के तहत अब तक 56.21 करोड़ बैंक खाते खोले गये हैं जिनमें कुल 2,65,503 करोड़ रुपये की राशि जमा है। जन धन खाताधारकों को 38 करोड़ से ज्यादा निःशुल्क रुपे कार्ड जारी किये गये हैं जिससे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिला है। वहीं, 13.55 लाख बैंक मित्र लोगों को बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं जिनके लिए पहले बैंक जाना होता था।

### 67 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मौके पर अपने संदेश में कहा कि वित्तीय समावेशन, आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख चालक है। बैंक खातों तक सार्वभौमिक पहुंच गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में पूरी तरह से भाग लेने और इसके अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि बैंक खाते खुलने के बाद प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिये लोगों को कई तरह की सुविधाएं प्रदान की गईं। ये खाते ऋण सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और बचत एवं निवेश बढ़ाने के प्रमुख माध्यमों में से एक रहे हैं। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं, जो दिखाता है कि देश के दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले वंचित लोगों को औपचारिक वित्तीय तंत्र से जोड़ा गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जन धन योजना न केवल देश में, बल्कि पूरी दुनिया में सबसे सफल वित्तीय समावेशन पहलों में से एक रही है। निरंतर प्रयासों से हम बैंक खातों में लगभग पूर्णता प्राप्त कर चुके हैं और देश भर में बीमा और पेंशन कवरेज में निरंतर वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक अभियान शुरू किया है जिसके तहत देश की 2.7 लाख ग्राम पंचायतों में से प्रत्येक में कम से कम एक शिविर आयोजित कर उन पात्र व्यक्तियों की पहचान की जायेगी जो बैंकिंग सुविधा से वंचित हैं और जिनके जन धन खाते खुल सकते हैं।

## बिहार में नेपाल सीमा से घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी, हाईअलर्ट जारी

**एजेंसी, पटना।**

बिहार पुलिस मुख्यालय ने गुरुवार को राज्य में पाकिस्तान स्थित संगठनों के आतंकवादियों के प्रवेश की खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद राज्यव्यापी हाई अलर्ट जारी कर दिया।

वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के तीन संदिग्ध सदस्य नेपाल सीमा पार करके बिहार में घुसे हैं।

बिहार पुलिस की तरफ से साझा की गई जानकारी के अनुसार, संदिग्धों की पहचान रावलपिंडी के हसनैन अली, उमरकोट के आदिल हुसैन और बहावलपुर के मोहम्मद उस्मान के रूप में हुई है। खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि वे अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू पहुंचे थे और पिछले सप्ताह बिहार में प्रवेश किया था।



बिहार पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों की पुलिस के साथ संदिग्धों के पासपोर्ट संबंधी विवरण साझा किए हैं। सुरक्षा एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खुफिया इकाइयों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। बिहार में ऑपरेशन सिंदूर और इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए मई में भारत-नेपाल सीमा और सीमांचल जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। बिहार में मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, किशनगंज जिलों सहित सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है।

### नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**बांदीपोरा।** बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने कहा कि सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों की जवाबी गोलीबारी में दो आतंकी मारे गए हैं। अभियान फिलहाल जारी है।

## विरार इमारत हादसे में 17 की मौत

**एजेंसी, मुंबई।**



- 5-5 लाख रुपये की सहायता का ऐलान
- हादसे में बचे नौ लोगों का इलाज जारी

पालघर जिले के विरार में हुए इमारत हादसे में गुरुवार को मृतकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता दिए जाने की घोषणा की है। इस घटना में नौ लोगों को बचा लिया गया है और उनका इलाज नजदीकी अस्पतालों में हो रहा है। साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार बिल्डर को भी विरार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विरार के विजय नगर में स्थित रमाबाई बिल्डिंग का हिस्सा मंगलवार की रात को पास ही स्थित चाल पर गिर गया था। इससे चाल पूरी तरह ध्वस्त हो गई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही वसई-विरार नगर निगम की टीम और एनडीआरएफ की टीम मंगलवार रात से अब तक राहत और बचाव कार्य कर रही है। गुरुवार दोपहर में तलाशी मुहिम के दौरान इमारत के मलबे से दो और शव निकाले गए, जिससे इस घटना में मृतकों की संख्या 17 हो गई है।

### राहुल गांधी पर पटना में दर्ज हुआ केस

**एजेंसी, पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अपशब्दों के इस्तेमाल मामले में बिहार की राजनीति गरमा गयी है। इसे लेकर बिहार भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य कृष्ण सिंह कल्लू ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाना में गुरुवार को केस दर्ज कराया है। कृष्ण सिंह कल्लू ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी लगातार देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। इसी को लेकर उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दी है और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि दरभंगा में कांग्रेस व आरजेडी नेता द्वारा मंच से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

## जनसंख्या नियंत्रण पर तीन बच्चों की सीमा जरूरी : भागवत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और संतुलन समाज तथा राष्ट्र के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि हर परिवार को अधिकतम तीन बच्चों तक सीमित रहना चाहिए ताकि जनसंख्या पर्याप्त और नियंत्रित बनी रहे।

डॉ. भागवत विज्ञान भवन में गुरुवार को तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला '100 वर्ष की संघ यात्रा : नए क्षितिज' के तीसरे दिन जिज्ञासा समाधान सत्र में प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि केवल संख्या ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उसके पीछे का इरादा भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या से ज्यादा इरादा क्या है, यह महत्वपूर्ण है। जनसंख्या में असमानता कभी-कभी गंभीर परिणाम देती है, यहां तक कि विभाजन जैसी परिस्थितियां भी पैदा कर सकती है। हमें इस पर गहराई से विचार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत में जनसंख्या असंतुलन का एक कारण जबरन या लालच देकर किए गए मतांतरण भी हैं, जिन्हें रोकना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है, लेकिन यदि किसी को बलपूर्वक बदला जाता है तो यह गलत है। इसे रोकना समाज और सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।

घुसपैठ के विषय पर सरसंघचालक ने कहा कि हर देश की तरह भारत के भी अपने कानून और सीमित संसाधन हैं। ऐसे में अवैध प्रवास स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है, लेकिन समाज को भी सजग होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों की पहचान करनी होगी, शिकायत करनी होगी और उन्हें रोजगार नहीं देना चाहिए। यदि रोजगार देना है तो सबसे पहले अपने ही देश के नागरिकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### बच्चों के बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर में आई कमी: रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर में विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर छात्रों के बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने गुरुवार को यूडीआईएसई+ 2024-25 की रिपोर्ट में बताया कि प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों की रिटेंशन रेट और ट्रांज़िशन रेट में लगातार सुधार हुआ है। इसका सीधा असर यह हुआ कि बच्चों के बीच-बीच में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति घटी है और अधिक विद्यार्थी उच्च कक्षाओं तक अपनी पढ़ाई जारी रख पा रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि यह सकारात्मक बदलाव केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे नामांकन अभियान, छात्रवृत्ति योजनाएं, मध्याह्न भोजन, साइकिल/ यूनिफॉर्म/ पुस्तक वितरण जैसी पहलें और स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं में सुधार का परिणाम है।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र ने अल्जीरिया के साथ सैन्य रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



चार दिवसीय राजकीय यात्रा के आखिरी दिन सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को अल्जीरिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के प्रतिनिधि और पीपुल्स नेशनल आर्मी के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सईद चानेग्रिहा से मुलाकात की।

इस दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने, गहन सहयोग के अवसर तलाशने और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस मौके पर अल्जीरिया में भारतीय राजदूत डॉ. स्वाति विजय कुलकर्णी भी मौजूद रहे।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज ही अल्जीरिया के सैन्य प्रशिक्षण प्रमुख मेजर जनरल औमारी के साथ बातचीत की। यह चर्चा प्रशिक्षण पद्धतियों, व्यावसायिक सैन्य शिक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और अधिकारियों एवं कैडेटों के लिए संभावित आदान-प्रदान कार्यक्रमों पर केंद्रित रही। वार्ता में दोनों सेनाओं के बीच संस्थागत संबंध मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। सेना प्रमुख ने अल्जीरिया के सैन्य उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत की। इस बातचीत में भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा उत्पादन, प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**कार्रवाई** — लखनऊ के चार चिकित्सक व एक डाटा इंट्री ऑपरेटर बर्खास्त

# अनुशासनहीन व गैरहाजिर दस डॉक्टरों पर गिरी गाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- डिप्टी सीएम ने लगातार गैरहाजिर डाक्टरों की बर्खास्तगी के दिए निर्देश



अनुशासनहीन व बिना सूचना लगातार गैरहाजिर चिकित्सकों पर गाज गिरी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लखनऊ के चार डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। एक डाटा इंट्री ऑपरेटर को भी नौकरी से हटा दिया गया है। बाकी छह चिकित्सकों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

लखनऊ के नीलमथा अबर्न पीएचसी की डॉ. शिल्पी गुप्ता, कल्लन खेड़ा अर्बन आयुष्मान मंदिर की डॉ. कीर्ति राय, चौपटिया के डॉ. मोहसिन रजा, कटरा विजनवेग के डॉ. मुस्तकुल आफरीन कुरैशी व डाटा इंट्री ऑपरेटर सरिता कुमारी को बर्खास्त कर दिया गया है।

हाथरस में एनस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शालिनी गुप्ता, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनल अग्रवाल की अनुशासनहीनता और बिना बताए गैरहाजिर रहने की शिकायत हुई थी। शिकायत के आधार पर जून 2023 में चिकित्सकों को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। जांच में आरोप सही पाए गए। दोनों डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश डिप्टी सीएम द्वारा जारी किए गए हैं।

बरेली में सीएमओ के अधीन डॉ. पुनीत मेहरोत्रा, हाथरस में महौ सीएचसी के डॉ. आदित्य श्रीवास, बरेली में महिला चिकित्सालय की डॉ. अर्चना सिंह को बर्खास्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सिद्धार्थनगर में मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन तैनात डॉ. आजाद को नोटिस देकर बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, चंदौली के जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ. अशोक कुमार पर महिला कर्मियों से अभद्रता व मनमानी करने के आरोप लगे हैं। शिकायत पर डिप्टी सीएम ने डॉ. अशोक का तबादला बलिया में कर दिया। साथ ही विभागीय कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। इन डॉक्टरों को कई बार नोटिस भी दी गई थी। लेकिन जवाब नहीं दिया।

### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगे 22 अस्पताल

उत्तर प्रदेश के 22 अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। पांच करोड़ 31 लाख रुपये से उपकरण स्थापित किए जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय स्वीकृत प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। अल्ट्रासाउंड, सीआर्म, डिजिटल एक्सरे समेत दूसरे उपकरण स्थापित किए जाएंगे। जनरेटर भी क्रय किए जाएंगे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि उन्नाव, अलीगढ़, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, भदोही (2 चिकित्सालय), मुजफ्फर नगर, गाजियाबाद, फर्रुखाबाद (3 चिकित्सालय), आजमगढ़, बलिया, इटावा, संतकबीर नगर, मऊ, बाराबंकी (2 चिकित्सालय), महोबा, झांसी, गोरखपुर में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण स्थापित होंगे।

## खबरें एक नजर में

### खमरिया में झोलाछाप डॉक्टर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम मूसेपुर निवासी जहूर पुत्र कादिर ने एक झोलाछाप डॉक्टर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी डॉ. अछे लाल पुत्र बासदेव मौर्या निवासी बनियनपुरवा (थाना संकरन, जिला सीतापुर) उनके गाँव आया था। पीड़ित ने उससे अपना हाइड्रोसिल का इलाज कराने के लिए कहा। डॉक्टर ने कहा मैं कर दूंगा और भरोसा दिलाया कि पूरा जिम्मा उसी का रहेगा और किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देगा। पीड़ित का आरोप है कि इलाज के नाम पर उसने गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया और बाद में गाँव से फरार हो गया। इलाज से कोई लाभ नहीं हुआ, उल्टा उसकी हालत गंभीर हो गई। इस मामले में थाना खमरिया पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी का अपहरण, पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**मैलानी खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र में दिनदहाड़े एक किशोरी के अपहरण से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, बुधवार शाम कस्बा संसारपुर से अपने गांव अंगदपुर लौट रही किशोरी को दबंगों ने जबरन कार में बैठाकर उठा लिया। बताया जा रहा है कि किशोरी सब्जी लेकर घर लौट रही थी। जैसे ही वह बोझिया गांव के पास पहुंची, वहां घात लगाए बैठे गांव के ही इरशाद पुत्र नौशाद और ठेकेदार अशलम पुत्र इकरार, निवासी अंगदपुर थाना मैलानी ने उसे जबरन अपनी ब्रेज़ा कार संख्या यूपी32एसके8424 में बैठाया और अज्ञात स्थान की ओर फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही किशोरी के पिता ने थाना मैलानी पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया हैं कि जल्द ही पीड़िता को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रामीणों में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से दहशत का माहौल है।

### ईसानगर पुलिस ने लूटकांड का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

**ईसानगर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत ईसानगर पुलिस ने बुधवार रात हुई मोबाइल लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 27 अगस्त की रात करीब 8 बजे भरेहटा के पास बोलेरो सवार अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल फोन लूटा था। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बोलेरो संदिग्ध अवस्था में नौरंगपुर पुल के पास खड़ी है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुलफान उर्फ रहमान (22), जुबैर (20) और गुलफाम (19) निवासी जनपद सीतापुर के रूप में हुई। इनके पास से लूटे गए मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी, तीन अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए। थानाध्यक्ष निर्मल तिवारी ने कहा कि जनपद में अपराधियों और चोरों के लिए कोई जगह नहीं है। कानून के दायरे में रहकर हर अपराधी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाए।

### धौरहरा रेंज में ठेकेदारों का बोलबाला, रात के अंधेरे में कट रहे प्रतिबंधित पेड़



**धौरहरा (खीरी)।** धौरहरा रेंज क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान लगातार जारी है। ठेकेदार रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आम, पीपल, गूलर, बरगद, शीशम और जामुन जैसे पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण पेड़ों को काट रहे हैं। ताज़ा मामला थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखपेड़ा का है। ग्रामीणों के अनुसार, यहां लाखुन निवासी नाजिम सई की बाग में पहले ही लगभग 100 पेड़ काटे जा चुके हैं। वहीं, बीती रात ठेकेदार छोटकन और बड़कन ने 6 और आम के पेड़ काट डाले। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ भी योजनाबद्ध तरीके से रात में काटकर गायब कर दिए जाते हैं, और विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगती। सरकार हरियाली अभियान व पर्यावरण संरक्षण पर जोर दे रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर हो रहा कटान विभागीय लापरवाही को उजागर करता है। इस तरह की घटनाएं परिस्थितियों को गंभीर संकट की ओर धकेल सकती हैं। धौरहरा रेंजर ने बताया कि लाखुन गांव में तीन पेड़ों का परमिट जारी है, लेकिन लखपेड़ा गांव में जिन 6 पेड़ों की कटाई हुई है, उनका कोई परमिट नहीं है। मामले की जांच कराई जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्यवाही होगी। वहीं, मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर बी.पी. सिंह और फॉरेस्ट गार्ड अंबुज मिश्रा ने स्थल का मुआयना किया और ग्रामीणों से संवाद कर कहा कि अवैध कटान रोकने में उनका सहयोग बेहद जरूरी है। ठेकेदार छोटकन का कहना है कि हमारे पास 5 पेड़ों का परमिट है, अधिकारी भी जानते हैं और गोचर भी। वहीं, नाम न छापने की शर्त पर एक अन्य ठेकेदार ने खुलासा किया कि यह सब गोचरों की साठगांठ से होता है, अगर मामला दबा नहीं तो वही लोग ऊपर तक पहुंचने से पहले रोक लेते हैं।

### श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** आगामी शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य रामलीला महोत्सव को लेकर श्रीरामलीला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को राम जानकी मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में महोत्सव की तैयारियों, प्रस्तावित कार्यक्रमों, आयोजन की व्यवस्था तथा समिति की आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी एवं महामंत्री पंकज गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों को आश्वस्त किया कि इस वर्ष भी रामलीला महोत्सव को परंपरागत गरिमा, आस्था और भव्यता के साथ सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ पितृपक्ष की समाप्ति के पश्चात शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से किया जाएगा। बैठक में महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में राम जन्म, सीता स्वयंवर, राम वनगमन, सुग्रीव मिलन, संजीवनी प्रसंग, और लंका विजय जैसे लोकप्रिय प्रसंगों की जीवंत झांकियों के आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही मंचन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा अधिकाधिक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तकनीकी सहयोग और साज-सज्जा पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक जनार्दन गिरि ने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं का जीवंत उत्सव है। उन्होंने इस आयोजन को और अधिक व्यापक व प्रभावशाली बनाने के लिए नए सदस्यों को जोड़ने तथा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करता है। बैठक में समिति के वरिष्ठ सदस्य पंकज सक्सेना, राकेश तिवारी बड़े, रमेश कुमार गुप्ता, राजेश आनंद मिश्री, पंकज त्रिपाठी, सुरेश जायसवाल, ओमशंकर राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### महर्षि कश्यप ऋषि के जयंती पर स्वैच्छिक्षक ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन



**तुलसीपुर, बलरामपुर।** महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती के अवसर पर आज युवा कसौधन समाज तुलसीपुर द्वारा पैसिफिक ब्लड डोनेशन सेंटर तुलसीपुर में एक स्वैच्छिक ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किया। इस अवसर पर तुलसीपुर नगर के लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संसार में रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं है। सभी का विकल्प हो सकता है, परन्तु रक्त का कोई विकल्प नही है इसलिए किसी का जन्मदिन मनाने का इससे अच्छा कोई तरीका नहीं हो सकता है। इस अवसर पर कसौधन समाज के अध्यक्ष विजय कसौधन, राम सरन गुप्ता राधेश्याम कसौधन, प्रभाकर कसौधन, श्यामसुंदर जी आदि उपस्थित रहे।

### आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने सहकारी समिति सेखुईकला का किया औचक निरीक्षण



**बलरामपुर।** आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान डीएम पवन अग्रवाल के साथ तहसील सदर में सहकारी समिति सेखुईकला, तटबंध बेलवा सुल्तानजोत एवं निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। सहकारी समिति सेखुईकला के औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय ने यूरिया उर्वरक वितरण का सघन जायजा लिया, उन्होंने ई पॉज मशीन, स्टॉक उपलब्धता , वितरण रजिस्टर आदि देखा एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान कृषकों से वार्ता की एवं फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कृषकों को सुलभ एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत उन्होंने तटबंध बेलवा सुल्तानजोत का निरीक्षण किया एवं कटान रोधी कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण, स्लाइड स्लोप के कार्य, रिवर साइड क्रॉस ड्रेनेज कार्य आदि का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि तटबंध की सघन निगरानी की जाए एवं पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता रखी जाए। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने हाई टेंशन विद्युत लाइन को शिफ्ट किए जाने की कार्यवाही में तेजी लाए जाने एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य 2 से 3 शिफ्ट में कराया जाए। इस दौरान उन्होंने लैब में कास्टिंग क्यूब की स्ट्रेंथ चेक करा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखी। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व , अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड, एआर कोऑपरेटिव व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# लगातार चोरियों से सहमे ग्रामीण, एक ही रात चार घरों में चोरों का धावा

**भीरा और फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में बुधवार रात दो-दो घरों में चोरी गृहस्वामियों को बंधक बनाकर लूट**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा और फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार रात दोनों क्षेत्रों में चोरों ने एक साथ चार घरों पर धावा बोला। कहीं गृहस्वामी को बंधक बनाकर लूटपाट की गई, तो कहीं दीवार फांदकर चोर नकदी और जेवर समेट ले गए। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है।पिछली घटनाओं का अभी तक खुलासा नहीं सका है।

पहली घटना थाना भीरा एवं बिजुआ चौकी क्षेत्र के गांव पंचायत पिपरा खुर्द के मजरा महेंद्र नगर में चोरों ने बुधवार रात शिशुपाल राज और रंजीत के घर को निशाना बनाया। जहां परिवार के लोग घर के बाहर सो रहे थे। घर के अंदर सो रहे शिशुपाल को चोरों ने बंधक बनाकर लगभग एक घंटे तक लूट की घटना को अंजाम दिया। चोरों के जाने के बाद जब बंधक की मां घर आई तब घटना की जानकारी हुई शिशुपाल को खोलकर हल्ला मचाते हुए लोगों को एकत्रित किया तब तक चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। बक्से खुले पड़े थे,जेवर और नकदी गायब थी। दोनों घरों से चोर करीब 70 हजार रुपये कीमत का सामान और नकदी लेकर फरार हो गए।सूचना पर



पहुंचे थाना प्रभारी भीरा गोपाल नारायण सिंह और बिजुआ चौकी इंचार्ज बृजेश कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया।थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी घटना बुधवार रात को ही फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव मतईपुरवा में चोरों ने सोबर लाल और लाला राम के घरों पर धावा बोला। चोरों ने सोबर लाल के घर से 5 हजार नकद, जबकि लाला राम के घर से सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। परिवार वालों के अनुसार चोर घर के पीछे से दीवार फांदकर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। ग्रामीणों के जागने से पहले ही चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस की रात्रि गश्त सिर्फ कागजों तक सीमित है।इसी कारण चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांवों के ऊपर लगातार ड्रोन दिखाई देते है। जिसकी सूचना भी पुलिस को दी जाती है पुलिस मौके पर पहुंचकर अफवाह बताती है। निरंतर हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीण भयभीत हैं लेकिन पुलिस पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। मंगलवार रात को रायपुर गांव में कई संदिग्ध लोग दिखे थे। पुलिस को सूचना दी गई थी। लेकिन पुलिस ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई यदि पुलिस ने दिलचस्पी दिखाकर निरंतर रात्रि गस्त करती तो शायद क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर विराम लगता।

**पिछली वारदातों को लेकर अभी तक पुलिस के हाथ खाली**

4 अगस्त को रात में पड़रिया तुला में टेलर का खोखा तोड़कर चोरों ने कपड़े मशीन आदि गायब कर दिया।

18 अगस्त की रात जंगली नाथ गांव के पांच घरों में चोरी।

25 अगस्त को मलूकापुर गांव में दिनदहाड़े महिला की नाक से सोने का फूल नोच कर उचक्का फरार।

25 अगस्त की रात पहाड़पुर गांव के पंचायत भवन से उपकरण चोरी।

26 अगस्त शाम 7 बजे बस्तौली नहर मार्ग से लखरावां गांव निवासी कोटेदार नौशाद खान से छिनैती।

## संदिग्ध हालात में युवक का शव मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**निघासन खीरी।** निघासन कोतवाली क्षेत्र के सुक्खनपुरवा गांव निवासी छैल बिहारी का बड़ा बेटा विकास (22) गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। उसका शव रकेहटी-ढखेरवा खालसा मार्ग किनारे पड़ा मिला।



घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के मुताबिक विकास अपनी पल्सर बाइक से नाना लेखराम के घर से रकेहटी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। शव मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पिता छैल बिहारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार रात गांव के ही कुछ लोगो द्वारा गोली मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने रास्ते में घेरकर विकास की हत्या कर दी। सूचना पाकर प्रभारी सीओ अभिमन्यु त्रिपाठी और कोतवाल महेशचंद भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार ने बताया की प्रथम दृष्टि से एक्सीडेंट है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद मौत की असल वाजे पता चल पाएंगी शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया गया है।

## तथास्तु कृषि बाजार में इफको एमसी का स्थापना दिवस मनाया गया

**किसानों को दी गई नई तकनीक की जानकारी**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

रेहुआ चौराहे स्थित तथास्तु कृषि बाजार में इफको एमसी कंपनी की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर इफको के तत्वाधान में किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें कृषि क्षेत्र से जुड़े अनेक विशेषज्ञों और किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान महेश कुमार मौजूद रहे। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए नैनो फर्टिलाइजर की संतुलित मात्रा के उपयोग पर विशेष जोर दिया और कहा कि यह तकनीक किसानों को लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने में मददगार सिद्ध होगी। कृभको के प्रबंधक ज्ञानेंद्र यादव ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों का उपयोग पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में अधिक प्रभावी है और इससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी लंबे समय तक बनी रहती है। इफको एमसी से आए रवि त्रिवेदी ने कंपनी के गुणवत्ता पूर्ण उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, लैंडबर्ग फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक कुमार मिश्र, तथास्तु फॉर्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के श्री राजकिशोर वर्मा, ललित बाजपेई और श्री प्रदीप कुमार मिश्रा ने भी किसानों को संबोधित किया। गोष्ठी में करीब 100 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने विशेषज्ञों से अपने अनुभव साझा किए और खेती में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की। आयोजन को सफल बनाने में तथास्तु कृषि बाजार की टीम की विशेष भूमिका रही। यह आयोजन किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।

## कुंभी ब्लॉक में एफएलएन/एनसीईआरटी प्रशिक्षण संपन्न

**शिक्षकों को दी गई नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों की जानकारी**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र कंजा में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित एफएलएन/एनसीईआरटी प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का गुरुवार को सफल समापन हो गया। प्रशिक्षण का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम के मार्गदर्शन में किया गया। इस चरण में कुल 50-50 शिक्षकों के दो समूहों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार, ब्लॉक क्षेत्र के 300 शिक्षकों को कुल छह चरणों में प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को



बुनियादी भाषा एवं गणना ज्ञान के साथ-साथ एनसीईआरटी की नई शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। सुगमकर्ताओं में हिमांशु वर्मा, विनोद कुमार गौतम, आदेश शुक्ला एवं गुरबक्श सिंह द्वारा वीणा-1, गणित मेला, संतूर (कक्षा-3) जैसी पुस्तकों के पाठों की विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों को 'संशोधित निपुण लक्ष्य', 'आधारशिला क्रियान्वयन मार्गदर्शिका', 'प्रगति पत्रक भरने की विधि', चार-खंडीय पद्धति, जीआरआर मॉडल (क्रमिक उत्तरदायित्व), तथा 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' (IKS) पर भी गहन जानकारी दी गई। शिक्षकों को विशेष रूप से यह बताया गया कि बच्चों में सीखने की रुचि कैसे उत्पन्न की जाए, और कक्षा में खेल, कहानी व गतिविधि आधारित शिक्षण को किस प्रकार अपनाया जा सकता है। तकनीकी सहयोग विकास वर्मा और नवनीत वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता के साथ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

## गोला रेंज के देवीपुर में पिंजरे में कैद हुई बाघिन

**दो माह से दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

साउथ खीरी डिवीजन के गोला रेंज स्थित देवीपुर गांव में बीते कई हफ्तों से ग्रामीणों के बीच दहशत का कारण बनी बाघिन को आखिरकार वन विभाग की टीम ने पिंजरे में कैद कर लिया है। गुरुवार तड़के करीब 2 बजे बाघिन को सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बीते सप्ताह दो स्थानों पर पिंजरे लगाए थे। लगातार निगरानी और गश्त के पश्चात देवीपुर गांव के ग्रांट नंबर 11, पश्चिमी बीट में बाघिन



को पकड़ने में सफलता मिली।

बाघिन द्वारा 23 जून को रतनापुर गांव निवासी 15 वर्षीय प्रदीप पर हमला कर दिया गया था, जिसकी उपचार के दौरान लखनऊ में मौत हो गई थी। इसके अलावा, बाघिन ने आसपास के कई गांवों में दर्जनों बकरियों को शिकार बनाया था। डीएफओ संजय विश्ववाल के निर्देशन में कार्रवाई की योजना बनी थी, जिसके तहत वन विभाग की टीम ने जीपीएस ट्रैकिंग, कैमरा ट्रैप और गश्ती दल की सहायता से बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखी। अधिकारियों ने बताया कि बाघिन की चिकित्सकीय जांच कराई जाएगी, और फिर दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुरक्षित वन क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा। गांव में इस खबर के बाद ग्रामीणों में काफी राहत और संतोष का वातावरण देखने को मिला।

## बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल बलरामपुर रेफर

**उतरौला (बलरामपुर)।** बदलपुर-गैंड़ास बुजुर्ग मार्ग पर राजाजोत के पास दो युवक सड़क हादसे में घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बाइक पर सवार थे और बिना हेलमेट चल रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में जनवास पुत्र जोखू (35 वर्ष) और आशीष पुत्र फेरे (40 वर्ष) घायल हो गए। दोनों को 108 एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बलरामपुर रेफर कर दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों के सिर में चोटें



आई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से उनका सीटी स्कैन बलरामपुर जिला अस्पताल भेजकर कराया जा रहा है। ताकि बेहतर उपचार सुनिश्चित हो सके। थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग राजीव मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा लापरवाही से बाइक चलाने से हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## प्रमुख सचिव खादी ग्रामोद्योग ने सार्वजनिक उद्योग की समीक्षा की

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रमुख सचिव/नोडल अधिकारी अनिल कुमार सागर (खादी एवं ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा सार्वजनिक तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग) द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम पवन अग्रवाल की उपस्थिति में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई । इस दौरान उन्होंने प. दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, पीएम सूर्य घर बिजली योजना, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, एकीकृत बागवानी पर ड्रॉप मोर क्रॉप, विद्युत आपूर्ति, किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, नई सड़क निर्माण की प्रगति, एम्बुलेंस की पहुंच, टेलीमेडिसिन, जल जीवन मिशन की प्रगति, 15वां वित्त आयोग, 5वां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन फेज 2, ऑपरेशन कायाकल्प, गोवंश संरक्षण, कन्या सुमंगला योजना, ओडीओपी, सीएम युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, सामूहिक विवाह योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण निर्माणधीन परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक कृषकों को अच्छादित किए जाने, जल जीवन मिशन के तहत निर्माणधीन पेयजल परियोजना के कार्य में तेजी लाए जाने, पीएम सूर्य घर योजना में प्रगति लाए, कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें एवं पात्रों को योजना का लाभ प्रदान करें। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।



## भगवान गणेश की आराधना में डूबा उतरौला, गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर उतरौला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भव्य पंडालों में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। श्रीगणेश पूजा समिति ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया, जिसके बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया। जैसे ही पूजा पंडालों के पट खोले गए, गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भगवान श्री गणेशजी की भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद भगवान को मोदक और लड्डू का



भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया, जो पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना में लीन रहे।

नगर के प्रमुख स्थानों मां ज्वाला महारानी मंदिर, श्रीसिद्धिविनायक सेवा समिति गांधी नगर, श्री दुःख हरणनाथ मंदिर, श्री शिव मंदिर गोन्डा मोड़ तिराहा समेत कई अन्य क्षेत्रों में भी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इन स्थानों पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, जो भगवान गणेश के दर्शन और पूजन के लिए आए थे। उत्सव के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला अवधेश राज और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए रखी। उनकी सक्रियता और बेहतर प्रबंधन के चलते पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न किया गया। श्रीगणेश चतुर्थी के इस पर्व ने पूरे नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तिभाव का संचार कर दिया। सभी आयु वर्ग के लोग, विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे, पूजा-अर्चना और महाआरती में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते नजर आए। इस आयोजन से नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का माहौल बन गया, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

श्री गणेश चतुर्थी का यह पर्व नगर के लोगों के लिए न केवल एक धार्मिक उत्सव था, बल्कि समाज को एकजुट करने का एक माध्यम भी बना। श्रद्धा, उत्साह और प्रशासन की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह पर्व शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हुआ, जिससे नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान गणेश की कृपा का संचार हुआ।

### सोमनाथ मंदिर पर गणेश पूजन का आयोजन



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज विकासखंड के अंतर्गत पौराणिक सोमनाथ मंदिर पर गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेश पूजन महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें मंगलाचार्य मंहत जितेन्द्र वन द्वारा शुभारंभ किया गया जिसमें अध्यक्ष अमरेन्द्र जायसवाल, कामता प्रसाद मौर्य, योगेन्द्र वन, नीरज यदुवंशी, छोटू पांडेय, आंनद जायसवाल, रामजी जायसवाल, राजेश कुमार, विकास जायसवाल, रामू जायसवाल, धर्म प्रकाश पाण्डेय, प्रेम नाथआदि लोग सम्मिलित रहें।

### अदालतीं नोटिस

**सम्मन वास्ते करार दार उमूर तनकी हत कब (आदेश 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय अपर उप जिला अधिकारी महोदय नानपारा ब मुकदमा ननकऊ बनाम कुंवारे आदि।**

धारा 116 रा. संख्या 2006
ता. पेशी 04.09.2025
1. कुंवारे पुत्र हरसेवक
2. जगदीश पुत्र हर सेवक
3. परशु राम पुत्र हर सेवक
4. बाबू पुत्र राजा राम
5. श्री मती फूलमती पत्नी हर सेवक
6. मनीराम पुत्र गुरु प्यारे
7. दीपू पुत्र छिद्दू
8. राम सहारे पुत्र छेदू
9. रंगीलाल पुत्र छेदू
10. सुमन पत्नी छेदू
11. नंदरानी पत्नी रामनरेश
12. श्रीमती कृष्णावती पत्नी ब्रह्मलाल
13. श्रीमती गीता देवी पत्नी उदल
14. श्रीमती रेणु पत्नी मोतीलाल
15. मायाराम पुत्र साधू

निवासीगण डल्लापुरवा पर0 व तह0 नानपारा जिला बहराइच

16. शान्ती देवी पत्नी दयाराम उर्फ गुरु प्रसाद निवासी बढ़ैया कला दा0 भवनियापुर
17. सालिक पुत्र साधू
18. श्रीमती सुमिरता पत्नी रामसुख
19. भगवान पुत्र ढ़ोढ़े
20. मुनीजर पुत्र अवध राम
21. श्रीमती महादेवी पत्नी प्रेमी निवासी गिर्दा पर0 व तह0 नानपारा जिला बहराइच
22. मनोहर पुत्र घिराऊ
23. हलई पुत्र छापी
24. छोटे पुत्र ज्ञानी
25. परशुराम पुत्र राम आधार
26. महेश पुत्र ज्ञानी
27. सत्रोहन पुत्र राम आधार
28. श्रीमती शांति देवी पत्नी राम आधार
29. श्रीमती विमला देवी पत्नी जानी
30. हरिद्वार पुत्र राम आधार
31. रामनाथ पुत्र जोखन दास
32. कल्लू पुत्र बद्री
33. तेज कुमार पुत्र मनोहर
34. परमानंद पुत्र शंकर
35. पराग पुत्र बद्री
36. पेशकार पुत्र मनोहर
37. बुद्ध सागर पुत्र मनोहर
38 मुरली पुत्र रामदयाल
39. मोहन पुत्र बद्री
40. रमेश पुत्र मनोहर
41.रामू पुत्र शंकर
42. लखन पुत्र सरजू
43. शिव कुमारी पत्नी शंकर
44. श्याम पुत्र श्रीधर
45. भूमि प्रबंधन समिति द्वारा प्रधान ग्राम डल्लापुरवा जिला बहराइच
46. श्री मान उप जिलाधिकारी महोदय बहराइच....
47. प्रतिवादी गण

हरगाह वादी ने आपके नाम नाकिश वावत के दायरे की है कि हाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.09.2025 ई.के वावत 10बजे दिन में असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया गया हो कुल अमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हो जवाब देही का दवा करें और आपको ना कीज है कि उसे रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तकबाल करना चाहते हों।

आपको इतला दी जाती है कि जगर बरोज मुकदमा मजबूर और हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर मसमूज और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख माह के सन् 2025 को जारी किया गया।

# बड़े औद्योगिक व श्रम सुधारों की ओर बढ़ रहा यूपी : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

- राज्य के 13 अधिनियमों के 99 फीसदी आपराधिक कानून होंगे समाप्त, जल्द आएगा बिल
- राज्य में जल्द आएगा 'सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बड़े कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों के लगभग 99 फीसदी आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी कर रही है। ऐसा होने पर उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से इतने बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर-आपराधिक श्रेणी में परिवर्तित करेगा।

गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों; दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों।मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही



'सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहां पहले कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है।

बैठक में अवगत कराया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियाँ दर्ज कराई हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो।

बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा। सुधारों की श्रृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों को आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएँ जोड़ी जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और निवेशकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल का नया संस्करण शीघ्र ही लॉन्च किया जाए, जिससे ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को नई मजबूती मिलेगी।

# खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों से यूपी में हो रहा अधिक से अधिक पूंजी निवेश : केशव

- उत्कृष्ट कार्यों के लिये 5 सीडीओ को प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत स्थापित इकाइयों की थर्ड पार्टी निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश दिये है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर समयबद्ध कार्यवाही करने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 व पीएमएफएमई योजना के क्रियान्वयन में बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियो व कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये है, ताकि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य जिलो मे भी अच्छा कार्य कर सकें।

अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण व रेशम विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 व पीएमएफएमई योजना के क्रियान्वयन मे उत्कृष्ठ कार्यो के लिये 5 मुख्य विकास अधिकारियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। श्री मीना द्वारा आगरा की मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, रामपुर के मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल व मेरठ की मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है।

श्री मीना ने बताया कि इन मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र मे कृषकों की आय को बढ़ाने के क्रम में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में पीएमएफएमई एवं प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के माध्यम से समय-समय पर कृषकों उद्यमियों के प्रस्तावों का गहनता से टीम वर्क के रूप में परीक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी के रूप में इनके द्वारा किए गए इस उत्कृष्ट कार्य से उत्तर प्रदेश पीएमएफएमई योजना में राष्ट्रीय स्ट्राइकिंग रेट 70 प्रतिशत के सापेक्ष 98 प्रतिशत स्वीकृति में रहा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 में इनके प्रयासों से बैंक से समन्वय बना कर उद्यमियों को कच्चे माल की आपूर्ति विभिन्न योजनाओं से डाउटेलिंग की गयी।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है।

## खबरें एक नजर में

### डॉ. किरण बेदी ने किया ओजोन फार्मास्युटिकल्स के सीएमडी की नवीनतम पुस्तक विमोचन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ओज़ोन फ़ार्मास्युटिकल्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, श्री सी. सहगल की नोशन प्रेस द्वारा प्रकाशित बहुप्रतीक्षित किताब "13 Prescriptions for Success in Life" का विमोचन नई दिल्ली में डॉ. किरण बेदी द्वारा किया गया। यह पुस्तक श्री सहगल के कई दशकों के उद्यमशील नेतृत्व और व्यक्तिगत चिंतन पर आधारित है और इस में उनकी यह सोच भी शामिल है कि सफल होने के लिए आपको शक्ति की आवश्यकता होती है, लेकिन सफलता को बनाए रखने के लिए आपको विनम्रता की ज़रूरत पड़ती है। 27 अगस्त को Notionpress.com सहित प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म पर जारी की गई, यह किताब ऐसे अनूठे सबक समेटे हुए है जो बोर्डरूम के लिए उतने ही उपयोगी हैं जितने कि जीवन जीने के लिए। इस अवसर की गरिमा को और अधिक बढ़ाते हुए, भारत की पहली महिला आई.पी.एस. अधिकारी और राष्ट्रीय स्तर पर सेवा और समर्पण की मिसाल, डॉ. किरण बेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस पुस्तक के लोकार्पण समारोह की शोभा बढ़ाई। उनकी मौजूदगी ने पुस्तक की मूल भावना को उजागर किया – जो अनुशासन, निष्ठा और दुनिया से अलग अलग खड़े होने के साहस को प्रदर्शित करती है।

### निविदा, संविदा कर्मचारी व प्रबंधन की वार्ता स्थगित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा,संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ व पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन के बीच होने वाली वार्ता स्थगित यह जानकारी प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने दी। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व संगठन पदाधिकारियों के बीच होने वाली वार्ता को पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन द्वारा बिना कोई कारण बताए स्थगित कर दिया गया जिसकी सूचना पावर कॉरपोरेशन द्वारा देर रात में दी गई। पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन द्वारा बार-बार वार्ता का समय निर्धारित करने और उसे बिना कोई कारण बताए स्थगित कर दिए जाने से बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसको ध्यान में रखकर संगठन द्वारा 8 सितम्बर 2025 को उर्जा मंत्री ए के शर्मा जी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मिलकर कर्मचारियों कि समस्याओं से अवगत कराने के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दिया गया है। जिसमें प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों से चलकर आए बिजली के आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा भाग लिया जाएगा।

### कर वसूली अभियान में 3.66 लाख जमा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ ने बुधवार को शहर में लंबित कर बकायों की वसूली और राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से बड़ी सम्पत्तियों पर सघन कर वसूली अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश और महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न जोनों में की गई। अभियान का मुख्य लक्ष्य नगर निगम की आय में वृद्धि करना और उन संपत्ति स्वामियों पर सख्ती करना रहा, जो लंबे समय से कर जमा नहीं कर रहे थे। अभियान के दौरान जोन-1 में कई बड़े भवनों पर कार्रवाई की गई। स्टेशनरी शॉप (भवन संख्या 164/004-बीएम), किशन लाल (भवन संख्या 165/041), महफिल आरा बेगम (भवन संख्या 165/056-57/7), मोहम्मद जहूर अहमद (भवन संख्या 174/012) और राजकुमार (भवन संख्या 175/001) की सम्पत्तियों को बकाया कर न चुकाने पर सील कर दिया गया। इसी प्रकार जोन-2 क्षेत्र में भी कड़ी कार्रवाई की गई। यहां शैलेन्द्र कुमार चौधरी और सुशील कुमार चौधरी (भवन संख्या 215/343/5,5क) तथा चंद्रशेखर त्रिवेदी (भवन संख्या 278/066ख) की संपत्तियों को सील किया गया। वहीं अजगर पुत्र मोहम्मद (भवन संख्या 278/084घ) और राम चरन (भवन संख्या 269/012) से 30,000-30,000 की वसूली की गई। इसी क्षेत्र में ओमप्रकाश (भवन संख्या 274/075) से 85,000 की वसूली कर नगर निगम की तिजोरी में जमा कराई गई। जोन-3 में भी कई बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। श्रीमती शुभद्रा देवी (भवन संख्या 499/180, हसनगंज) से 20,000 की वसूली की गई। शहनाई गेस्ट हाउस (भवन संख्या 503/659-सीसी, बरौलिया) से 15,000, सिराज अहमद (भवन संख्या 498/012/001, फैजाबाद रोड) से 21,000, मुनीर आलम खान (भवन संख्या 504/058, टैगोर मार्ग) से 64,411.20, सईद अहमद (भवन संख्या 498/045, फैजाबाद रोड) से 68,195.39 और शरफ़ अली (भवन संख्या 498/143/62, फैजाबाद रोड) से 33,196 की वसूली की गई। नगर निगम के इस विशेष अभियान में तीनों जोनों से कुल 3,66,802.59 की वसूली की गई। जिन भवन स्वामियों ने बार-बार नोटिस मिलने के बाद भी कर का भुगतान नहीं किया, उनकी संपत्तियों को सील कर दिया गया है।

### रोजगार महाकुंभ निकला रोजगार मजाक : आप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में आयोजित रोजगार महाकुंभ एक बार फिर योगी सरकार की खोखली नीतियों और युवाओं के साथ हुए भयंकर छलावे की पोल खोल चुका है। इस मामले पर आप यूपी के मुख्य प्रवक्ता और प्रदेश प्रभारीआप छात्र विंग वंशराज दुबे ने सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि सरकार ने बड़े-बड़े दावे किए कि लाखों युवाओं को नौकरी मिलेगी, लेकिन हकीकत यह है कि सिर्फचुनिंदा कंपनियों में मामूली वेतन वाली नौकरियां बांटकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। युवाओं को 15 से 50 हजार की नौकरी के नाम पर घंटों लाइन में खड़ा कर अपमानित किया गया। यह 'रोजगार महाकुंभ' नहीं बल्कि 'रोजगार मजाक' है।युवाओं को नौकरी के नाम पर सिर्फअव्यवस्था और निराशा ही मिली, न इंटरव्यू हुआ और न ही नौकरी की कोई ठोस जानकारी दी गई।

# परिवहन विभाग की हेल्पलाइन के लिए नया नंबर 149 शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- टोल फ्री नम्बर 1800-1800-151 भी करेगा चौबीस घंटे व सातों दिन काम
- अब और सरलता से मिलेंगी परिवहन विभाग की सुविधाएं : परिवहन आयुक्त

दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को छोटा और आसान हेल्पलाइन नंबर 149उपलब्ध करा दिया है। अब परिवहन विभाग की हेल्पलाइन दोनों नंबर, पूर्व से संचालित टोल-फ्री 1800-1800-151 और नया नंबर 149 चौबीसो घंटेऔर सातों दिन सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसे हर नागरिक को एक ही कॉल में त्वरित, विश्वसनीय और पारदर्शी सहायता मिल सकेगी।

**इन सेवाओं के लिए करें कॉल:-** ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी), परमिट, फिटनेस, रोड टैक्स, प्रदूषण प्रमाणपत्र (पीयूसी), बीएच -सीरीज़ पंजीकरण, ई-वी सब्सिडी, आरवीएसएफ (स्क्रैप), एटीएस, एडीटीसी, ई-चालान, ई-डीएआर तथा संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों/सेवाओं की जानकारी, स्थिति और शिकायत-निवारण 149 या 1800-1800-151 पर कर सकते हैं।

इस संबंध में परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि नागरिक सुविधा को केंद्र में रखकर छोटा और यादगार नंबर '149' उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, जिसे भारत सरकार ने मान लिया है। अब '149' और 1800-1800-151 दोनों पर 24 घंटे और सातों दिन सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है सुरक्षित सड़कें, सरल सेवाएं और संतुष्ट नागरिक। हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा से शिकायत-निवारण समयबद्ध और प्रभावी बनाया जाएगा।

**नागरिक कैसे करें उपयोग**

**डायल करें** :- मोबाइल या लैंडलाइन से 149 या 1800-1800-151 डायल करें। **सेवा चुनें** :- वांछित विषय (डीएल/ आरसी/ परमिट/ फिटनेस/ टैक्स/ पीयूसी/ ईवी/ इत्यादि) चुनें और आवश्यक विवरण दें। **तुरंत सहायता** :- संबंधित जानकारी/लिंक/स्थिति का संदेश आपके मोबाइल पर प्राप्त होगा। शिकायत दर्ज होने पर तुरंत शिकायत संख्या दे दी जाएगी। **ऑनलाइन शिकायत/स्थिति**:- https://upgov.info/transport पर नई शिकायत दर्ज करें / शिकायत की स्थिति देखें विकल्प उपलब्ध है। **सुरक्षा व भुगतान संबंधी सावधानियां**:- ई-चालान अथवा अन्य राशि का भुगतान केवल अधिकृत सरकारी पोर्टलों (जैसे parivahan.gov.in) पर ही करें। विभाग का ब्लू-टिक सत्यापित व्हाट्सऐप चैटबॉट : 8005441222 है—इसी नंबर से जानकारी या सहायता लें। **संदिग्ध लिंक/कॉल से सावधान रहें** :- भुगतान के लिए उपलब्ध सभी मान्य ई-भुगतान माध्यम (जैसे यूपीआई, नेट-बैंकिंग, कार्ड, पीओएस) स्वीकार्य हैं।

# पत्रकार के घर पर हमले की फिराक में गए मुख्य आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

- आरोपी के अन्य साथी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर, सच लिखना अब पत्रकारों के लिए बना जान का खतरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार के घर पर हुए हमले ने पूरे शहर की कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। पुलिस ने इस प्रकरण में एक मुख्य आरोपी इरशाद उर्फ़ दादू को गिरफ्तार जरूर कर लिया है, लेकिन घटना में शामिल बाकी आरोपी अब तक फरार हैं। सूत्रों का कहना है कि हमले में इस्तेमाल ई-रिक्शा तक पुलिस की पकड़ से दूर है।

आपको बताते चलें जानकीपुरम निवासी वरिष्ठ पत्रकार ज़ुबैर अहमद ने जानकीपुरम थाने पर तहरीर दी थी कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षीगणों द्वारा एकराय होकर उनके घर पर जाकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद जानकीपुरम पुलिस ने तत्काल मुक़दमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ़्तार कर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं लोगों का आरोप है कि जानकीपुरम पुलिस सिर्फ एक आरोपी की गिरफ्तारी को अपनी बड़ी उपलब्धि बताकर पल्ला झाड़ रही है, जबकि बाकी हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं। जहां एक तरफ़ सीएम योगी आदित्यनाथ पत्रकारों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हैं, तो दूसरी ओर स्थानीय पुलिस की कार्यशैली साफ झलक रही है।

वहीं बात की जाए पत्रकारों की सुरक्षा की तो पीड़ित पत्रकारों के प्रति पुलिस की कार्यशैली सुस्त नज़र आती है और सच लिखने वाले पत्रकारों को धमकी दी जाती है। धमकी और गाली गलौज पर समय रहते पुलिस के एक्शन ना लेने से अपराधियों का मनोबल और बढ़ जाता है जिस से वह किसी भी घटना को अंजाम देने से नहीं कतराते।

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ और डीजीपी यूपी राजीव कृष्ण के पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति दिए गए आदेशों को दरकिनार करते हुए पुलिस का सुस्त रवैया लगातार नज़र आ रहा है। इस तरह तो कोई बड़ी बात नहीं की सीतापुर में हुई पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या की तरह मनबढ़ अपराधी राजधानी लखनऊ में भी किसी बड़ी घटना को अंजाम दे दें।

### 45 मार्गो के चालू कार्यो के लिए आठ करोड़ 28 लाख 48 हजार अवमुक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत विभिन्न मण्डलों के विभिन्न जनपदों के 45 मार्गो के स्वीकृत एवं चालू कार्यो हेतु 8 करोड़ 28 लाख 48 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है।

जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

# अमेरिकी टैरिफ उत्तर प्रदेश के निर्यातकों के लिए आपदा, ये सरकार की विफलता : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका की ओर से लगाए गए नए शुल्क को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसकी असफल विदेश और आर्थिक नीतियों का खामियाजा निर्यातकों, श्रमिकों और कारीगरों को भुगतना पड़ रहा है।

यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र को पहले से ही गंभीर रूप धारण कर चुकी बेरोजगारी की स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए छोटे, मध्यम और सूक्ष्म उद्योगों को समय पर सहायता और राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की असफल विदेश व आर्थिक नीतियों का खामियाजा निर्यातक, मजदूर, कारीगर क्यों भुगतें। सरकार समय रहते सहायता व राहत दे नहीं तो पहले से विकराल बेरोजगारी की समस्या विकट रूप धारण कर लेगी।

जब सरकार अरबपतियों पर मेहरबान हो सकती है तो लघु मध्यम व सूक्ष्म उद्योगों पर क्यों नहीं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर व्यापारियों और निर्माताओं के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जाए तो व्यापार वापस आए। उन्होंने श्रमिकों की स्थिति पर आधारित एक खबर का वीडियो भी पोस्ट किया।

# इमाम की घातक गेंदबाजी व ऐजाज की जुझारू पारी ने बेस्ट इलेवन को हराया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- खैबर क्रिकेट क्लब बना चैंपियन



प्रतिष्ठित टॉस क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मॉनसून कप 2025 के फाइनल मुकाबले में खैबर क्रिकेट क्लब ने बेस्ट इलेवन को हराकर शानदार जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम कर लिया। मुकाबले में खैबर के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद इमाम ने करिश्माई गेंदबाज़ी करते हुए 6 विकेट झटके, जबकि ऐजाज़ अब्दी ने दबाव में खेली गई अपनी 45 रनों की पारी से टीम को जीत तक पहुंचाया। पहली पारी - इमाम का जलवा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी बेस्ट इलेवन की टीम ने सलामी बल्लेबाज़ तारिक अहमद के अर्धशतक (31 गेंदों पर 53 रन, 5 चौके, 3 छक्के) की बदौलत अच्छी शुरुआत की। 6 ओवर में स्कोर 58/1 था और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था। लेकिन तभी खैबर के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद इमाम ने कहर बरपाया। उनकी धारदार गेंदबाज़ी के सामने बेस्ट इलेवन की पूरी टीम 17.1 ओवर में महज़ 119 रन पर ढेर हो गई। इमाम ने 3.1 ओवर में 25 रन देकर 6 विकेट चटकाए और मैच को खैबर के पक्ष में मोड़ दिया। दूसरी पारी - ऐजाज़ और विक्की का कमाल। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए खैबर क्रिकेट क्लब की शुरुआत डगमगाई, लेकिन ऐजाज़ अब्दी ने संभलकर खेलते हुए 45 रन (37 गेंद, 5 चौके) की महत्वपूर्ण पारी खेली। अंत में विक्की ने नाबाद 21 रन बनाकर टीम को 19.1 ओवर में जीत दिला दी। ट्रॉफी और पुरस्कार वितरण। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि श्री हसन वसीम ने दोनों टीमों के खेल की सराहना की।

उन्होंने खैबर क्रिकेट क्लब को विजेता ट्रॉफी सौंपी और मोहम्मद इमाम को मैन ऑफ द मैच घोषित किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, जुनून और टीम वर्क का प्रतीक है। आज का मैच भविष्य के सितारों का परिचय है।

# पर्यटन मंत्री जायेंगे रायबरेली, फिरोजाबाद, मैनपुरी करेंगे पर्यटन विकास योजनाओं का शिलान्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 29 अगस्त के पूर्वाहन से रायबरेली, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा के भ्रमण पर रहेंगे। कल पूर्वाहन 11:30 बजे विकास खण्ड दीनशाह गौरा प्रांगण विधानसभा ऊंचाहार जनपद रायबरेली में दुर्गा माता मंदिर में दर्शन पूजन के उपरांत पर्यटन विकास की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरान्त विशाल जनसभा कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा मनोज कुमार पाण्डेय विधायक, पूर्व मंत्री के आवास पर भी जायेंगे। इसके उपरान्त फिरोजाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

शनिवार को पूर्वाहन 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक ट्रांजिट हास्टल पीडब्लूडी पुलिस लाइन के सामने मैनपुरी में जनसुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त घंटाघर लेनगंज मैनपुरी के ग्राम सहन में थिमैटिक गेट आदि से संबंधित पर्यटन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरान्त अपराह्न 2 बजे मेजर ध्यानचंद स्टेडियम सैफई जनपद इटावा में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर एथेलीट वर्ष मीट-2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 31 अगस्त को कैम्प कार्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद में सुबह 9:30 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। सायं 05 बजे शिकोहाबाद मैनपुरी मार्ग थाना अरॉव तहसील सिरसागंज फिरोजाबाद में ठाकुर जी महाराज मंदिर के पर्यटन विकास की परियोजना का शिलान्यास करेंगे।1 सितम्बर को लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बंद घरों में चोरी करने वाले पांच चोर चढ़े मड़ियांव पुलिस के हत्थे

- टाइल्स कारीगर गैंग बनाकर कर रहा था चोरी, नाबालिग को भी रखता था साथ, इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा की टीम ने की गिरफ्तारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ के उत्तरी ज़ोन की थाना मड़ियांव पुलिस टीम ने गुरुवार को बंद घरों में चोरी करने वाले 5 चोरों को गिरफ़्तार किया है। जिनकी गैंग में 15 वर्ष का नाबालिग भी शामिल है। एडीसीपी उत्तरी जितेन्द्र दूबे ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी की लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर मड़ियांव पुलिस टीम नौबस्ता मोड़ के पास चेकिंग कर रही थी तभी गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि राधा डिग्री कॉलेज के पास चोरी के सामान के साथ कुछ लोग बैठे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्धों को गिरफ़्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक थाना मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के पास से भारी मात्रा में ज़ेवर और 4000 रुपए नग़द बरामद हुए हैं और चोरों के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पूछताछ में पहले तो आरोपियों ने पुलिस को गुमराह किया किन्तु कड़ाई से पूछताछ में चोरी करने की घटनाएं कुबूल कर ली। पूछताछ में अभियुक्तों की पहचान मुजफ्फरपुर बिहार निवासी असगर 21 वर्ष जो लखनऊ के अली नगर मड़ियांव में रहकर टाइल्स का काम करता है। मड़ियांव निवासी अदनान (20) कार मैकेनिक है। गुलाम अहमद रज़ा उर्फ़ अफरीदी (23) चिकन कारीगरी करता है। रिज़वान अहमद (30) चाय की दुकान चलाता है। वहीं इनकी गैंग में 15 वर्ष का एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बंद घरों में ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण और नगदी चोरी करते थे चोरी का सामान बाज़ार में बेचकर पैसे बांट लेते थे।

सभी आरोपियों की काम करने के दौरान ही मुलाकात हुई जिसके बाद वह गैंग बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगे। पुलिस ने इन्हें गिरफ़्तार कर कई चोरियों का खुलासा किया है। और कागज़ी प्रक्रिया सम्पन्न कर नाबालिग को संरक्षण में लेते हुए अन्य आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ़्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नितिन तालियान, संजय कुमार, शुभम तिवारी, अखिलेश सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप कनौजिया, हेड कांस्टेबल आकाश सिंह, कांस्टेबल मयंक कुमार, धीरज यादव, राम सिंह राणा रहे।



### डाबर च्यवनप्राश ने कार्यशाला आयोजित कर बच्चों को किया जागरूक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानसून के मौसम में जहां एक ओर लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत देकर तरोताजा करती है, वहीं यह मौसम कई तरह की बीमारियां भी साथ लाता है, और रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर हम इनकी चपेट में आ सकते हैं, और खासकर बच्चे इससे प्रभावित होते हैं। तापमान में कमी और नमी के स्तर में वृद्धि के कारण मानसून के दौरान संक्रमण होना एक आम बात है। इसी संक्रमण से बचने के लिये बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाये रखने के लिये डाबर च्यवनप्राश ने गुरुवार को बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी शाखा, सेक्टर -ए सीतापुर रोड योजना (निकट राम राम बैंक चौराहा) में कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान ढाई सौ से अधिक बच्चों को मानसून में सर्दी एवं खाँसी, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड और निमोनिया जैसी बीमारियों से बचने के लिये जागरूक किया गया। इस कार्यशाला में आयुर्वेदाचार्य डा. वी अरोरा, डाबर इण्डिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के मैनेजर दिनेश कुमार, स्कूल के प्रबन्ध निदेशक श्री एचएन जायसवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शुक्ला, समाजसेवी पंकज कुमार भी मौजूद थे।

# विशेश्वरगंज को बनाया जाएगा विकास का मॉडल

- विशेश्वरगंज ब्लॉक सभागार मे आयोजित हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक
- विधायक, जिलाध्यक्ष ने सीधा संदेश दिया–विकास रुकेगा नहीं, दौड़ेगा




**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

विशेश्वरगंज ब्लॉक प्रमुख वंदना पांडेय की अध्यक्षता में गुरुवार को ब्लॉक सभागार में जनप्रतिनिधियों के उत्साह से गूंज उठा। ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्यों की भारी भीड़ इस बात का संकेत थी कि अब जनता विकास की नई दिशा चाहती है। मुख्य अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी और भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने मंच से सीधा संदेश दिया–विकास रुकेगा नहीं, दौड़ेगा। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर विशेश्वरगंज को विकास का मॉडल बनाया जाएगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, कृष्ण मोहन शुक्ल, खंड विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान पम्मू पाठक, आज्ञा राम तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। जनता की आवाज़ को प्राथमिकता देने का संकल्प लेते हुए जनप्रतिनिधियों ने साफ कहा कि अब योजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग से सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रवीण पांडेय ने बताया कि मातृत्व स्वास्थ्य योजना, टीकाकरण अभियान और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को दवाओं व डॉक्टरों से सशक्त बनाने की कार्ययोजना बताई। कृषि विभाग से इंद्रसेन तिवारी ने बताया कि सिंचाई योजनाओं, उर्वरक व बीज वितरण और किसानों को आधुनिक खेती के प्रशिक्षण का रोडमैप प्रस्तुत किया। शिक्षा विभाग ने विद्यालयों में अध्यापकों की तैनाती, छात्रवृत्ति योजनाओं और स्मार्ट क्लास की दिशा में तेज़ी लाने का आश्वासन दिया। साथ ही, मर्ज किए गए विद्यालयों में बाटिका आंगनवाणी की कक्षाएँ संचालित करने का निर्णय लिया गया, जिससे छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा मजबूत होगी। ऊर्जा विभाग को गांव मे 24 घंटे बिजली आपूर्ति, जर्जर तारों के बदलने और ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने की योजना सामने रखी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि किसी भी गांव को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जायेगा।

## अवैध डग्गामारी पर लगाम लगाने में असफल परिवहन विभाग

**गोंड़ा ,समृद्धि न्यूज़।** रोक लगाने की शासन के तमाम कवायद के बाद भी ओवरलोड वाहनों का संचालन बेधड़क हो रहा है।चाहे वह मालवाहक हो या फिर सवारी वाहन से लेकर कृषि कार्य के लिए अधि कृत वाहन हो सभी पर ओवरलोडिंग की जा रही है। बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग के परिवर्तन दल सक्रिय दिख रहा है न तो पुलिस। ओवरलोड वाहन आए दिन हादसे का पर्याय बनते हैं।इसके बाद भी जिले में ओवरलाडिंग पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। मौखिक रूप से आरटीओ (परिवर्तन दल ) मोहम्मद आरिफ खान का कहना है कि वाहन पर न तो ओवरलोड सवारी बैठाना है और न ही ओवरलोड माल लादना है। यदि कोई वाहन संचालक ऐसा करता है तो उस के लेकिन अब हमारी तीन–चार महीने रिटायरमेंट का बचा है। किसी तरह समय पूरा हो जाए।अवैध टैक्सियों पर लगाम लगाकर कौन नेताओं की नाराजगी मोल ले...?

# पुलिस ने छिनैती के आरोपी को किया गिरफ्तार

- कब्जे से एक अदद एप्पल कम्पनी का मोबाइल बरामद



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

बीते बुधवार को लगभग दोपहर 1:00 बजे प्रार्थी कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी अनंत हास्पिटल, मारुति चौराहा, थाना कोतवाली नगर, गोण्डा अपने निजी कार्य हेतु बाजार जा रहे थे। जैसे ही वे मारुति चौराहा ओवर ब्रिज के पास पहुँचे, तभी कुछ व्यक्तियों ने पीछे से झपट्टा मारकर उनका कीमती आईफोन मोबाइल झपट्टा मार कर भाग गए। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 28.08.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा घटना कारित करने के आरोपी अभियुक्त अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र रामानन्द सिंह निवासी बहराइच रोड निकट हाण्डी मीट हाउस थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को रेलवे स्टेशन निकट सोनी गुमटी रोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद एप्पल कम्पन्नी का मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# मुख्यमंत्री के ओएसडी झूठे हैं : शिवम पांडेय

- मुख्यमंत्री के ओएसडी ने बोला मुख्यमंत्री बाहर गए हुए हैं आपको हम 10 से 15 दिनों के अंदर मुख्यमंत्री जी से मुलाकात करवाएंगे



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई प्रेस वार्ता सिंचाई डाक बंगला गोंडा में की गई इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि गोंडा जनपद से हम लोग छात्र कावड़ यात्रा निकाले थे जो मुख्यमंत्री आवास तक गई थी लेकिन वहां से मारपीट के हम लोगों को एक गार्डन भेज दिया गया वहां पर हमने मुख्यमंत्री को खून से भी पत्र लिखा और लगातार हम लोग 10 दिन बरसात में भी धरने पर बैठे रहे लेकिन कोई भी मिलने नहीं आया फिर लखनऊ के एसीपी ने कहा कि आप लोगों से मुख्यमंत्री मिलना चाहते हैं आप लोगों को कल मुख्यमंत्री आवास बुलाया गया है हमारा चार लोगों का डेलिगेशन जिसमें शिवम पांडे गोंडा, हिमांशु सिंह लखनऊ, अंकित निषाद अयोध्या, अभय वर्मा बाराबंकी से चार लोग मुख्यमंत्री आवास पर पुलिस के द्वारा पुलिस बैन में बैठाकर लेकर गए लेकिन जब वहां पर हम लोग पहुंचे तो हमारा सब कुछ बाहर निकलवा लिया गया 10 की नोट ले जाने नहीं दिए और अंदर मुख्यमंत्री के ओएसडी से मुलाकात करवाए मुख्यमंत्री के ओएसडी ने कहा कि मुख्यमंत्री बाहर चले गए हैं आपको हम 10 से 15 दिनों के अंदर मुख्यमंत्री जी से मुलाकात करवाएंगे और इस मांग को आपको मानसून सत्र में हम लोग लेकर आएंगे और आप लोग अपना आंदोलन खत्म कर दीजिए मुख्यमंत्री के आश्वासन पर हम सभी लोगों ने आंदोलन को खत्म किया लेकिन आज 25 दिन बीत गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई वार्ता नहीं हुई है तो हमारा यही कहना है कि मुख्यमंत्री की वह स्थिति हैं उन्होंने झूठ बोलकर हमारा आंदोलन खत्म करवाया अब हम लोग उत्तर प्रदेश के 75 जनपद के गांव में जाकर गांव में संसद का कार्यक्रम करेंगे और जनता के बीच अपनी बात को रखेंगे और जनता से मुख्यमंत्री को पत्र लिखवाएंगे जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय छात्र पंचायत प्राइवेट स्कूल के द्वारा जो फीस मनमानी की जा रही है इसके लिए सभी तरीके से लड़ाई लड़ेगा जब तक अभिभावकों को न्याय नहीं मिलेगा हम लोग कार्यक्रम करते रहेंगे वह छात्र नेता प्रदीप यादव ने बताया कि हम दिल्ली के मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं कि वह दिल्ली में फीस बिल रेगुलेशन लेकर आई और हम यह कहना चाहते हैं कि अगर दिल्ली सरकार बिल ला सकती है तो उत्तर प्रदेश सरकार बिल क्यों नहीं ला रही है।

# समिति पर यूरिया खाद लेने के लिए उमड़ी किसानों की भीड़

- प्रशासन की मौजूदगी में साधन सहकारी समिति अशरफपुर में शान्तिपूर्वक बांटा गया यूरिया



**मनकापुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

यूरिया खाद की किल्लत से परेशान किसानो को जैसे ही पता चला कि अशरफपुर समिति पर खाद आ गयी है तो किसानों की भारी भीड उमड़ पड़ी और किसानों ने खाद के लिए लाइन में खड़े हो गए।

आपको बताते चले खबर गोण्डा जिले के विकासखण्ड मनकापुर के साधन सहकारी समिति अशरफपुर से है जहां पर यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा था वहां पहुंचकर देखा गया तो खाद का वितरण बहुत ही शान्तिपूर्वक चल रहा था और वहां के मौजूद लोगो नें पूछने पर बताये कि इस समिति पर खाद का वितरण बहुत ही शान्ति से किया जाता है और सबको एक नजर से देखते हुए नंबर लगाकर लाइन में खड़े होकर एक-एक लोगो को बुलाकर खाद दिया जा रहा है। किसानों ने कहा यूरिया के बिना धान का फसल खराब हो रहा है हम लोग सरकार से मांग करते है कि ऐसी समिति पर अवश्य खाद पहुचायी जाए जहां से किसानो को आसानी से यूरिया मिल सके। और फसल अच्छी पैदा हो। वहीं कुछ किसानों का कहना है कि इस समय धान की फसल में यूरिया डालने का उपयुक्त समय है, लेकिन खाद की कमी और कालाबाजारी से उत्पादन प्रभावित हो रहा है. यदि समय पर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो फसल की बढ़वार पर सीधा असर पड़ेगा। यूरिया के सिलसिले में जब साधन सहकारी समिति के सचिव कमलेश कुमार मौर्या से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया कि जितनी बोरी यूरिया समिति पर आई थी उतनी बोरियों को एक-एक बोरी किसानों को उपलब्ध करा दिया गया है। और यूरिया खत्म होने के कारण अभी भी कुछ किसान निराश होकर घर लौट गए है और एक- दो दिन में यूरिया समिति पर आ जाएगी और फिर नियमपूर्वक शान्ति से सभी किसान भाइयों को यूरिया उपलब्ध करवाया जाएगा। यूरिया खाद के वितरण में उप निरीक्षक योगेश यादव,का0हवलदार, होमगार्ड रामनिहाल तिवारी और अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय पटेल ,अखण्ड यादव,लवकुश यादव,सहित क्षेत्र के किसान भारी संख्या में मौजूद रहे।

# बगैर गन्ना सप्लाई के भुगतान का बना रहे दबाव, केस दर्ज

- बजाज चीनी मिल प्रशासन का आरोप कूटरचित दस्तावेजों से मांग रहे गन्ने का पैसा

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड यूनिट कुन्दुरखी चीनी मिल प्रशासन द्वारा दर्जनों लोगों पर बगैर गन्ना सप्लाई किए ही 18 लाख रुपये का अवैध रूप से भुगतान लेने का मामला सामने आया है। इस मामले में चीनी मिल के सुरक्षा प्रबंधक कमलेशमणि तिवारी ने थाना मोतीगंज में तहरीर दी देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसकी जांच पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दिया है।

चीनी प्रशासन द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि पेराई सत्र 2012-13 के दौरान कांटा बाबू सकलराज सिंह और उनके परिजनों सहित 14 व्यक्तियों ने साजिशन चीनी मिल प्रबंधन को गुमराह किया गया। मिल प्रशासन ने यह भी बताया आरोपित फर्जी अभिलेख तैयार कर, कूटरचना और छल-कपट कर मिल अधिकारियों को धमकाते हुए तथा जान-माल की धमकी देते हुए बेजा भुगतान करने का दबाव बना रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया कि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा किसी भी प्रकार की गन्ना सप्लाई नहीं किया गया है। बावजूद इसके कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर गन्ना मूल्य का भुगतान करने का दबाव बना रहे है। इस बाबत थानाध्यक्ष मोतीगंज इंस्पेक्टर अरविंद यादव ने बताया कि मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है। मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी। वहीं बजाज चीनी मिल के इकाई प्रमुख ने बताया कि कांटा बाबू सकलराज सिंह द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर कूटरचना कर फर्जी पर्ची बनाई जाती थी, किन्तु गन्ने की सप्लाई नहीं की जाती थी।

यह भी बताया कि उपरोक्त लोग भूमिहीन की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में इतने गन्ने की सप्लाई किसी भी प्रकार से नहीं की जा सकती है। उन लोगों द्वारा कूट रचित व फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बिना गन्ना सप्लाई किए ही भुगतान का दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। गन्ना किसानों का कहना है कि यदि आरोप सही साबित होते है, तो यह मिल प्रबंधन के साथ-साथ गन्ना किसानों के हितों के साथ भी धोखा माना जाएगा।

## मां ने जताई आशंका, प्रेम प्रसंग में गई बेटे की जान



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी 35 वर्षीय युवक का शव गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान हो ते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की मां ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे की हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंका गया,जानकारी के अनुसार नगवा गांव के गोसाई पुरवा निवासी रामजग उर्फ लल्लन 35 बुधवार की रात लगभ ग दस बजे घर से निकले थे। गुरुवार सुबह मन कापुर–अयोध्या रेलखंड पर दुल्लापुर रेलवे क्रॉ सिंग के पास उनका शव पड़ा मिला।स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी।मृतक की मां भिखना देवी का आरो प है कि मृतक बेटे का गांव की एक शादीशुदा महिला से प्रेम–प्रसंग चल रहा था।उन्होंने आशं का जताई कि विवाद के चलते ही बेटे की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर डाल दिया गया।सूचना पर पुलिस और आरपीएफ मौके पर पहुंची। आरपीएफ सब–इंस्पेक्टर राकेश राय ने बताया कि सुबह करीब सात बजे की–मैन सतीश ने ट्रैक पर शव पड़े होने की जानकारी दी थी। वहीं एसएसओ विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से प्रतीत होती है।हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

# मेडिकल स्टोर व क्लीनिक की मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की शिकायत

**धानेपुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के त्रिभुवन नगर ग्रंट के रहने वाले अजीत कुमार चौहान पुत्र राधेश्याम ने चिकित्सा अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दे कर बताया है कि राजेश यादव पुत्र अशरफी लाल, देवारीखेरा जनपद बलराम पुर के रहने वाले हैं जो कुतुबगंज बाजार में मेडिकल स्टोर और क्लीनिक दोनों चलाते हैं। 29/ 05/2024 को औषधि निरीक्षक ने छापा मारा था, लाइसेंस व बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मेडिकल स्टोर और क्लिनिक को उसी समय सीज कर दिया गया था, इस परिपेक्ष्य में औषधि निरीक्षक की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमें के बावजूद मेडिकल और क्लिनिक संचालित किया जाता रहा।

दिनांक 14/062024 को शिकायत करता अमित चौहान पुत्र अजीत चौहान के बेटे जसवंत चौहान का गलत इलाज के चलते मृत्यु हो गई थी। पिता की तहरीर पर आरोपी डॉक्टर राजेश यादव के विरुद्ध धानेपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी इस मामले जिला कारागार में सजा याफ्ता मुलजिम बन कर रहा है। हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद पुनः मेडिकल स्टोर व क्लिनिक संचालित कर रहा था, जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से 30/102024 को की गई थी, जिसे संज्ञान में लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुजेहना के चिकित्सा अधीक्षक को जांच सौंपी गई थी। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा क्लिनिक व मेडिकल को सील करते हुए आयुक्त धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था, इतनी कारवाइयों के बाद पुनः आरोपी राजेश यादव द्वारा मेडिकल और क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी से की गई है।

# चलती बाइक में फंसा दुपट्टा गिरकर महिला की मौत

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर-इकौना मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। चलती बाइक में दुपट्टा फंसने से 30 वर्षीय महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतका खुशबू (30 वर्ष) अपने पिता मुनीजर, निवासी रणवरिया दाखिला दिगित पुरवा, थाना विशेश्वरगंज के साथ बाइक से ससुराल बाबा पुरवा बनकटी, थाना इकौना से मायके लौट रही थी। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही बाइक नेजाभार गांव के पास पहुंची, तभी खुशबू का दुपट्टा अचानक बाइक के पिछले पहिये में फंस गया। दुपट्टा फंसते ही वह असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सीएचसी पयागपुर पहुंचाया, लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र कुमार तिवारी ने संबंधित थाना पयागपुर को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके की जानकारी जुटाई। महिला की असमय मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों ने इस तरह की घटनाओं को बेहद दुखद बताते हुए सावधानी बरतने की अपील की है।

# जिले में उर्वरक की कालाबाजारी पर कार्रवाई, पांच को जेल




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- 63 केंद्रों को 10 हजार बोरी यूरिया की आपूर्ति

किसानों को उर्वरक की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सक्रिय है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि जिले में वर्तमान में 3,772 मैट्रिक टन यूरिया, 5,286 मैट्रिक टन डीएपी, 2,777 मैट्रिक टन एनपीके और 12,008 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है। जिले में अब तक 57,739 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। मंगलवार को 461 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ। गोंडा रैक पॉइंट से प्राप्त 4,200 बोरी यूरिया को विभिन्न विक्रय केंद्रों पर भेजा जा रहा है। 27 अगस्त को बीपीएसीएस सर्रामुन्दरी, खरगापुर और चफरिया संघ को 22.5-22.5 मैट्रिक टन यूरिया दी गई। खैरीदिकौली को 18 मैट्रिक टन तथा चौकसहार, बेहड़ा और फखरपुर संघ को 13.5-13.5 मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति की गई। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्रों में निरंतर छापेमारी की जा रही है। कालाबाजारी में लिप्त तीन व्यक्तियों और एक उर्वरक विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पांच लोगों को जेल भेजा गया है और 12 विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी और पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर निगरानी की जा रही है। सभी समितियों और विक्रय केंद्रों पर पुलिस, राजस्व और कृषि विभाग की देखरेख में उर्वरक का वितरण हो रहा है। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनेगा मेजर ध्यानचन्द्र का जन्म दिवस

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि हॉकी के विश्व प्रसिद्व जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र के जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। खेल विभाग द्वारा खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि 29 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे लखनऊ में मा. मुख्यमंत्री जी के आयोजित कार्यक्रम का इन्दिरा गांधी स्पोर्ट स्टेडियम बहराइच में सजीव प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का समापन 31 अगस्त 2025 को किया जायेगा। इस दौरान खेल, निबन्ध और वाद–विवाद प्रतियोगिताओं तथा योग, फिटनेस आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# तीज पर मंदिर गई विवाहिता का तालाब में मिला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मटेरा थाना क्षेत्र में एक तालाब से 20 वर्षीय विवाहिता का शव बरामद हुआ है। मृतका की पहचान नवाबगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली सुनीता के रूप में हुई है। सुनीता तीन दिन पहले तीज के अवसर पर परिवार की अन्य महिलाओं के साथ जंगली नाथ बाबा के मंदिर जल चढ़ाने गई थी। इसके बाद वह लापता हो गई थी। उसके पिता ननकऊ ने स्थानीय पुलिस में इसकी सूचना दर्ज कराई थी। गुरुवार सुबह मटेरा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर के पास स्थित तालाब में ग्रामीणों ने एक शव तैरता देखा। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नानपारा और मटेरा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया। मटेरा थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पंचायत भवन में हिंदू संगठनों के नेतृत्व में किया विरोध प्रदर्शन

- महिलाओं का आरोप-बिना महिला पुलिसकर्मियों के उनके घरों में दी गई दबिश
- पीड़ित पक्ष और विशेष समुदाय के बीच हुआ था विवाद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर बनकटी गांव में पुलिस कार्रवाई को लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि बुधवार रात पुलिसकर्मियों ने बिना महिला पुलिसकर्मियों के उनके घरों में दबिश दी और इस दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता और छेड़खानी की गई। मामला बुधवार को शुरू हुआ जब एक महिला को भगाने के आरोप में पीड़ित पक्ष और विशेष समुदाय के बीच विवाद हो गया।

पुलिस ने स्थिति को काबू में करने के लिए दोनों पक्षों को शांत कराया और करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बाद में पुलिस ने गांव में दबिश देकर लगभग एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की और दबिश के दौरान महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ किया। पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को नानपारा देहात के पंचायत भवन पर बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण जुटे। उन्होंने विभिन्न हिंदू संगठनों के नेताओं के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। प्रदर्शन का नेतृत्व बजरंग दल के दीपक श्रीवास्तव, धर्म जागरण मंच के सर्वेश कुमार सिंह और विश्व हिंदू परिषद के अशोक वर्मा ने किया। हिंदू परिषद के मनीष पोरवाल, बब्लू सिंह और श्याम जी गुप्ता सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी और सीओ प्रद्युम्न सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं और नेताओं को आश्वासन दिया कि लापता महिला को जल्द बरामद किया जाएगा और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# मगरमच्छ ने नदी किनारे से बच्चे को खींचा एनडीआरएफ की टीम कर रही तलाश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। आंबा गांव में बुधवार शाम को एक मगरमच्छ 14 साल के किशोर को नदी में खींच ले गया। घटना के समय किशोर अपनी चाची के साथ गेरूआ नदी के किनारे हल्दी के खेत से घास काट रहा था। चाची राजकुमारी के मुताबिक, शाम करीब 6 बजे अचानक नदी से निकले मगरमच्छ ने उनके भतीजे अनिल पर हमला कर दिया। उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई। लेकिन तब तक मगरमच्छ अनिल को नदी के गहरे पानी में खींच ले गया। सुजौली थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक मंजेश कुमार, अक्षेलाल यादव, दीवान आत्माराम और दीवान अमरजीत के नेतृत्व में टीम ने वन विभाग के साथ मिलकर नाव से तलाश अभियान चलाया।गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम भी बचाव कार्य में जुट गई है। घटना के 20 घंटे बीत जाने के बाद भी किशोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। नदी में लगातार तलाश अभियान जारी है।

## त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस लाइन में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार को पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा ने क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह के साथ नगर क्षेत्र के सभी थाना /चौकी प्रभारी की उपस्थिति में आगामी त्यौहार गणेश पूजा, गणेश प्रतिमा विसर्जन के सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले व्यवस्थापक, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वालेंटियर और डीजे मालिको/ संचालकों के साथ वार्ता कर शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी को अवगत कराया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए रोड से उचित दूरी बना के पंडाल को स्थापित किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### राहुल गांधी का पुतला दहन करने आए थे भाजपा कार्यकर्ता, पुलिस से हो गई झड़प



**रायबरेली।** बिहार में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में रोष है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार की दोपहर शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे पर सांसद व नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी का पुतला दहन करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं से पुतला छीनकर उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। इस दौरान पुलिस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की व नोक झोंक भी हो गई। इस पर नाराज होकर कुछ कार्यकर्ता चौराहे पर ही बैठ गए।भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए और प्रधानमंत्री के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### बिहार में कांग्रेस की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को गाली देने पर भड़के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह



**रायबरेली।** बिहार में कांग्रेस की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे जाने को लेकर सियासत गरमा गई है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को गाली देना भारत की संस्कृति नहीं है। मंत्री सिंह ने कहा कि राजनीति में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मर्यादा और गरिमा बनाए रखना हर किसी की जिम्मेदारी है। 卐प्रधानमंत्री देश के सर्वोच्च नेता हैं और उन्हें अपमानित करने की कोशिश जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। यह आचरण कांग्रेसियों के लिए शोभनीय नहीं है,卐 उन्होंने कहा। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर भी सवाल उठाए और कहा कि यह सब कुछ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में हुआ, जो बेहद शर्मनाक है। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज जनसमर्थन खो चुकी है और ध्यान आकर्षित करने के लिए स्तरहीन राजनीति कर रही है।

### सीतापुर में पुनः शुरू होगा ऐतिहासिक भरत-मिलाप का कार्यक्रम



**सीतापुर।** भरत मिलाप का कार्यक्रम सीतापुर में 2 अक्टूबर एवं 3 अक्टूबर 2025 को आयोजित होगा। भरत मिलाप कार्यक्रम के निमित्त एक बैठक का आयोजन 27 अगस्त को नेहरू हॉल में किया गया। इस बैठक में आयोजन समिति का गठन हुआ, जहां पर सर्व सम्मति से अमित बाजपेई मीतू को कार्यक्रम का अध्यक्ष एवं राकेश त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा को कार्यक्रम का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया, साथ ही 11 सदस्यों का संयोजक मंडल बनाया गया। बैठक मे उपस्थिति वरिष्ठजनो ने अपने विचार व्यक्त किये बैठक को सम्बोधित करते हुए विशंभर दयाल तिवारी ने कहा की कार्यक्रम को भव्य बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है और उसमें पूर्ण सहयोग करेंगे। यतींद्र अवस्थी बब्लू ने कहा की कार्यक्रम को सभी सनातनी भाइयो के सहयोग से भव्य एवं दिव्य बनाया जाएगा। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना प्रमुख विकास हिंदू ने कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यम से नई पीढ़ी को अपने धर्म के विषय मे जानकारी एवं महत्व के बारे में बताना अति आवश्यक है। आज के समय में समाज में जो समस्याएं उत्पन्न हो रही है उसमें लोगों का धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों दूरी बनाना मुख्य कारण है। इस बैठक मे प्रमुख रूप से राहुल जायसवाल, अनुभव पाण्डेय, आशीष शास्त्री, प्रदीप शुक्ला, राहुल मिश्रा, संजीव अग्रवाल, आकाश मिश्रा, वीरू मिश्रा, संदीप भारतिया, श्रवण बाजपेई, जया सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अवस्थी, शुभम त्रिपाठी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्कूल जाते समय 10वीं का छात्र लापता, परिजन परेशान

**खीरों,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम अहिलवा-दुकनहा निवासी एक किशोर छात्र रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। ग्राम अहिलवा-दुकनहा निवासी रामबिलास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा उदयराज (15) श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शास्त्री नगर, खीरों में कक्षा 10 का छात्र है। रोज की तरह वह बुधवार को सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन वह स्कूल नहीं पहुँचा और रास्ते से ही कहीं लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका से परेशान परिवार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है। तहरीर के आधार पर अज्ञात किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर लिया है। बाकी सभी तथ्यों पर जांच की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई युवती

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती के लापता होने की खबर मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार युवती के परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति बृजेश कुमार यादव पर बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि युवती के पिता मजदूरी करने गए थे और उसकी मां खेत में काम करने गई थी। घटना बीते 22 अगस्त की बताई जा रही है जब युवती की मां खेत से घर लौटी तो युवती घर पर नहीं मिली। परिजनों ने रिश्तेदारों से लेकर अन्य जगहों तक उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। कहीं अता पता न चलने पर परिजनों ने थाना प्रभारी संग्रामपुर को लिखित तहरीर देकर बताया कि युवती को पड़ोस का ही बृजेश कुमार यादव अपनी मां बहन और भाभी की मदद से अपने साथ लेकर गया है और युवती जाते समय घर में रखे हुए 40 हजार रुपए नकद और जेवरात भी साथ ले गई है। थाना प्रभारी संग्रामपुर अखिलेश सिंह ने बताया कि बृजेश कुमार यादव एवं उसके परिजनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र भाले सुल्तानी शहीद स्मारक के अंतर्गत रानीगंज कस्बे में ओवरब्रिज के नीचे बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 4 बजे तेज रफ्तार अज्ञात बस ने बाइक सवार दो अधेड लोगों को रौद दिया स्थानीय लोगों की सहायता से एम्बुलेंस से आनन फानन में घायलों को निकट के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे ग्राम व थाना असंद्रा जनपद बाराबंकी निवासी वर्षीय हुसैन मुज्तबा और अमीरुल हसन पुत्र जैनुल हसन के रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 3:00 बजे घर से निकलकर मनियारपुर थाना बंधुआकला जनपद सुल्तानपुर जा रहे थे कि सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। रिश्ते में चाचा भतीजे की मौत के कारण अस्पताल पहुंचे लोगों में कोहराम मचा हुआ था। इस संबंध में थाना अध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया अज्ञात बस की तलाश की जा रही है।

### खाद्य सुरक्षा की छापेमारी से बाजार में हड़कंप

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में सहायक आयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा सतीश शुक्ला के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर द्वारा थाना क्षेत्र फुरसत गंज के अंतर्गत ग्राम पीढ़ी स्थित पूनम स्वीट हाउस एवं रेस्टोरेंट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि दुकान पर रंगीन फिंगर चिप्स की बिक्री की जा रही थी। जिसमें मिलावट की आशंका के चलते उक्त दुकान से फिंगर चिप्स का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। निरीक्षण के समय दुकान के मालिक एवं संचालक लोकेश कुमार मौजूद थे, निरीक्षण में पाया गया कि दुकान के मालिक लोकेश कुमार के पास खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत उनके प्रतिष्ठान का आवश्यक खाद्य पंजीकरण नहीं है। वे बिना पंजीकरण कराए ही दुकान चला रहे हैं। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का असर पूरे कस्बे में देखने को मिला लोग अपनी अपनी खाने पीने की दुकानें बंद कर गायब होते नजर आए।

# पीएम सूर्य घर योजना: पीएम की साख पर बट्टा लगा रहें बैंक

- बैंकों की मनमानी की वजह से मंडल में दूसरे नंबर पर अटके हुए है हम
- बैंकों की आस सब्सिडी का कुछ अंश आ जाए मेरे पास
- बैंकों की हीलाहवाली से ग्राहकों की बढ़ रही परेशानी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जिसे फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया था, भारत को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मन गया है। इस योजना का लक्ष्य 2027 तक एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करना है।

**ग्राहकों के लिए रामबाण साबित हो रही सब्सिडी:** सरकार सोलर पैनल की स्थापना के लिए सब्सिडी 1-2 किलोवाट सिस्टम के लिए 30,000 से 60,000 रुपये और 3 किलोवाट के लिए 78,000 रुपये तक और कम ब्याज दरों पर बैंक लोन की सुविधा प्रदान कर रही है। योजना ने लाखों लोगों को आकर्षित किया है, और अब तक 1.30 करोड़ से अधिक पंजीकरण और 18 लाख आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

**तय लक्ष्य तक न पहुंच पाना....बैंकों की बड़ी लापरवाही:** इस महत्वाकांक्षी योजना की राह में बैंकों की हीलाहवाली एक बड़ी बाधा बनकर उभरी है, जिसके कारण ग्राहकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस लेख में हम उन समस्याओं और उनके संभावित समाधानों पर प्रकाश डालेंगे। पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल स्थापना के लिए कम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराने का प्रावधान है। लेकिन कई बैंकों में लोन स्वीकृति प्रक्रिया धीमी और जटिल है। आवेदकों को बार-बार दस्तावेज जमा करने, अतिरिक्त जानकारी देने और लंबे समय तक इंतजार करने के लिए कहा जाता है। इससे कई लोग हताश होकर योजना का लाभ लेने से पीछे हट रहे हैं।






#### गदागंज की यूको बैंक ने एक ही वेंडर से करवाई 40 फ़ाइलें

भ्रष्टाचार का आलम यह है कि गदागंज में संचालित यूको बैंक का आलम यह है कि बैंक क्षेत्र का निवासी एक ग्राहक का अकाउंट उनके बैंक में चल रहा है यहां तक की एफडी भी वही चल रही है ग्राहक शहर क्षेत्र में निवास करता है और दूसरी बैंक में अकाउंट नहीं खुलवाना चाहता उसने जब अपनी फाइल वहां की बैंक में जमा की तो वहां की मैनेजर का कहना है कि हम लोग सिर्फ यहां के लोकल वेंडर के साथ ही काम करते हैं बाहर की वेंडर के साथ हम लोग काम नहीं करते जबकि शासन की दिशा निर्देश के अनुसार नेडा में रजिस्टर कोई भी वेंडर कहीं पर भी कार्य कर सकता है। यह जांच का विषय है कहीं ना कहीं बैंकों की अधिकारी और कर्मचारी शासन की तरफ से मिलने वाली सब्सिडी पर भी अपना हक समझते हैं और बिना उसका कुछ अंश लिए वह फाइल पास नहीं करते।

#### बैंकों की मनमानी की एक बानगी ये भी....

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर बैंक लगातार मनमानी पर उतारू है सूत्रों की माने तो जिले में संचालित बैंक के मैनेजर और फील्ड ऑफिसर एक फाइल पर?5000 लेते हैं ग्राहक की फाइल को पास करने के लिए, यही नहीं ये भी आरोप लग रहे है जब भी कोई भी ग्राहक पैसा नहीं देता है तो उसे बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं जिसका एक जीता जागता उदाहरण जिले की गोल चौराहे पर स्थापित बैंक ऑफ़ बड़ौदा का है यहां पर जब एक ग्राहक की फाइल को पीएम सूर्य घर योजना के तहत जमा किया गया तो फील्ड ऑफिसर का कहना है कि इस फाइल को होने में कम से कम डेढ़ से 2 महीने लगेंगे इसके बाद उन्होंने कहा कि इनका अकाउंट मुख्य शाखा में है तो आप इनके फाइल को वहीं पर करवाइए। ये एक शाखा का हल नहीं है ऐसा ही मामला पंजाब नेशनल बैंक के एलआईसी शाखा का भी है जहां पर ग्राहक की फाइल लगभग 15 दिन से पड़ी है अभी तक उस पर लोन की कार्रवाई नहीं की गई वहां के बैंक मैनेजर इंफ्रास्ट्रक्चर का रोना रोते हैं। जबकि सूत्रों का कहना है कि इंफ्रास्ट्रक्चर तो एक बहाना है सब्सिडी का कुछ अंश पाना है।

> प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत जिले में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है मंडल में हम लोग द्वितीय स्थान पर है, यदि बिजली विभाग और बैंक कर्मचारी प्रधानमंत्री की इस योजना को आगे बढ़ाने में हीलाहवाली करते है और उनकी शिकायत मिलती है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।
> **-अर्पित उपाध्याय, सीडीओ रायबरेली**

## भवन का कार्य पूर्ण कराकर उसका उपयोग जनहित में किया जाए

- अपूर्ण भवन के पूर्ण होने से जनसमुदाय को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं: जिलाधिकारी



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने खोर स्थित अपूर्ण भवन का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि इस भवन का निर्माण प्राथमिक विद्यालय हेतु विगत कई वर्षो पूर्व कराया गया था, लेकिन भवन का निर्माण कार्य पूर्ण न होने की वजह से इसका उपयोग जनहित में नहीं किया जा सका। डीएम ने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह को निर्देशित किया कि अपूर्ण प्राथमिक विद्यालय की संरचना को पूर्ण करने के लिए इस भवन में विद्यार्थियों को पढ़ने हेतु लाइब्रेरी के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों को शामिल करते हुवे जनहित के उपयोग हेतु इस भवन का आवश्यकतानुसार एस्टीमेट बनवाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए, जिससे कि भवन का उपयोग जनहित में किया जा सके। डीएम ने कहा कि अपूर्ण भवन के पूर्ण होने से जन समुदाय को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं और इस भवन का उपयोग किया जा सकता है।

**सिस्टम की लाचारी!**

## सीएचसी में मोबाइल की टॉर्च से मरीजों का इलाज

- तीमारदार जलाते है मोबाइल टार्च की लाइट... तब डॉक्टर करते है इलाज
- सीएचसी की लापरवाही- गंभीर मरीज का इलाज मोबाइल की लाइट में, बत्ती गुल, जनरेटर खराब

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर होने के तमाम दावे किये जाते हैं लेकिन समय-समय पर ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं जो सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल रही हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ की स्वास्थ्य सेवाएं इतनी लचर हो गई है कि मरीज का इलाज मोबाइल की फ्लैशलाइट में किया जा रहा है यहां पर संसाधनों का इतना अभाव है कि रात के समय लाइट कट जाए या टेक्निकल फॉल्ट आ जाए तो मरीजों का इलाज कराने के लिए तीमारदारों को मोबाइल टार्च जलाकर रोशनी करनी पड़ती हैं तब जाकर उनके मरीजों का इलाज होता है इससे संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं जहां एक तरफ सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ सुविधा देने के लिए करोड़ों खर्च कर रही है वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ का कुछ अलग ही नजारा है यहां रात के समय इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का इलाज मोबाइल की फ्लैशलाइट में किया जा रहा है बिजली की औपचारिक व्यवस्था न होने से अस्पताल परिसर अंधेरे में खो गया



मोबाइल की लाइट जलाकर तीमारदार अपने मरीज को हाथ से पंखा करते हुए बीमार को लाइट आने पर इलाज की सांत्वना देते दिखाई पड़े अस्पताल के चिकित्सकों एवं मरीज को संसाधन की कमी से जूझना पड़ रहा हैं मरीजों के इलाज के नाम पर केवल औपचारिकता ही की जाती है ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं अंधेरे में इलाज के दौरान मरीजों के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को डलमऊ क्षेत्र के सराय दिलावर निवासी कृष्ण कुमार पुत्र लक्ष्मी शंकर जायसवाल उम्र लगभग 40 वर्ष रात के समय अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर फतेहपुर मार्ग पर किसी काम से जा रहे थे जैसे ही वह नेवाजगंज गांव स्थित गीता हॉस्पिटल के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे ट्रक की तेज रोशनी आंखों में पड़ने के कारण वह बड़े गड्ढे मैं चला गया जिससे वह उछल कर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने रात्रि लगभग 8:30 बजे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर बिजली न होने के कारण वहां पर मौजूद परिजनों को मोबाइल फोन की रोशनी में इलाज करवाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मरीज के परिजनों ने अपने मोबाइल के टार्च जलाकर रोशनी की ताकि डॉक्टर मरहम-पट्टी और अन्य प्राथमिक उपचार कर सकें। वही इलाज कराने आए अन्य मरीज गंभीर रूप से परेशान रहे घायल युवक के परिजनों ने बताया कि घंटों तक अस्पताल में लाइट नहीं थी पूरा अस्पताल अंधेरे में डूबा था। किसी तरह से मोबाइल की रोशनी में उपस्थित स्टाफ ने इलाज किया ।इस तरह की घटिया व्यवस्था को लेकर तीमारदारों में काफी रोष व्याप्त रहा।

#### गंभीर सवाल और अस्पताल की लचर व्यवस्था

यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्यों अस्पताल में बिजली जाते ही जनरेटर नहीं चलाया जाता है क्या अस्पताल प्रशासन के पास बैकअप पावर का कोई इंतजाम नहीं हैं? या अगर है भी तो वह क्यों निष्क्रिय है। मरीजों के जान की परवाह किए बिना अस्पताल की यह लापरवाही उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने जैसी है यह घटना न केवल अस्पताल की लचर व्यवस्था को दर्शाती है बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि आखिर सरकार के स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे कितने सच्चे हैं।

#### जनरेटर बना शोपीस

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं इमरजेंसी सेवाओं के लिए अस्पताल में लगाया गया जनरेटर शो पीस बनकर खड़ा हुआ है यह अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का ही नतीजा है की रात के अंधेरे में यदि कोई मरीज इमरजेंसी में इलाज के लिए आता है तो अंधेरा होने पर जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था होने के बाद भी इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है ऐसी स्थिति में तीमारदार मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर अपने मरीज का इलाज करा रहे हैं।

## श्री खभेश्वर नाथ सेवा समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



**बिसवां, सीतापुर।** श्री खभेश्वर नाथ सेवा समिति के तत्वाधान में मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया । यह शिविर स्व मृदुल अवस्थी और स्व डॉक्टर नीरज अवस्थी की स्मृति में आयोजित हुआ। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर अविजीत मिश्रा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ो मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई। मौके पर भारी संख्या में लोगों ने कैंप का लाभ उठाया ।समाजसेविका डॉ सरला अवस्थी ने बताया समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर समय समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। टीम में डॉ अविजीत मिश्रा, डीआर एक्स शिवम द्विवेदी, डॉ राम मिलन, योगेन्द्र, विवेक, सिद्धार्थ आदि थे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेविका डॉक्टर सरला अवस्थी, कमलेश मिश्रा, कौशल किशोर मिश्रा, रविंद्र कृष्ण मिश्रा, राजू, धनेश तिवारी, हरिओम बाजपेयी, कुलदीप अवस्थी, विजय अवस्थी, रवि, एसके कठेरिया सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से 7 जोड़े पुनः साथ रहने को हुए राजी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह तथा उनकी टीम के प्रयास से 7 वैवाहिक जोड़े एक साथ रहने को राजी हुए। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों के बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को फिर से एक साथ रहने के लिए समझाया गया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह के प्रयास से 7 विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए, तथा थाना प्रभारी व जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह व उनकी टीम द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## तो क्या बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा पब्लिक हॉस्पिटल?

- कुछ दिन पहले निजी अस्पताल में फोर्थ क्लास का काम करने वाला बन बैठा हास्पिटल संचालक कर रहा डॉक्टरी?




**हरगांव, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में मरीजों की सेहत से हो रहे खिलवाड़ पर स्वास्थ्य विभाग जहां समय-समय पर कार्यवाहियां करता रहता है उसके बावजूद भी जनपद में बेखौफ होके मानको को दरकिनार कर धड़ल्ले से हॉस्पिटलों का संचालन होता रहता है। आखिर क्या कारण है जो बेखौफ होकर बिना मानकों को पूरा किए हुए बगैर डॉक्टर के हॉस्पिटलों का संचालन होता रहता है?

प्राप्त जानकारी के अनुसार पब्लिक हॉस्पिटल निकट चीनी मिल पिपरा गेट के सामने लखीमपुर रोड हरगांव सीतापुर क्या रजिस्टर्ड चिकित्सक डॉक्टर नहीं बैठते हैं और संचालक द्वारा मनमानी तरीके से किया जाता है इलाज। जो एक चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर संदीप यादव जो पहले एक निजी अस्पताल में फोर्थ क्लास का काम करते थे। और वही एक नर्स जो पूर्व में जिला अस्पताल में काम करती थी। जो अब पब्लिक हॉस्पिटल में डॉक्टर बनकर बैठे हुए हैं और आम जनता के स्वास्थ्य के साथ क्या खिलवाड़ कर रहे हैं। जो जनता के लिए एक सवाल बना हुआ है। यदि कोई डॉक्टर की जानकारी जानना चाहता है तो अपनी दबंगई के दम पर उसको धमकी देते है आप कौन होते है जानकारी लेने वाले आपको क्यों बताएं। आखिर क्या मरीज का इतना भी अधिकार नहीं है कि डॉक्टर से पूछ सके कि आपकी क्या डिग्री है। या फिर आप झोलाछाप डॉक्टर बन कर बैठे हुए हैं और बड़ी-बड़ी डिग्री के दावे कर रहे हैं जो जनता के लिए एक प्रश्न चिन्ह खड़ा है। अब देखना यह है जनपद में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा इस पर क्या संज्ञान लिया जाता है या फिर इसी प्रकार से पब्लिक हॉस्पिटल के संचालक द्वारा भोली भाली जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जाता रहेगा। और जिम्मेदार मौन धारण किए रहेंगे। जनता जवाब चाहती है।

जब इस संबंध में डिप्टी सीएमओ मनोज कुमार देशमणि से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव ने ग्रहण की शपथ



**सीतापुर।** हाल ही में संपन्न हुए मिश्रिख नगर पालिका उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव का शपथ ग्रहण समारोह मिश्रिख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भाजपा की विजय उम्मीदवार को बधाई दी साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी के स्पष्ट विजन पर विस्तार से प्रकाश डालकर लोगों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी की करनी और कथनी समान है विकास और जनसम्मान की रक्षा भारतीय जनता पार्टी का मुख्य एजेंडा है और भाजपा अपने एजेंट से कभी पीछे हटने वाली नहीं उन्होंने बताया कि जिस तरह से मिश्रित तीर्थ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताकर यहां भाजपा के प्रत्याशी को विजई बनाया है भाजपा भी विकास करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने नगर पालिका परिषद के अंतर्गत सभी मतदाताओं का आभार भी जताया। कार्यक्रम को मिश्रिख सांसद अशोक रावत, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, अध्यक्ष सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, विजय भार्गव सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में आयुष समिति की बैठक आयोजित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों, चिकित्सालयों के उच्चारण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान समय में 18 आयुर्वेदिक चिकित्सालय, 9 यूनानी चिकित्सालय और 22 होम्योपैथी चिकित्सालय संचालित हैं। इसके अतिरिक्त 12 आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालित हैं तथा 6 आयुष सेंटरों में हर्बल गार्डन की स्थापना की गई है, जहाँ नियमित रूप से योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास भी कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आयुष चिकित्सालयों में मरीजों को मूलभूत सुविधाएँ एवं आवश्यक दवाएँ समय पर उपलब्ध कराई जाएँ। साथ ही जिन चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, उन्हें समिति के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र हैंडओवर लेने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आकस्मिक दबिश में पकड़ी गई 38 ली अवैध कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-ब्रम्हनी, महरनियां तथा केशवपुर, रेसी में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र- तिलोई में थानाङ्कफुरसतगंज के अंतर्गत ग्राम-ब्रम्हनी, महरनियां से कुल 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 250कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया द्य साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई, एवं आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ सुबोध कुमार, कौशल सिंह, राजेश सिंह, मनोज कुमार आदि दबिश में सम्मलित रहे।



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं: 12-DYCEGA-2025**
उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है:-
**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: गोरखपुर में:- उप मु.इं./गो.क्षे. के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आवासों के खिड़कियों में मच्छर रोधी जाली का प्रावधान। अनुमानित लागत (रू.में.): ₹ 1,58,90,711.68, बयाने की राशि (रू.में.): ₹ 2,29,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.): ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 09 माह
**कुल योग: ₹ 1,58,90,711.68**
● ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 19-09-2025 को 11:00 बजे। ● ई-निविदा की बिडिंग तिथि 05-09-2025 से 19-09-2025 समय 10:59 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ● यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे., गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू-222
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## आपदा में अवसर

रूसी कच्चा तेल खरीदने पर सबक सिखाने के मकसद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा थोपे गए पचास फीसदी टैरिफकल से लागू हो गए। निस्संदेह, यह भारतीय आर्थिकी की सहनशक्ति हेतु अग्निपरीक्षा है। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते भारत को अपनी संप्रभुता की रक्षा का अधिकार है। हमने दबाव में आए बिना चुनौती का मुकाबला किया है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया का उद्घोष किया है। सरकार ने फ्री ट्रेड के नाम पर भारतीय बाजार में खाद्यान्न व दुग्ध उत्पाद खपाने के अमेरिकी मंसूबों पर पानी फेरा है। भारत ने स्पष्ट किया है कि भारत किसानों, दुग्ध उत्पादकों और लघु उद्योगों के हितों से किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। इसके बावजूद आशंका है कि नये टैरिफलगाने का कपड़ा, चमड़ा व रत्न–आभूषण जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते लाखों भारतीयों के रोजगार पर खतरा मंडरा सकता है। निस्संदेह, पचास फीसदी टैरिफलगाए जाने से भारतीय उत्पादों की लागत में काफी वृद्धि हो जाएगी, जिसके चलते वहां उपभोक्ता अन्य देशों के सस्ते उत्पाद तलाश सकते हैं। दरअसल, इन टैरिफों से भारत की दोहरी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अमेरिका न केवल भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है, बल्कि ऐसा साझेदार था, जिसके कारोबार का करीब 45 अरब डॉलर का अधिशेष भारत के पक्ष में था। वहीं दूसरे बड़े व्यापार साझेदार रूस व चीन के साथ हम व्यापार घाटे की स्थिति में हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से सस्ता तेल आयात कर भारत द्वारा अर्जित मौद्रिक लाभ को अमेरिका निशाने पर ले रहा है। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में भारत सरकार की तात्कालिक प्राथमिकताएं कपड़ा, चमड़ा और रत्न–आभूषण के लिये निर्यात खपाने वाले वैकल्पिक बाजारों की तलाश करना होना चाहिए। इसके अलावा प्रभावित व्यावसायों को वित्तीय सहायता प्रदान करके लाखों नौकरियों को बचाने की जरूरत है। साथ ही अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को पटरी पर लाने का प्रयास हो। दरअसल, भारतीय चिंता यह है कि नये टैरिफसे अमेरिका के साथ होने वाला 66 फीसदी निर्यात प्रभावित होने जा रहा है। ऐसी स्थिति में जब अमेरिका को होने वाले बीस फीसदी भारतीय निर्यात पर टैरिफप्रभाव दिख रहा है,तो इसका असर भारतीय अर्थव्यस्था पर होना लाजिमी है। निर्यात में कमी आने से देश में बेरोजगारी बढ़ सकती है। चिंता की बात यह है कि टैरिफसे अधिक प्रभावित होने क्षेत्र सघन श्रम वाले हैं, जिससे लाखों रोजगारों पर असुरक्षा की तलवार लटक सकती है। स्थिति साफ है कि भारतीय उद्योग इस टैरिफके बोझ को सहन करने की क्षमता नहीं रखते। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका के टैरिफयुद्ध से यूरोप समेत दूसरे देश भी खासे प्रभावित हैं। उत्पादों का अतिरेक पैदा होने से कीमतों में गिरावट आ सकती है और अन्य देश भी टैरिफलगाने को बाध्य हो सकते हैं। वहीं चीन आदि सस्ते उत्पाद बेचने वाले देशों से हमारी स्पर्धा बढ़ सकती है। वहीं टैरिफ वॉर तथा रूस–यूक्रेन युद्ध व मध्यपूर्व में जारी संघर्ष से वैश्विक आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत में नये निवेश की संभावनाएं भी कम होंगी। जो भारतीय आर्थिकी की मुश्किल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री सुधार, प्रदर्शन और बदलाव बढ़ाने का आह्वान कर रहे हैं, लेकिन भारत में बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधारों की जरूरत है। हालांकि,मोदी सरकार ने जीएसटी सुधारों की बात की है, लेकिन इससे आगे बढ़कर बड़े व तत्काल सुधारों की जरूरत है। आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों को आर्थिक सुधारों से ही गति मिल सकती है। जो उद्योग टैरिफसे प्रभावित हो रहे हैं उन्हें तुरंत आर्थिक मदद की जरूरत है। खास कर एमएसएमई क्षेत्र को न्यूनतम दरों पर ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। निर्यातकों को तुरंत मिलने वाली आर्थिक सहायता व करों में छूट मददगार हो सकती है। हम चीन की तरह सस्ते उत्पाद बनाकर टैरिफयुद्ध को निष्प्रभावी बना सकते हैं। आर्थिक सुधारों से हम निर्यात की कीमतों व गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। निर्यात करने वाले एमएसएमई को सस्ता कर्ज देने के लिये फंड बढ़ाने की भी जरूरत है। भारत अधिक रोजगार देने वाले कृषि व गैर संगठित क्षेत्रों में सुधार लाकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकता है।

# भारत-जापान संबंध : निवेश से रणनीति तक नई ऊंचाइयां

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*



**आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक राजनीति का केंद्र है। भारत और जापान दोनों स्वतंत्र और सुरक्षित समुद्री मार्गों के पक्षधर हैं। मालाबार अभ्यास जैसे अभियानों में जापान की भागीदारी इस साझेदारी को मजबूत करती है। साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी समझौते हुए हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच यह सहयोग पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थिरता का आधार बन सकता है। जापान तकनीकी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है। इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा में जापान की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी है। यह सहयोग भारत की नेट-जीरो प्रतिबद्धता और जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीति को मजबूती देगा। भारत में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में जापान की भूमिका निर्णायक हो सकती है। हालाँकि भारत-जापान संबंध मजबूत हैं, लेकिन चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस जापान यात्रा से हमें उम्मीद करना चाहिए कि इस दिशा में पहले से कई गुना बेहतर कार्य होगा और जो रुकावटें हैं, वे समाप्त होंगी। क्योंकि निवेश परियोजनाओं की धीमी प्रगति और नौकरशाही अड़चनें, व्यापार असंतुलन, क्योंकि भारत का आयात जापान से सबसे अधिक आज दिखाई देती हैं, जिनको लेकर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए अभी बहुत काम होना बाकी है। एक तरह से देखें तो भारत का मानव संसाधन और व्यापक बाजार तथा जापान की तकनीकी दक्षता और पूँजी, दोनों देशों को भविष्य में विभिन्न प्रकार से एक दूसरे के लिए सहयोग का अवसर प्रदान करते हैं।**

भारत और जापान के बीच संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से गहरे और सार्थक रहे हैं। बौद्ध धर्म से शुरू हुआ यह रिश्ता आज इक्कीसवीं सदी में व्यापक आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी साझेदारी का एक व्यापक एवं भरोसेमंद रूप ले चुका है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान यात्रा ने एक बार फिर इस मित्रता को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बना दिया है। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में गहरी हलचलें हैं, खास कर चीन के बाजार की आक्रामकता, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के पुनर्गठन के दौर का चलन जिस समय में सबसे अधिक दिखता हो। ऐसे में भारत-जापान संबंध न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए भी निर्णायक साबित हो सकते हैं।

भारत और जापान के रिश्तों की नींव में स्वतंत्रता के बाद 1952 में परस्पर दोनों देशों ने कूटनीतिक संबंध स्थापित किए हैं। भारत उन चंद देशों में शामिल था जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जापान पर थोपे गए सैन फ्रांसिस्को संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए। यह जापान के प्रति भारत की सकारात्मक सोच का प्रमाण था। इसके बाद से यदि हम देखें तो भरोसे की नींव का प्रभाव भारत के हित में कुछ इस प्रकार रहा है कि जापान पिछले दो दशकों में भारत में निवेश का बड़ा स्रोत बनकर उभरा है। अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक भारत में जापान का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 40 अरब डॉलर से अधिक रहा है। यह भारत के लिए चौथा सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत है। जापान ने अगले दस सालों में भारत में करीब ¥10 ट्रिलियन (5,800 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने का ऐलान किया है। यह 2022 में किए गए पाँच साल के लिए ¥5 ट्रिलियन (2,750 लाख करोड़ रुपए) निवेश की प्रतिबद्धता से कहीं ज्यादा है।

जापानी निवेश ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, मशीनरी, स्मार्ट सिटी, मेट्रो रेल, हाई स्पीड रेल और बंदरगाह विकास जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। टोयोटा, होंडा, सुजुकी, हिताची, पैनासोनिक और मित्सुबिशी जैसी कंपनियाँ भारत में लंबे समय से सक्रिय हैं। मारुति-सुजुकी का उदाहरण भारत-जापान औद्योगिक सहयोग की सफलता का एक ऐसा प्रतीक है जो विश्व के कई देशों के लिए एक आदर्श मिसाल है। साथ ही एक बाजार के तौर पर यह साफ दिखाई देता है कि जापान को बड़े पैमाने वाले बाजार की जरूरत है और भारत यह अवसर देता है। अमेरिकी टैरिफ से मुनाफा घट रहा है, इसलिए जापानी कंपनियों को अब ऐसे बाजार की तलाश है जहाँ कीमतें कम हों और खपत ज्यादा।

भारत इस मामले में सबसे उपयुक्त है यहाँ 1.4 अरब की जनसंख्या है, तेजी से बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है और 6.4% जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। यही वजह है कि भारत आज भी जापान के लिए सबसे व्यवहारिक निवेश और व्यापार का अवसर बना हुआ है।

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जीका) भारत की अनेक परियोजनाओं में सहायक रही है, दिल्ली मेट्रो, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा आदि में इसके काम को देखा जा सकता है, जो दोनों ही देशों के परस्पर के विश्वास को दृढ़ करने का आधार है। यह स्पष्ट है कि जापान, भारत की आर्थिक प्रगति में एक भरोसेमंद और दीर्घकालिक सहयोगी है। अतः इन सभी आधारों के प्रकाश में कहना होगा कि भारत और जापान एक-दूसरे के लिए अपरिहार्य हैं। भारत के लिए जापान उच्च तकनीक, पूँजी, हरित ऊर्जा समाधान और स्थायी निवेश का स्रोत है। जापान के लिए भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र, दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला वह देश हे, जिसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और जो अपने आप में एक विशाल उपभोक्ता बाजार है। दोनों देशों की यह परस्पर निर्भरता इन्हें स्वाभाविक साझेदार बनाती है।

इन दोनों ही देशों के बीच यदि हम सम्बन्धों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करें तो ध्यान में आता है कि मोदी सरकार के दौर में भारत-जापान संबंध नई ऊँचाइयों तक पहुँचे हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा यदि किसी देश में की तो वह जापान ही है। इस दौरान संबंध विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी तक उन्नत हुए। अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड रेल परियोजना में जापान का योगदान मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया का क्वाड मंच सक्रिय हुआ। जापान ने भारतीय स्टार्टअप्स और डिजिटल नवाचारों में भी निवेश बढ़ाया। यह सब दर्शाता है कि मोदी सरकार में दोनों देशों के रिश्तों ने ठोस और दीर्घकालिक दिशा पाई है।

आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक राजनीति का केंद्र है। भारत और जापान दोनों स्वतंत्र और सुरक्षित समुद्री मार्गों के पक्षधर हैं। मालाबार अभ्यास जैसे अभियानों में जापान की भागीदारी इस साझेदारी को मजबूत करती है। साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोधी सहयोग के क्षेत्र में भी समझौते हुए हैं। चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच यह सहयोग पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए स्थिरता का आधार बन सकता है। जापान तकनीकी नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है। इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा में जापान की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी है। यह सहयोग भारत की नेट-जीरो प्रतिबद्धता और जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीति को मजबूती देगा। भारत में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में जापान की भूमिका निर्णायक हो सकती है। हालाँकि भारत-जापान संबंध मजबूत हैं, लेकिन चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस जापान यात्रा से हमें उम्मीद करना चाहिए कि इस दिशा में पहले से कई गुना बेहतर कार्य होगा और जो रुकावटें हैं, वे समाप्त होंगी। क्योंकि निवेश परियोजनाओं की धीमी प्रगति और नौकरशाही अड़चनें, व्यापार असंतुलन, क्योंकि भारत का आयात जापान से सबसे अधिक आज दिखाई देती हैं, जिनको लेकर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली के लिए अभी बहुत काम होना बाकी है। एक तरह से देखें तो भारत का मानव संसाधन और व्यापक बाजार तथा जापान की तकनीकी दक्षता और पूँजी, दोनों देशों को भविष्य में विभिन्न प्रकार से एक दूसरे के लिए सहयोग का अवसर प्रदान करते हैं। हमें समझना होगा कि वर्तमान दौर में प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, भले ही फिर ऐसा दिखाई देता हो, क्योंकि इस यात्रा का जो समय है, वह उस वक्त में निर्धारित हुआ है, जब अमेरिका ने भारत को आर्थक रूप से कमजोर करने के लिए उस पर भारी भरकम टैरिफ लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का जापान जाना वस्तुतः आज यह दर्शा रहा है कि भारत अपने इस साझेदार को रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से उच्च प्राथमिकता देता है। पिछले वर्षों में भारत और जापान के संबंधों का दायरा केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें सुरक्षा, तकनीकी नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढाँचे और सांस्कृतिक सहयोग शामिल हैं। इसलिए आज फिर एक बार भारत-जापान मित्रता का नया अध्याय लिखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच निवेश, तकनीक, हरित ऊर्जा, सुरक्षा और सांस्कृतिक सहयोग के बहुआयामी आयाम इस रिश्ते को आने वाले दशकों तक और मजबूत करेंगे। फिर भारत और जापान न केवल द्विपक्षीय दृष्टि से बल्कि पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और विकास के लिए भी एक-दूसरे के अपरिहार्य साझेदार हैं। यह यात्रा इस तथ्य को पुष्ट करती है कि भारत और जापान की साझेदारी भविष्य की वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने जा रही है।

इसके साथ ही एक जो सबसे बड़ा दोनों देशों के बीच साझा विरासत दिखाई देती है, वह भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक रिश्तों को लेकर है, जोकि प्राचीन समय से ही बहुत गहरे रहे हैं। बौद्ध धर्म ने दोनों देशों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ा है। यही कारण है कि इस दिशा में लगातार शिक्षा और शोध में सहयोग से नई पीढ़ी के बीच अनेक अवसर बढ़ते हुए देखे गए। उम्मीद करें कि इस बार की ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा भी एक सफल और देश हित में बहुत परिणामकारी सिद्ध होगी।

विचार

# अमेरिकी टैरिफ से आगरा का फुटवियर उद्योग संकट में

*दिनकर कपूर*

अमेरिका की ट्रंप सरकार द्वारा भारत के ऊपर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफयानी आयात शुल्क लागू हो गया है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया हुआ था। रूस से तेल ना खरीदने की शर्त का उल्लंघन करने पर दंड स्वरूप 25 प्रतिशत टैरिफ अतिरिक्त लागू कर दिया गया है। इस टैरिफ से आगरा का चमड़ा उद्योग गहरे संकट का शिकार हुआ है। पूरी दुनिया में भारत 2020-21 में चमड़ा उत्पाद का 368.2 करोड़ डॉलर का निर्यात करता था जो 2024-25 में 482.8 करोड़ डॉलर हो गया, यह 31 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी है। इसमें से अमेरिका को 2020-21 में 64.5 करोड डॉलर का निर्यात हुआ था जो बढ़कर 104.5 करोड डालर हो गया। यह 62 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। 2022-23 में भारत ने अमेरिका को एक 1.17 अरब डॉलर के चमड़ा उत्पाद का निर्यात किया था। इसका भी 20 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश के कानपुर-उन्नाव कलस्टर से आता है और 20 प्रतिशत हिस्सा आगरा कलस्टर से आता है। आगरा में चमड़ा उत्पादों के 15 बड़े उद्योग, 30 मध्यम उद्योग, 150 लघु उद्योग और 10000 सूक्ष्म इकाइयां हैं। जिनमें 2 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। आगरा से अमेरिका को लेदर फुटवियर में 2022-23 में 370 करोड़ रुपए से अधिक का निर्यात हुआ था। जो 2023-24 में घटकर 260 करोड़ रुपए के करीब रह गया। नए टैरिफके बाद 100 करोड रुपए का फुटवियर भी अमेरिका को बेच पाना संभव नहीं होगा।

अमेरिकी टैरिफ से आगरा के चमड़ा उद्यमियों और मजदूरों के बीच बेहद घबराहट का माहौल है। फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद के अध्यक्ष और आगरा फुटवियर निर्माता एवं निर्यातक चौंबर के अध्यक्ष पूरन डावर के अनुसार यह समय आगरा के निर्यात कारखाने का सबसे व्यस्त समय और पीक सीजन है। इस अवधि में शीत और शरद ऋतु के फुटवियर बनते हैं। इस टैरिफके लग जाने के कारण हमारे माल डम्प पड़े हुए हैं। हमें अमेरिका से जो आर्डर मिले हैं उनकी भी लागत बहुत ज्यादा बढ़ जा रही है। यही स्थिति रही तो हम काम करने में सक्षम नहीं रहेंगे। वह 17000 उत्पाद बनाने वाली कम्पनी के मालिक हैं और 1500 मजदूरों को रोजगार देते है। 1000 करोड़ का वार्षिक कारोबार करने वाली आगरा की कंपनी पार्क एक्सपर्ट्स के मालिक नजीर अहमद के अनुसार अमेरिकी टैरिफ एक आपदा है। वह 400 से 500 डिजाइन बनाते हैं और उनके यहां 800 कर्मचारी कार्यरत हैं। उनका कहना है कि अगर हमें अमेरिकी आर्डर नहीं मिला तो हमारे कारखाने बेकार और मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे। उनके अनुसार चमड़ा उद्योग 12.5 प्रतिशत टैरिफका बोझ भी सहन नहीं कर सकता। ऐसे में 50 प्रतिशत टैरिफकी तो बात ही छोड़ दें। उनका यह भी कहना है कि अमेरिकी टैरिफ दर बढ़ाने के फैसले के कारण बहुत सारे खरीदार अब कम टैरिफ दर वाले चीन, वियतनाम, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरफ जा रहे हैं। इस टैरिफ संकट के कारण उद्यमियों के सामने नए आर्डर का संकट पैदा हो गया है।

इस उद्योग में रोजगार पर खतरा मंडरा रहा है। उन्हें माल खपाने की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और लेनदेन विवाद भी है। क्योंकि जो माल उन्होंने तैयार कर लिया है उसे वे कहां बेचे इस पर उनकी चिंता गहराती जा रही है। पहले 25 प्रतिशत और अब 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से पूर्व उनको आर्डर मिले थे उन पर इस टैरिफ के लगा देने के बाद लेनदेन का भी बड़ा विवाद पैदा होगा। लेदर सेक्टर सर्किल काउंसिल के अध्यक्ष मुख्तारुल अमीन के अनुसार यह बड़ी लेबर इंटेंसिव इंडस्ट्री है। इसमें कई प्रोडक्ट बनाने से लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। उनका तो यहां तक कहना है कि यह इंडस्ट्री देश में रोजगार देने वाली सबसे बड़ी इंडस्ट्री के बतौर मौजूद है। काउंसिल फॉर लेदर एंड एक्सपोर्ट के मुताबिक भारत चमड़ा उत्पादन उद्योग देश की अर्थव्यवस्था में अहम जगह रखता है। आगरा एफ्रमेक के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता कहते हैं कि मिनिमम ब्याज दर पर फंड की उपलब्धता और ऑर्डर के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार को प्रोत्साहन स्कीम लानी चाहिए।



इस संबंध में आगरा समेत देश के चमड़ा उद्योग कारोबारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी पीयूष गोयल से मिला था और उनसे इस संकट में सरकार की मदद की गुहार लगाई थी। उद्यमियों की मांग है कि नए बाजार की तलाश में सरकार उनका सहयोग करे, ब्रांडिंग के लिए प्रोत्साहन स्कीम बनाएं, टैरिफ घाटे की भरपाई सरकार करे, कच्चे माल की लागत में कमी लाई जाए और डिजाइनिंग एवं कुशलता के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वह टिक सकें। यही नहीं आगरा क्षेत्र में जो अन्य उद्योग हैं जैसे फिरोजाबाद का कांच उद्योग, स्टोन हस्तशिल्प और गलीचा, दरी, जरदोजी वह सब भी अमेरिकन टैरिफ से बड़े संकट के शिकार हो रहे हैं।

फिरोजाबाद का कांच उद्योग 2000 करोड़ का निर्यात करता था जिसमें 50 प्रतिशत ग्लास के आइटम अमेरिका को निर्यात होते थे। नए टैरिफके बाद इससे लगभग 1000 करोड़ का कारोबार प्रभावित होगा। इसी तरह स्टोन हस्तशिल्प, गलीचा और दरी उद्योग में 85 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात होता था। कालीन और दरी में 300 करोड़ के उत्पाद निर्यात होते थे और जरदोजी व हस्तशिल्प में भी 300 करोड़ का निर्यात होता था जो संकट का शिकार होगा। कुल मिलाकर कहा जाए तो आज भारतवर्ष में अमेरिकन टैरिफ और दादागिरी के दौर में यह सवाल उभर कर आया है कि हमें अपनी आंतरिक अर्थव्यवस्था को मजबूत करना होगा। पहले से ही नोटबंदी और जीएसटी के शिकार छोटे-मझोले उद्योगों को सरकार द्वारा हर सम्भव मदद देनी होगी। साथ ही साथ हमें अपने उत्पादों की बिक्री के लिए अमेरिकी या यूरोप के बाजार पर निर्भर होने की जगह, जिसमें हम अपनी आर्थिक संप्रभुता तक को दांव पर लगाते हैं, हमें अपने बाजार को भी समृद्ध करने के लिए लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाने

साहित्य



## देह नृत्यशाला

**अशोक चक्रधर**

अँधेरे उस पेड़ के सहारे
मेरा हाथ
पेड़ की छाल के अन्दर
ऊपर की ओर
कोमल तव्चा पर
थरथराते हुए रेंगा
और जा पहुँचा वहाँ
जहाँ एक शाख निकली थी।
काँप गई पत्तियाँ
काँप गई टहनी
काँप गया पूरा पेड़।
देह नृत्यशाला
आलाप-जोड़-झाला।





## राशिफल

**मेषः**- क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृषभः**- आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः**- अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी।

**कर्कः**- अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः**- आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः**- बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः**- आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिकः**- आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः**- आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**मकरः**- आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः**- हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः**- आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# इतिहास से सबक और भविष्य के प्रति आशावान होने का सार्थक समय

*संजीव ठाकुर*

प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस ष्आई हैव ए ड्रीम ष्की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था। बराक ओबामा ने भी कहा था यस वी कैन ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था।

समय परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता कर प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा अर्थपूर्ण अवसर लेकर आता है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है। अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है।

अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है।

गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है।

बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका

नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया। एक प्रसिद्ध कहावत है परिवर्तन के अलावा कुछ भी स्थाई नहीं है यह प्रकृति का एक स्थाई और व्यवस्था जनक है कि परिवर्तनशील होना जिवंतता और संघर्ष का प्रमाण है। जिस व्यक्ति, समाज तथा देश में स्थायित्व जाता है वह विकास के विरुद्ध होने लगता है। परिवर्तन सदैव धीरे-धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है।

परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था। व्यक्ति, समाज तथा देश के पास पूंजी होने के बावजूद उसके उपयोग का न तो सामर्थ्य था नहीं उतनी बौद्धिक क्षमता,उसी क्षण विचारों ने परिवर्तन लाना शुरू किया मानव की बुद्धि ने एक बड़ा परिवर्तन लाकर मशीनों का इजाद किया फ्ल स्वरूप कार्य करने की गति को अवसर मिला इस अवसर के साथ उत्पादन मैं भी वृद्धि हुई। मानव समाज ने इस परिवर्तन तथा नए अवसर की खोज के साथ नई नई वस्तुओं का अंबार लगा और संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का उदय हुआ। यही औद्योगिक क्रांति विश्व के लिए विकास की नई गाथा है और सफ्लता के साथ एक नए युग का परिवर्तन भी हुआ है। स्थायित्व के विरुद्ध नए अवसर की तलाश थी मनुष्य के जीवन के नवीन पायदान ओं का आगाज करती है और जीवन परिवर्तनशील होकर नए युग की ओर प्रशस्त होता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# नहीं रहे समाजवाद के प्रतिबिंब पूर्व ब्लाक प्रमुख नन्हें सिंह

**राजनाथ शर्मा ने उन्हें समाजवादी नीतियों और सिद्धान्तों को अलंबरदार बताया**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रखर समाजवादी नेता एवं बंकी विकासखंड के पूर्व प्रमुख नन्हें सिंह यादव का लम्बी बीमारी के बाद गुरूवार को निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. नन्हें सिंह के निधन पर दुःखी डॉ राममनोहर लोहिया के सहयोगी और लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री शर्मा ने कहा कि नन्हें सिंह समाजवाद के अलंबरदार और समाजवाद को जीने वाले खांटी समाजवादी थे। उन्होंने समाजवाद को हिन्दुस्तान के विषमता भरे समाज को बदलने का एक मात्र जरिया बताया है। जिनका पहनावा, रहन-सहन, साधन और बातचीत समाजवादी दर्शन का प्रतिबिम्ब था। नन्हें सिंह जब तक जिए समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पित रहे। वह रिश्तों में अपनत्व को जीने वाले व्यक्ति थे। जैसे ऑक्सीजन के बिना जीवन संभव नहीं, वैसे ही प्रेम व अपनत्व के बिना भी सामाजिक रिश्ते असंभव ही है। बदलते समय ने रिश्तों को निष्प्राण सा कर दिया है परंतु नन्हें सिंह उन रिश्तों की आत्मा थे। जो प्रेम व अपनत्व से सराबोर रहती थी। श्री शर्मा ने बताया कि रामसेवक यादव से मित्रता ने उन्हें राजनीति का ककहरा सिखाया। वे बाराबंकी के अन्तिम समाजवादी थे। जिन्हें रामसेवक यादव ने गढ़ा। यानी समाजवादी राजनीति के उत्तर रामसेवक युग का अंत हुआ है। वह निजी जीवन में भी वो उतने ही लोकतांत्रिक थे जितने सिद्धान्तों में। उन्होंने संबंध कमाए, सम्मान अर्जन किया। जीवन भर साइकिल को साधन तथा समाजवाद को साध्य माना। श्री शर्मा ने कहा कि उनकी धोती और उनका सहज देशी देहाती व्यक्तित्व उन्हें आम आदमी से हमेशा जोड़े रखता था। नन्हें सिंह ने सही मायने में समाजवाद को अपने जीवन का आधार बनाया। उन्होंने बिना किसी लोभ, पद, सम्पत्ति के राजनीति में दूसरों के हक की लडाई को लडा। वह भारतीय समाजवादी आन्दोलन के ईमानदार सोशलिस्ट लीडर माने जाते रहेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक सरवर अली ने कहा कि नन्हें सिंह की नज़रों में समाजवाद सिर्फ विचार या सिद्धांत नहीं था। बल्कि एक आचरण था। उनका मानना था कि उसे जीवन में उतारकर ही समाज, देश, आदमी एवं उसकी समस्याओं को देखा जा सकता है। समाजवाद वही है, जो किसी पर अन्याय नहीं होने दे, बल्कि कमजोर के साथ खड़े होकर उसे मजबूत बनाए। आज डॉ लोहिया, रामसेवक यादव, बेनी प्रसाद वर्मा, मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत का अंत होगा।

## खतरे के निशान से नीचे आया सरयू नदी का जलस्तर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया है।नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है। प्रशासन अलर्ट मोड पर है।गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच रही है। सिरौलीगौसपुर के सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम दवाइयों का वितरण कर रही है।साथ ही मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया जा रहा है। बाढ़ का पानी घटने के साथ ही सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी गतिविधियां बढ़ा दी है।क्षेत्र मे एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया जा रहा है। डॉक्टर संतोष सिंह ने लोगों से साफ पानी का इस्तेमाल करने की अपील की है।

# मां से पैसा मांगने पर नहीं मिला तो नाराज युवक ने नहर में लगाई छलांग, लापता

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

पैसे मांगने पर मां द्वारा इनकार किए जाने से नाराज होकर बुधवार की रात नहर में छलांग लगाने वाले 19 वर्षीय युवक का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर लखनऊ से पहुंची राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा नहर में युवक की तलाश जारी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा एवं सीओ समीर कुमार सिंह मौजूद रहकर तलाशी अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि बुधवार की रात्रि छत्रपतिखेड़ा उर्फ खेरवा मजरे रामनगर गांव निवासी संजय गिरी पुत्र स्वर्गीय रामफेर गिरी 19 वर्ष ने शारदा सहायक खंड 28 की जौनपुर ब्रांच नहर में दयालगंज रेगुलेटर से छलांग लगा दी थी, पानी के तेज बहाव के चलते देखते ही देखते युवक गायब हो गया था। पुल के पास मौजूद ग्रामीण घटना की सूचना युवक के घर पर दी । सूचना पर मौके पर पहुंचे गांव निवासी चचेरे भाई देवेंद्र गिरी पुत्र रामदास ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद दल बल के साथ पहुंचे कोतवाल अभिमन्यु मल्ल द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया जो लगातार जारी है सूचना पाकर देर रात्रि मौके पर पहुंचे एसडीएम राजेश विश्वकर्मा एवं सीओ समीर कुमार सिंह के निर्देशन में स्थानीय गोताखोर लगे रहे परन्तु सफलता हाथ ना लगते देख एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया जिसके बाद टीम द्वारा तलाशी अभियान लगातार चालू है लेकिन समाचार भेजे जाने तक युवक के कोई सुराग नहीं लग सका था। बताते हैं कि नदी में छलांग लगाने वाले युवक के पिता की मौत पहले ही हो चुकी थी परिवार में मां के अलावा दो छोटी बहनें ही है। जिसके चलते परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय बताई जा रही हैं।



# दबंगो ने राजस्व टीम की पैमाइश को न मानते हुए उखाड़े तार

**पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली एवं कस्बा हैदरगढ़ अंतर्गत लिल्हौरा वार्ड में दबंगों द्वारा राजस्व टीम द्वारा की गई पैमाइश के उपरांत की गई निशान देही को मिटा देने व सीमेन्ट के खम्भे, कन्टीले तार, खूँटों को तोड़कर उठा ले जाने व पूछने पर जाति सूचक एवं भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस में सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वार्ड निवासी रामखेलावन पुत्र अयोध्या प्रसाद ने बताया कि उन्होंने गाटा संख्या 305 रकबा 1.275 हे0 में से रकबा 0.101 हे0 का बैनामा विशाल सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह से 3 जून1989 को 8000 रुपये देकर क्रय किया था तथा उक्त गाटा संख्या का सरकारी बटवारा भी 26 फरवरी 2024 को हो चुका है, उक्त आदेश के क्रियान्वयन के लिए उपजिलाधिकारी द्वारा राजस्व व पुलिस टीम गठित कर 26 जुलाई को रकबे की नाप जोख कर सीमेन्ट के खम्भे मय कन्टीले तार व खूँटे गड़वा दिए थे। जिन्हें वार्ड के ही रहने वाले दबंगों द्वारा एक राय होकर मौके पर खेत की निशानदेही मिटाकर सीमेन्ट के खम्भे, कन्टीले तार, खूँटों का तोड़कर उठा ले जाया गया।

## लड़की को बदनाम करने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़**। सुबेहा थाना क्षेत्र के एक गाँव की निवासी महिला ने गाँव निवासी भाई बहन पर अवैध सम्बन्ध की बात कहकर पुत्री को बदनाम करने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि उसने बीते मई माह में गांव निवासी दूसरे समुदाय के युवक पर अपनी नाबालिक पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। जिससे चिढ़े हुए विपक्षी एवं उसकी बहन द्वारा उनके कलेदरगढ़ निवासी रिश्तेदार को फोन करके पुत्री के साथ अवैध संबंध की अनर्गल बात कहकर उसकी पुत्री को बदनाम किया जा रहा है। जिसके चलते हुए उसकी पुत्री के विवाह में रुकावट पड़ने की संभावना नजर आ रही है। पुलिस में महिला की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# वैष्णो देवी में फंसे सिरौलीगौसपुर के 32 श्रद्धालु

**दीपक वर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर बताई अपनी परेशानी**



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पांच दिन पूर्व ब्लाक सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के भर्थीपुर गांव से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए 32 श्रद्धालु जम्मू में फंस गए हैं। श्रद्धालुओं का दल 23 अगस्त को लखनऊ से हिमगिरी ट्रेन से रवाना हुआ था। उनकी वापसी 27 अगस्त को होनी थी।

इसी बीच जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश एवं हिमस्खलन होने के कारण सभी लोग वहीं फंस गए हैं।दल का नेतृत्व कर रहे सिरौली गौसपुर के भाजपा मंडल महामंत्री दीपक वर्मा ने बताया कि वह अपने दल के साथ कटरा से किसी तरह जम्मू पहुंचे। पठानकोट में पुल टूटने के कारण सभी ट्रेनें रद्द हो गई। जिससे आवागमन के सारे रास्ते बंद हो गए हैं। सभी लोग जम्मू में श्री बाँके बिहारी गोरखा मंदिर, शिवाजी चौक सेक्टर चार नानक नगर में ठहरे हुए हैं। दल में नौ महिलाएं और कई बच्चे शामिल हैं। श्रद्धालुओं के पास खाने के लिए पैसे खत्म हो रहे हैं और बच्चे बीमार पड़ने लगे हैं। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से मदद की अपील की है। दीपक वर्मा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर अपनी परेशानी बताई है।

यात्रा दल में दीपक वर्मा, सुनीता, रघुराज वर्मा, जय देवी, रामनरायण गौतम, विनोद कुमार, रीता देवी, बेबी, शिव कुमारी गौतम, प्रमोद, काजल गौतम, सूरज समेत 32 श्रद्धालु शामिल हैं।

वहीं इस मामले की जानकारी होने पर भाजपा जिलामंत्री रामसागर कनौजिया ने दल का नेतृत्व कर रहे भाजपा मंडल महामंत्री सिरौलीगौसपुर दीपक वर्मा से बात कर स्थित की जानकारी लिया और जिले के बड़े नेताओं से सम्पर्क कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## ओटीपी के द्वारा 78 हजार की हुई साइबर ठगी

**जैदपुर बाराबंकी।** खजूरिया के व्यक्ति के बैंक खाते से साइबर फ्रॉड के जरिये बिना ओटीपी शेयर किए 78 हजार रुपए निकल लिए गये। जिसकी शिकायत पीड़ित ने साइबर सेल में कई है।जानकारी के मुताबिक जैदपुर थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव में साइबर ठगी का मामला सामने आया है।पीड़ित संदीप कुमार के पंजाब नेशनल बैंक की जैदपुर शाखा में खुले खाते से 78,975 रुपए गायब हो गए।बुधवार को संदीप के मोबाइल पर लगातार 8 बार पैसे कटने का मैसेज आया।खाते में जमा 79,778 रुपए में से केवल 803 रुपए बचे। घटना की जानकारी मिलते ही संदीप तुरंत बैंक पहुंचे। बैंक प्रबंधक ने संदीप पर ओटीपी शेयर करने का आरोप लगाया। हालांकि, संदीप का कहना है कि उन्होने न तो किसी को ओटीपी बताया और न ही कोई लिंक शेयर किया।बैंक प्रबंधक ने खाते की जानकारी निकालकर उन्हे शिकायत करने की सलाह दी।

## खबरें एक नजर में

### एपीके फाइल के माध्यम से साइबर ठगी के पुलिस ने वापस कराए एक लाख 44 हजार 844 रुपये



**बाराबंकी।** एपीके फाइल के माध्यम से फोन हैक कर साइबर फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में साइबर सेल, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक लाख 44 हजार 844 रुपये पीड़ित को वापस कराया गया है। साइबर सेल को ऑनलाइन शिकायती प्रार्थना पत्र हुआ, जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा एपीके फाइल के माध्यम से फोन हैक कर आवेदक अनंत कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी बेलहरा थाना मोहम्मद पुर खाला जनपद बाराबंकी के साथ 1,44,844/- रूपये का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी संगम कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में संदर्भित प्रकरण में तत्काल साइबर क्राइम थाना द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर सम्पूर्ण धनराशि 1,44,844/- रूपये आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

### विक्षिप्त को चोर समझकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** विक्षिप्त को चोर समझ लोगों ने उसकी जमकर मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर 4 लोगों के खिलाफगंभीर धारा में मामला दर्ज कर लिया है। विदित हो कि इस समय बच्चा चोर व ड्रोन उड़ाकर चोरी करने वाले बदमाशों की क्षेत्र में चहलकदमी की अफ्वाहें चल रही है जिसके चलते लोग सशंकित भी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरहना आलमगीर निवासी संतोष अहिरवार का 25 वर्षीय पुत्र वीर सिंह मानसिक रूप से अस्वस्थ है जिसके चलते वह घर से गायब हो जाता है और कुछ दिनों पूर्व भी वह घर से भटक कर नगर स्थित काँशीराम कालौनी के पास आ गया था। इसी दौरान गत 26 अगस्त को लोगों ने उसे चोर समझ कर लोहे की राड से जमकर मारापीटा था जिससे वह मरणासन्न हो गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गम्भीर हालत मे अस्पताल में दाखिल कराया था जिसका अभी भी मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी के अनुसार लोगों ने विक्षिप्त युवक को चोर समझ बुरी तरह पीटा था जो ठीक नहीं है इसलिए घायल के पिता की तहरीर पर काँशीराम कालौनी निवासी नाटी, ब्रजेश, सुमित गुप्ता तथा गौतम के खिलाफ बी एन एस की धारा 115(2) तथा 117(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नही है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों को भी अफ्वाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की है।

### पिता ने युवती से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**कोंच (जालौन)।** कोंच नगर के जवाहर नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोंच कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि जब वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अजमेर शरीफ गया हुआ था, उसकी 20 वर्षीय पुत्री अपनी बुआ के घर गांधीनगर स्थित चली गई थी। घटना 24 अगस्त को मौके का फायदा उठाकर बुआ की देवरानी का लड़के ने युवती को कमरे में बंद कर उसके साथ छेड़छाड़ की। सुबह उसने युवती को धमकाते हुए कहा कि अगर घटना की जानकारी मां-बाप को दी तो जान से मार दिया जाएगा। अजमेर शरीफसे लौटने के बाद पीड़ित की पुत्री ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी युवक के खिलाफकानूनी कार्रवाई की मांग की। जब पूरे मामले में कोंच कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, मामले की पूरी जांच की जा रही है दोषियों बक्शा नहीं जाएगा साथ ही दोषियों कार्यवाही की जायेगी।

# पीईटी-2025 परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**6 व 7 सितंबर को जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी परीक्षा**



पीईटी परीक्षा को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते डीएम, एसपी।

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी-2025) की तैयारियों को लेकर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षा तिथि 6 एवं 7 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है। परीक्षा दो पालियों में होगीकृप्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक। जनपद में कुल 16 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 26,888 है, जबकि प्रत्येक पाली में औसतन 6672 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय एवं उचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना पूणरू प्रतिबंधित रहेगा।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन और सफ्लतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों के आसपास भीड़ नियंत्रण तथा नकलविहीन वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, सीओ सिटी अर्चना सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र कुमार, केंद्र व्यवस्थापक आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



### तहसील चौराहे पर डेढ़ किमी लंबा जाम,घंटों बाद खुला रास्ता

**फतेहपुर ,बाराबंकी।** गुरुवार को सभी स्कूलो की एक साथ छुट्टी होने से तहसील चौराहे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जाम की स्थिति ब्लॉक चौराहे से महादेव तालाब और रामनगर रोड तक करीब डेढ़ किलोमीटर तक फैल गई। स्कूल छुट्टी के समय छात्र-छात्राएं,अभिभावक, सरकारी वाहन और राहगीर जाम में फंस गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद यातायात को सामान्य किया। परीक्षाओ के चलते यातायात की समस्या और बढ़ गई है। इस समस्या के समाधान के लिए अधिवक्ता सर्वेश श्रीवास्तव ने प्रशासन से नगर के सभी स्कूलो की छुट्टी का समय अलग-अलग करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी।

# पुलिस ने बंद मकान से बरामद की 23 लाख की आतिशबाजी

**पुलिस ने मौके से युवक को किया गिरफ्तार**



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

चुर्खी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से रखी गई लाखों रुपए की आतिशबाजी बरामद कर ली। जबकि एक युवक को मौके से हिरासत में लिया गया। जिससे पूंछतांछ की जा रही है। चुर्खी कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह को मुखबिर द्वारा वुधवार को सूचना मिली के ग्राम सोहरापुर के एक मकान में काफी मात्रा में विस्फोटक का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बुधवार की देर रात को मकान में दबिश डाल दी। इस दौरान मौके से एक आरोपित शदरे आलम पुत्र अब्दुल शहीद निवासी ग्राम बैद्य बिनौरा को हिरासत में ले लिया। बल्कि मकान के एक कमरे में छिपाकर रखी गई आतिशबाजी बरामद की गई। जिसमें 310 प्लास्टिक के पैकेट में एक लाख 48 हजार अवैध पटाखा मासिक बरामद की गई। जिसकी कीमत 23 लाख रुपये बताई गई है। पकड़ी गई आतिशबाजी में पटाखा माचिस भी शामिल है और पकड़ी गई आतिशबाजी का कोई लाइसेंस भी नहीं मिला है। पूरी आतिशबाजी ग्राम सोहरापुर में बृजराज पुत्र हरी प्रसाद के मकान में रखी गई थी। शदरे आलम व बृजराज साथ में मिलकर आतिशबाजी बिक्री का काम दूसरे जनपदों में भी करते थे। फ्लिहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल कर कारवाई की जा रही है।

## जानवर बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई

**कोंच,जालौन।** कोंच नगर के कैलिया बाईपास पर पुष्प गार्डन के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया आपको बता दे कि काले रंग की स्कॉर्पियो कार अचानक सड़क पर आए आवारा जानवर से टकरा गई, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई जिससे गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की जानकारी होते ही खेड़ा चौकी प्रभारी शिवनारायण मौके पर पहुंचे ओर मामले की जांच में जुट गए आपको बता दे कि स्कॉर्पियो कार सवार बॉबी पुत्र राजकुमार निवासी नया पटेल नगर टेस्ट ड्राइव कर रहे थे। तभी अचानक आवारा जानवर तभी सड़क पर आ गया जिससे जिससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, स्कॉर्पियो गाड़ी ध्रुव तारा ब्रांच से टेस्ट ड्राइव के लिए गई थी पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्राइवेट व स्कूली वाहनों का किया गया चालान

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोंच नगर में एआरटीओ ने नगर में सुबह करीब 8 चेकिंग अभियान चलाया, अभियान की सूचना मिलते है ऑटो चालक अपनी अपनी ऑटो को एक सुरक्षित जगह खड़ा कर दी जब तक एआरटीओ नगर में रहे तब तक ऑटो एक भी रोड पर नहीं दिखाई पड़ी वही गाड़िया,बस के परमिट, रजिस्ट्रेशन, नंबर प्लेट न होना आदि को देखते हुए अभियान चलाया गया जिसमें प्राइवेट बस, ईको,ऑटो का चलाया किया तो कई वाहन का चालन किया व कई वाहनों को सीज भी किया गया है आपको बता दे कि कोंच कोतवाली क्षेत्र में आज सुबह एआरटीओ विनय पाण्डेय ने चेकिंग अभियान चलाया जिसमें सुबह बच्चो को लेकर स्कूल जा रही ईको गाड़ी को पकड़ा जिसमें नंबर प्लेट न होने को लेकर संत ग्यासी लाल स्कूल की गाड़ी ईको को चालान काट किया है। वहीं श्री जगदम्बा बस एनएल 07 बी 9909 बस को गल्ला मंडी गेट पर रोका साथ ही कागज के बारे में जानकारी ली तो चालक को सही जवाब नहीं दे सका एआरटीओ ने बताया कि बस का परमिट नहीं था जिसको लेकर चालान काटा गया है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथिनी आरती त्रिवेदी का विवाह से पूर्व पूजा त्रिपाठी था परन्तु विवाह के बाद मैने अपना नाम आरती त्रिवेदी रख लिया है। दोनो नाम एक ही महिला शपथिनी के है कृपया भविष्य में मुझे आरती त्रिवेदी के नाम से मुझे जाना व पहचाना जाये।

**शपथिनी आरती त्रिवेदी**
**पता- 1/198 ए मानस नगर जियामऊ, हजरतगंज लखनऊ उप्र।**



## सूचना

मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 266705194 में मेरा नाम अनिल कुमार कुशवाहा व जन्मतिथि 02/02/1983 अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोनू सिंह व जन्मतिथि 12/12/1992 दर्ज है। दोनों ही मेरे नाम है। इस नाम व पते का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है तथा मेरी पॉलिसी में आधार कार्ड के अनुसार नाम अंकित कर धनराशि का भुगतान करने की कृपा करें। **मोनू सिंह पुत्र सुरजीत सिंह नि0हाल- एस-71 सिंगापुर, ग्रीन न्यू तलावली चंदा, सिंगापुर टाउनशिप लसूड़िया मोरी इंदौर, मध्य प्रदेश।**


# पुलिस ने दो कुंतल 40 किलो गांजा किया बरामद



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मादक पदार्थों की तस्करी, विक्रय पर अंकुश लगाने की दिशा मे कार्य करते हुये पुलिस द्वारा 2 कुन्तल 40 किग्रा गांजा तथा डीसीएम लोडर अनुमानित कीमत 60 लाख रु. किया बरामद। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों 28 अगस्त की रात्रि को थाना सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत लुहन्ना चौराहे पर भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि एक डीसीएम लोडर आगरा के बाह की तरफ से इटावा की तरफ आ रही है जिसमें अवैध शराब हो सकती है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सिविल लाइन पुलिस टीमें राजा का बाग चौकी से पहले जैसे ही हरिओम कोल्ड स्टोरेज के पास पहुँची तो कुछ दूरी पर रोड़ के बाये तरफएक डीसीएम दिखायी पड़ी। पुलिस टीमों द्वारा डीसीएम को घेरघार कर तलाशी ली गयी तो कोई व्यक्ति, चालक-परिचालक मौजूद नहीं मिला। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार थाना सिविल लाइन, उ.नि. राजेश कुमार मौर्य, उ.नि. संजय यादव, उ.नि. पीर मोहम्मद रहे। पुलिस टीम द्वारा क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व मे डीसीएम की सम्पूर्ण तलाशी के दौरान डीसीएम के अन्दर कांच की बोतलों की बोरियाँ व पन्नी को हटाकर देखा गया तो उसमें कई बोरियों में काँच की खाली सीसी व कबाडी का सामान लदा है। जिन्हे हटाने पर 12 प्लास्टिक बोरियों प्रत्येक बोरी मे 20-20 पैकेट से 240 किग्रा गांजा बरामद हुआ।

## 15 करोड़ से बनी सीसी सड़क धंसी, टला बड़ा हादसा

**जगम्मनपुर,जालौन।** जगम्मनपुर से इटावा जाने वाले मार्ग में पंचनद के पास नाले के पुल के अप्रोच पर बनी सीसी सड़क में 4 फीट लंबा चौड़ा एवं लगभग 4 फुट गहरा गड्ढा हो गया जो लोक निर्माण विभाग एवं ठेकेदार की जुगलबंदी की पोल खोल रहा है। माधौगढ़ तहसील अंतर्गत जगम्मनपुर से पंचनद होकर इटावा जाने वाले मार्ग में 15 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सीसी सड़क धसक गई है । यह घटना लोक निर्माण विभाग एवं सड़क बनाने वाली कंस्ट्रक्शन कंपनी की मिली भगत की पोल खोल रही है । सीसी सड़क में हुआ लंबा चौड़ा व गहरा गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। जगम्मनपुर से लगभग 3.5 किलोमीटर दूर पंचनद संगम से पहले जंगल के पानी को यमुना नदी तक पहुंचाने वाला प्राकृतिक गहरा खार है। इस खार पर लोक निर्माण विभाग ने पुल बनाया है।

# अतिक्रमण, जाम को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट से मिले

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशांत तिवारी ने जनपद में अतिक्रमण व जाम के संबंध मे सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर शहर की प्रमुख समस्याओं से अवगत करवाया। विज्ञापन के जरिए अवगत कराया कि वर्तमान समय में शहर मे फुटपाथ पर अतिक्रमण हो रहा है जिससे सड़क के किनारे पर बाइक व पैदल चलना आम जनता के लिए मुश्किल हो रहा है। दोपहर 12 से 2 बजे के बीच शास्त्री चौराहा से बस स्टैंड तक जाम की स्थिती वनी रहती है इतना बड़ा बस स्टैंड होने के बाद भी बसो को सड़क पर खड़ा करके सबारिया बैठायी जाती है बस स्टैंड तिराहा से लेकर शास्त्री चौराहे तक शहर आटो, ई रिक्शा सब से ज्यादा जाम की स्थिति पैदा करते है इनका एक रूट निर्धारित होना चाहिए। रामनगर फाटक का पुल बंद है जिस कारण शहर मे फारूकबाद फाटक पर बने ओवरब्रिज जो पूरे लाइन पार क्षेत्र को जोड़ता है जिस कारण भी जाम की स्थिति रहती है हाल ही मे सेंटमैरी की छात्रा का एक्सीडेंट में निधन हुआ है। ऐसा किसी दूसरे छात्र के साथ ना हो इस लिए शहर को जाम मुक्त व अतिक्रमित मुक्त कराए।


## कार्यालय ग्रा0पं0 उनासी वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 28/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उनासी वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29/08/2025 से 04/09/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/09/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गौरव के घर से बखेड़ी के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.71 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | नीरज जाटव के घर से तालाब तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.88 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मेन रोड से रुकुमपाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.55 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(राजेश कुमार) ग्रा0पं0 उनासी वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(विवेक कुमार)

# महिला की गोली मारकर हत्या, पति, जेठ और ननद गिरफ्तार

**▸ चोरों ने घटना को अंजाम देने की अफवाह फैलाकर पुलिस को किया गुमराह**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

ग्राम रनवीरपुर में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई और चोरों द्वारा घटना को अंजाम देने की अफवाह फैला दी गई। पुलिस की कड़ी पूछताछ में मामले का खुलासा हुआ, जिसमें पति, जेठ तथा ननद के द्वारा हत्या के बाद ये सारा खेल रचे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम रनवीरपुर में बुधवार की रात 10:09 बजे यूपी 112 के माध्यम से एक महिला की गोली मारकर हत्या की सूचना प्राप्त हुई। इस पर तत्काल थाना छिबरामऊ पुलिस और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर 23 वर्षीय मृतका निक्की पत्नी कृष्णकांत शाक्य का शव घर के अंदर कमरे के दरवाजे पर पड़ा मिला। कमरे की अलमारी खुली थी और कपड़े अस्त-व्यस्त पड़े थे। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वाड टीम की मदद से साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में पता चला कि निक्की की शादी 2024 में कृष्णकांत शाक्य के साथ हुई थी। कृष्णकांत के परिवार में तीन भाई और दो बहनें हैं। घटना के समय घर पर कृष्णकांत, उनका बड़ा भाई प्रवीण, प्रवीण की दो छोटी बेटियां और निक्की की ननद रानी मौजूद थे। प्रवीण की पत्नी शिवानी अपनी 60 वर्षीय सास माया की खराब तबीयत के कारण छिबरामऊ के एक निजी अस्पताल में थीं। पुलिस ने घर में रखे पैसे और आभूषणों की जांच की, जो अलमारी से अलग स्थान पर सुरक्षित मिले। चोरी की कोई घटना नहीं हुई थी। संदिग्ध परिस्थितियों के चलते कृष्णकांत और प्रवीण से सख्ती से पूछताछ की गई तो दोनों ने आपसी विवाद में प्रवीण द्वारा निक्की को गोली मारकर हत्या करने की बात कबूल की। उन्होंने घटना को चोरी का रूप देने के लिए अलमारी और सामान को अस्त-व्यस्त किया और आभूषण-पैसे घर में ही छिपा दिए। जनपद मैनपुरी थाना भोगांव निवासी मृतका के माता-पिता की तहरीर के आधार पर कृष्णकांत, प्रवीण और रानी के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया और तीनों आरोपियों को पुलिस की हिरासत में ले लिया गया है। हत्या में प्रयुक्त 32 बोर की देसी पिस्टल बरामद कर ली गई है। मृतका के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चरी भेजा गया है। अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।





**साली को फोन कर घर में चोर घुसने की दी जानकारी**

छिबरामऊ। मृतक निक्की के पिता अरविंद ने बताया कि बुधवार की रात लगभग 9:52 पर उनकी छोटी पुत्री संध्या के फोन पर कृष्णकांत ने फोन कर कहा कि घर में चोर घुस गए है और मैं घर जा रहा हूं। उसके कुछ देर बाद पुत्री की ननद रानी ने चोरों द्वारा निक्की को गोली मार देने की सूचना दी गई। मृतका के परिजन आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# न.प. की दुकानों का किराया अब मार्केट रेट से होगा तय

**▸ बोर्ड बैठक में लिये गये कई अहम फैसले**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें नगर पालिका की दुकानों का किराया अब मार्केट रेट के आधार पर तय करने का निर्णय लिया गया। सिकमी किराएदारों से दुकानें खाली करवाकर नया आवंटन होगा और सभी दुकानदारों से नई सिक्योरिटी मनी जमा कराई जाएगी।

बैठक में बताया गया कि नगर क्षेत्र के भवनों का सर्वे पूरा हो चुका है। इसके आधार पर इसी वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से नया भवन कर और जलकर लागू होगा। नगर में 139 मदों पर लाइसेंस शुल्क लिया जाएगा। मोहल्ला बिरतिया ऊंचा के बारात घर का किराया 2500 से बढ़ाकर 5100 रुपये और नेहरू सदन का किराया 1000 से बढ़ाकर 2100 रुपये किया गया। निर्माण कार्य के लिए पानी के टैंकर का शुल्क 400 रुपये होगा, लेकिन शादी, त्रयोदशी संस्कार और भंडारे में यह सेवा मुफ्त रहेगी। गेस्ट हाउस का नक्शा पास कराने पर वैल्यूएशन का 5 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना देना होगा। ठेकेदारों को 50 हजार रुपये की एफडीआर जमा करनी होगी, जो काम के ऑडिट के बाद ही वापस होगी। गणेश महोत्सव के आयोजन स्थलों पर एंटी लारवा छिड़काव होगा। डीलक्स शौचालयों में यूरिनल मुफ्त, जबकि शौच के लिए 10 रुपये शुल्क देना होगा। बैठक में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जेई रविराज कौशल, प्रधान लिपिक संजय वर्मा सहित सभी सभासद मौजूद रहे।



## प्रेमवती गुप्ता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गंगोत्री गेस्ट हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि एवं त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में स्वर्गीय प्रेमवती गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर परिजनों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें याद किया। उनके पुत्र संजीव गुप्ता, पौत्र अनुज गुप्ता (जॉनी भैया), वरुण गुप्ता (गोलू), मयंक गुप्ता सहित अन्य परिजनों और रिश्तेदारों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि ओमकार शाक्य, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता (लालू), राहुल गुप्ता (मोंटी), प्रभाकर गुप्ता, बृजेश गुप्ता, महिंद्रा ट्रैक्टर्स के आनंद गुप्ता और जीतू तिवारी सहित नवीन मंडी के अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय प्रेमवती गुप्ता के योगदान को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। यह आयोजन उनकी स्मृति में एकजुटता और श्रद्धा का प्रतीक बना।

# किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: पं अवधेश कुमार त्रिपाठी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विशुनगढ़ रोड पर लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने किसानों के उत्पीड़न के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जैसे फसल बीमा में धांधली, उचित मूल्य न मिलना, सिंचाई सुविधाओं की कमी और सरकारी नीतियों में किसान-विरोधी रवैया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा और यदि आवश्यक हुआ तो आंदोलन की राह पर भी कदम बढ़ाएगा। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि किसानों की मांगों पर तत्काल ध्यान दें, अन्यथा भाकियू (अवधेश) सड़कों पर उतर आएगी।



संचालन कर रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने किसानों के हित में संगठन की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पिछले वर्षों में भाकियू (अवधेश) ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों के लिए बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संगठन ने कई धरने और प्रदर्शन किए, जिसके फलस्वरूप किसानों को लाखों रुपये का लाभ हुआ। इसके अलावा, जैविक खेती को बढ़ावा देने, बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और ग्रामीण विकास योजनाओं में किसानों की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों से हजारों किसान लाभान्वित हुए हैं। विवेक गुप्ता ने कहा कि संगठन का लक्ष्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे आर्थिक शोषण से मुक्त हो सकें। उन्होंने आगामी योजनाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को बाजार से जोड़ने और कृषि ऋणों में राहत प्रदान करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने संगठन की स्थापना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भाकियू (अवधेश) किसानों की एकजुट आवाज है, जो देश भर में फैल रही है। उन्होंने युवा किसानों को संगठन से जुड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव रामेंद्र सिंह फौजी, अरविंद कुमार दुबे, डॉ. आरके पाल, अश्विनी मिश्रा, गौरव शुक्ला, डंपी उर्फ सलमान, आदेश सिंह, सर्वेश मिश्रा, प्रमोद कुमार द्विवेदी, आशु पांडेय, आशीष सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला कोलियान निवासी रामस्वरूप गुप्ता कंडक्टर एवं ग्राम हाथिन में दिवंगत हुए महेश गुप्ता के यहां पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया। 25 अगस्त को रामस्वरूप गुप्ता का 87 वर्ष की आयु में और इसी दिन ग्राम हाथिन निवासी महेश गुप्ता का निधन हो गया था। प्रिया शाक्य ने दोनों के आवास पर जाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा ईश्वर मृत आत्माओं को शांति प्रदान करे और परिवारों को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति दे। प्रिया शाक्य ने परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता (लालू), प्रभाकर गुप्ता, पंकज गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना दाल वाले, अमित भारतीय, पुष्पा देवी, अरुणा, सीमा, ज्योति और बृजेश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही

**▸ जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर डीएम-एसपी ने दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आगामी निर्वाचन को लेकर की जा रही तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। दोनों अधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित समस्त कार्यों को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े सभी अभिलेखों, चुनाव सामग्री के भंडारण तथा उसकी सुरक्षा व्यवस्था का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने चुनाव अवधि के दौरान कानून- व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था भंग न होने पाए, इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाए, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराई जा सके।



निरीक्षण करते डीएम- एसपी

# तिलखोर नदी की सफाई और अतिक्रमण हटाने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



तिलखोर नदी पर अतिक्रमण हटाने और इसकी पैमाइश व सफाई की मांग को लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. प्रत्युष द्विवेदी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नदी पर अवैध कब्जे के कारण छिबरामऊ नगर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे किसानों को फसल उगाने में कठिनाई होती है। नदी की सफाई न होने से खेतों में भी जलभराव की स्थिति बनी रहती है। पिछले दिनों जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने तिलखोर नदी से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 1940 और 1960 के नक्शों में गाटा संख्या 1959 के रूप में तिलखोर नदी दर्ज है, जबकि 2012-13 में कुछ अधिकारियों की शह पर भू-माफियाओं ने नदी की जमीन पर कब्जा कर लिया। भाजपा सरकार नदियों और तालाबों को कब्जामुक्त कराने के लिए प्रयासरत है। ज्ञापन के साथ 1940, 1960 और 2012-13 के नक्शे प्रस्तुत किए गए, साथ ही गाटा संख्या 1309 पर सरकारी तालाब को भी कब्जामुक्त कराने की मांग की गई।

# प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें

**▸ मंत्री असीम अरूण ने नवनिर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**

**▸ योजना अंतर्गत पम्पहाउस, सोलर सिस्टम, पाइपलाइन सहित सभी कार्य हुए पूर्ण**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने हर घर जल- नल योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जलालपुर सरवन में नवनिर्मित उच्चजलाशय (पानी की टंकी) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस जलाशय की क्षमता 200 किलोलीटर तथा ऊँचाई 14 मीटर है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण ने अवगत कराया कि योजना अंतर्गत पानी की टंकी, पम्पहाउस, सोलर सिस्टम, पाइपलाइन तथा घरों में कनेक्शन सहित सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं और क्लोरीन युक्त स्वच्छ जल की नियमित आपूर्ति की जा रही है। मंत्री ने योजना की गुणवत्ता की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की सुनिश्चित आपूर्ति होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पाइपलाइन, नल और जलापूर्ति व्यवस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान ने जानकारी दी कि 15 घरों में जल कनेक्शन अभी भी शेष हैं। इस पर मंत्री ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि शेष कनेक्शन को तत्काल पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए ताकि किसी को भी जलापूर्ति में असुविधा न हो।

मंत्री ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप हर ग्रामीण परिवार तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को परियोजना के संचालन व रख-रखाव में पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, टीपीआई, डीपीएमयू तथा निर्माण फर्म के प्रतिनिधि रहे।

# अपर जिला जज ने जेल का निरीक्षण कर, बंदियों से की पूछताछ

**▸ महिला सशक्तिकरण व मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर आयोजित**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जयसवाल ने जिला कारागार अनौगी का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनों तथा बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव ने जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, खानपान, चिकित्सा सुविधाओं तथा मुकदमों में पैरवी हेतु अधिवक्ताओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इसके अतिरिक्त सचिव ने लीगल एड प्राप्त कर रहे विचाराधीन बंदियों के रजिस्टर एवं लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयंसेवकों को निर्देश दिये कि वे निरुद्ध बंदियों को समुचित विधिक सहायता उपलब्ध कराएं।

निरीक्षण के दौरान दो बंदियों ने अपने मामलों की पैरवी हेतु सरकारी अधिवक्ता नियुक्त किए जाने की याचना की, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जेल विजिटर / लीगल एड डिफेंस काउंसिल मोहम्मद सैफ को संबंधित न्यायालय में पैरवी हेतु निर्देश दिए। सचिव द्वारा जेल में संचालित ई- प्रिजन पोर्टल का भी निरीक्षण किया। पोर्टल पर कुल 10 जमानत आदेश संबंधित न्यायालयों द्वारा प्रेषित किए गए हैं। इस पर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद को निर्देश दिए कि ऐसे बंदियों के संबंध में, जिनके जमानत आदेश पोर्टल पर उपलब्ध नहीं हैं, तत्काल सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद, जेलर सहित आदि लोग रहे।



जिला कारागार कन्नौज का निरीक्षण करती अपर जिला जज लवली जायसवाल

# इंटर के छात्र व छात्रा की मौत, बीमार थे दोनों बच्चे

**सौरिख, समृद्धि न्यूज़।**

ऋषि भूमि इंटर कॉलेज के बारहवीं क्लास में पढ़ रहे छात्र वा छात्रा एक माह से बुखार से पीड़ित थे।गुरुवार की सुबह तीन बजे छात्रा ने मिनी पीजीआई सैफई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया वही घर पर सुबह सात बजे छात्र की मौत हो गई।सूचन मिलते ही विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई वही दोनों की मौत की सूचना पर विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया वही विद्यालय परिवार बच्चों के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

सौरिख थाना क्षेत्र के गांव सरवाई निवासी रुचि(15) पुत्री किशन यादव ऋषि भूमि इंटर कॉलेज में बाहरवी की छात्रा है।एक माह से बीमार चल रही थी।परिजनों का कहना है तेज बुखार के चलते रुचि के पूरे शरीर में इंफेक्शन फैल गया था।कुछ दिन तक सौ सैया छिबरामऊ अस्पताल में उपचार चलता रहा जहां डॉक्टर ने रुचि की हालत में सुधार ना होने पर मिनी पीजीआई सैफई के लिए रेफर कर दिया था। गुरुवार की सुबह तीन बजे छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।वही इस घटना से मां सुमन देवी भाई शिवा वा बहने साक्षी और मीनाक्षी का रो रो कर बुरा हाल है।वही दूसरा मामला सौरिख कस्बे के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी सत्यम तिवारी(15) पुत्र स्वर्गीय राजेश तिवारी भी कस्बे के ऋषि भूमि इंटर कॉलेज में बाहरवी का छात्र था। वही भी एक माह से बुखार से पीड़ित था। के चलते मां ने घर पर ही सत्यम का इलाज जारी रखा।जिसके चलते सत्यम की गुरुवार को सुबह सात बजे घर पर ही मौत हो गई।घटना से मां और छोटी बहन सीमा को रो रो कर बुरा हाल है।वही पिता की दो साल पहले मौत हो गई थी।वही सत्यम छोटी सी दुकान में बच्चों की खाने पीने की सामान बेचकर अपने परिवार का काम चला रहा था।वही इस दो घटना की जानकारी होते ही विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिवार ने बच्चों की मौत पर विद्यालय में अवकाश कर दिया वही विद्यालय परिवार दोनों बच्चों के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।





## पिता-पुत्र को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कैरदा रोड पर युवक के साथ मारपीट कर पिता पुत्र को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश करने वाले दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी ओमनारायन दीक्षित और उनके पुत्र सूरज दीक्षित पर बुधवार शाम दावत से लौटते समय कुछ लोगों ने हमला कर दिया। घटना कैरदा संपर्क मार्ग पर ब्रह्मदेव मंदिर के पास हुई। ओमनारायन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बेटे सूरज पर थाना ऊसराहार के ग्राम पुरैला निवासी नारायण हरि पुत्र सतीशचन्द्र दुबे, ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी सुबोध कुमार पुत्र अविनाशचन्द्र दीक्षित और उनकी पत्नी दुर्गेश नंदिनी ने लाठी-डंडों व रॉड से हमला कर दिया। जब ओमनारायन मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर और उनके बेटे पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की।

# बेरोजगार कृषि स्नातकों को मिलेगा, कृषि केंद्र वन स्टॉप शॉप खोलने का अवसर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**▸ कृषि उद्यमी स्वाबलंबन योजना से खुलेंगे रोजगार के नये रास्ते**

कृषि उद्यमी स्वाबलंबन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हैं। इस योजना के अंतर्गत कृषि से स्नातक करने वाले बेरोजगार युवाओं के लिये सरकार द्वारा विशेष सुविधा प्रदान की जा रही है।

कृषि उद्यमी स्वाबलंबन योजना के अंतर्गत जनपद में चयनित अभ्यर्थियों को खाद, बीज, रसायन एवं उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु कृषि केंद्र (वन स्टॉप शॉप) संचालित करने का अवसर दिया जाएगा। यह बात जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वाबलंबन (एग्रीजंक्शन) योजनांतर्गत लाभार्थियों के चयन के संबंध में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने बताया कि चयनित कृषि स्नातक युवाओं को 13 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरान्त केंद्र के संचालन हेतु सरकार द्वारा 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें 60 हजार रुपये की ब्याज सब्सिडी सरकार द्वारा वहन की जाएगी। कहा कि खाद, बीज एवं कृषि रक्षा रसायन के लाइसेंस की फीस पूर्णतः माफ होगी।

साथ ही परिसर/ दुकान किराया एक वर्ष के लिये 12 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह योजना न केवल बेरोजगार कृषि स्नातकों को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि किसानों को उनके क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज व उर्वरक भी समय पर उपलब्ध होंगे। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, एलडीएम अमरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण रहे।

# एक्सप्रेसवे पर रेलिंग से टकराई बाइक चालक की मौत, साथी घायल

**सौरीख, समृद्धि न्यूज।**

आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर लखनऊ से आगरा जाते समय बाइक टकराई चालक की मौत हो गई और साथी के गंभीर चोटे आई जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में भर्ती कराया गया। लखनऊ के थाना कैंट सदर बाजार रामदास का हाता निवासी अरबाज (24) पुत्र मोहम्मद शमी गुरुवार समय लगभग सुबह 4:00 बजे अपने अन्य साथियों के साथ आगरा जा रहा था।अरबाज की बाइक पर उसका साथी मोहमद हसीब पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी मलाक रेलवे क्रॉसिंग नीलमथा थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ बैठा था जैसे ही उनकी बाइक आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सकरावा थाना क्षेत्र के किलोमीटर 142 पर पहुंची तभी उसकी बाइक रेलिंग से टकराकर फिसल गई जिससे दोनों उछल कर डिवाइडर पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह एवं सेफ्टी टीम ने हाईवे एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने अरबाज को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे घायल का वहां इलाज चल रहा है उसके साथी ने मृतक अरबाज के परिजनों को सूचना दे दी है परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# गणेश महोत्सव के दूसरे दिन पंडाल में उमड़ी भीड़

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड के तत्वाधान में आयोजित 11वें वार्षिक श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में दूसरे दिन पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारी और गणपति बप्पा मोरिया के नारों से पंडाल गूंज उठा।

**भक्तों ने की आरती**

मुख्य अतिथि हृदय अग्रवाल ने भगवान श्री गणेश जी की आरती उतारी, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मच गई। यशिका रानी तिवारी ने ÷ओ माय फ्रेंड गणेशा भजन पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा, सजा दो घर को गुलशन सा मेरे भगवान आए हैं भजन पर यशिका रानी, आद्रिका अरोड़ा, दीक्षा किट्टू, सोना श्रद्धा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी दर्शकों का आभार प्रकट किया और सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पंकज मिश्रा, पवन गुप्ता, प्रशांत त्रिपाठी, राजू गुप्ता, हरिओम मिश्रा और अन्य का विशेष सहयोग रहा। गणेश महोत्सव के दौरान शहर में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।



# निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज में काम कर रहा मजदूर ऊंचाई से गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज में काम कर रहा मजदूरा ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



सीएचसी में मजदूर को देखते चिकित्सक

जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के पूर्णिया थाना क्षेत्र के भमरा नगला निवासी मोहम्मद मुंतसिर उम्र 18 वर्षीय पुत्र जावेद अली जो तहसील कायमगंज क्षेत्र के गाँव अल्लापुर में पी.एन. अग्रवाल के कोल्ड स्टोर में चल रहे निर्माण कार्य में मजदूरी करने आया है। गुरुवार को वह कोल्ड स्टोरेज में राज मिस्त्री फकरूदीन के साथ ऊंचाई पर काम कर रहा था। मसाले से भरा तसला जैसे ही मजदूर ने उठाया, तभी अचानक वह कोल्ड स्टोर की ऊँचाई से नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास काम कर रहे उसके ही गॉव के लोगों ने ठेकेदार की मदद से घायलावस्था में मजदूर मोहम्मद मुंतसिर को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं इमरजेन्सी में फार्मासिस्ट रोहित ने मोहम्मद मुंतसिर की रजिस्टर में इन्ट्री करने के लिए नाम, पता, उम्र पूछी तो उसके भाई ने उसकी उम्र 17 वर्ष की बताई। वहीं ठेकेदार ने उसके भाई को हड़काते हुए कहा उसकी उम्र 18 वर्षीय है। इस बात को सुनकर फार्मासिस्ट ने जब उसका आधार कार्ड माँगा, तो ठेकेदार ने मना कर दिया। कहा मजदूर का आधार कार्ड नहीं है।

# टाउन क्षेत्र के लिए बनाया गया नया फीडर, टेस्टिंग शुरु

- अब लोगों को मिलेगी 22 घंटे बिजली, दूर होंगी समस्यायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



फीडर की टेस्टिंग करते जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद व ऑपरेटर

3311 केवी विद्युत उपकेंद्र में नगर पंचायत टाउन के लिए नए फीडर की टेस्टिंग की गयी। एसडीओ ने बताया कि टेस्टिंग के बाद गांवों को इस फीडर से जोड़ दिया जायेगा।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित 3311 केवी विद्युत केंद्र पर नगर पंचायत के टाउन क्षेत्र में बिजली की किल्लत को देखते हुए एसडीओ धर्मेंद्र वर्मा तथा जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद की पहल से नया फीडर बनाया गया। बताते चलें कि इससे नगर पंचायत के 16 गांव जोड़े जायेंगे। जिसकी टेस्टिंग का कार्य गुरुवार को किया गया। जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद ने बताया कि अब नगर पंचायत क्षेत्र में एक-एक कर सभी ट्रांसफार्मर दो चार दिन में जोड़ दिए जाएंगे। जिससे नगर पंचायत एरिया को नए फीडर से बिजली मिलेगी और नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों की बिजली की समस्या दूर होगी। जूनियर इंजीनियर ने बताया कि अब नगर पंचायत क्षेत्र में लोगों को 22 घंटे बिजली मिलेगी, तो लोगों के यूनिट भी ज्यादा आएंगे और यूनिट की दर भी बढ़ा दी जाएगी। अब लोगों को सात रुपए यूनिट के हिसाब से बिजली का बिल भरना पड़ेगा।

## वृद्धा की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद निवासी सुनीता देवी उम्र 65 वर्षीय पत्नी ब्रजपाल की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# पति के तमाचा मारने पर पत्नी ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चारा काटने से मना करने पर पति ने पत्नी के तमाचा मार दिया। जिससे गुस्सायी पत्नी ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे गंभीर अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया।



अस्पताल में भर्ती महिला

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव ज्योनी निवासी पिंकी कठेरिया उम्र 22 वर्ष गुरुवार सुबह घर पर बैठी थी। पति नन्द किशोर ने पत्नी से कहा भैंस के लिए चारा खांद दो। जिस पर पिंकी ने मना कर दिया। जिससे गुस्साए पति ने पत्नी के गाल पर तमाचा मार दिया। उसके बाद पति घर से बाहर खेतों की ओर चला गया। गुस्सायी पत्नी ने घर में रखा जहरीला कीटनाशक पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर पति पत्नी को लेकर कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर उसका उपचार शुरु कर दिया।

# पूर्व प्रधान की बाढ़ से उफनाये तालाब में डूबकर मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ के पानी से उफनाये तालाब में डूबकर पूर्व प्रधान की मौत हो गयी। सूचना पर मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद प्रधान के शव को बाहर निकाल लिया। शव बाहर निललते ही परिजनों में चीख पुकार मच गयी।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिजपुरा के नगला लालजीत निवासी पूर्व प्रधान प्रवेश यादव उम्र 55 वर्षीय पुत्र राजाराम यादव आज गांव में स्थित टंकी की ओर स्थित अपने खेत पर गए थे। खेत के पास बाढ़ का पानी भरा था। इसी दौरान उनका पैर अचानक फिसल गया और वह पास के तालाब के गहरे पानी में जा गिरे। जानकारी मिलने पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। सूचना पर धर्मपुर और लखनपुर के तैराकों को बुलाया गया। काफी खोजबीन के करीब ढाई घंटे बाद ग्रामीणों ने तालाब से प्रवेश यादव के शव को बाहर निकाला। शव निकलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी, दस वर्षीय पुत्री निशा और आठ वर्षीय पुत्री नेहा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर मंडी चौकी प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने भी घटना की जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यहां बता दें कि बीते दिनों सूखा नगला निवासी पूर्व प्रधान भूरे यादव भी सिनौली पुल पर चल रहे बाढ़ के पानी में डूब गए थे। जहां उनकी भी मौत हुई थी।

# पति की मौत के बाद ससुरालीजनों से प्रताड़ित पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पति की मृत्यु के सात महीने बाद ही सास, ससुर तथा जेठ, जेठानी ने षड्यंत्र रचना शुरु कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नीम करोरी निवासी स्वर्गीय शाहरुख की पत्नी नाजिश ने कोतवाली प्रभारी को दी गयी तहरीर में कहा है कि पीड़िता के पति की मृत्यु 3 जनवरी 2025 को लिवर में इंफेक्शन होने के कारण हो गई थी तथा पीड़िता के पास दो पुत्रियां जीनत 5 वर्ष व अनाया 3 वर्ष तथा एक पुत्र मोहम्मद अब्बास 6 महीने का है। पीड़िता ने बताया कि उसकी सास मदीना बानो, ससुर सुल्तान खान तथा जेठ फिरोज खान, साजिद खान, आरिफ खान, जेठानी नगमा बानो, सिमरन बनो, खुशनुमा बानो सभी लोग मिलकर पीड़िता के प्रति षड्यंत्र रचकर उसके बच्चों को अपने पास कर लिया तथा पीड़िता को मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता को अपनी जान का खतरा है, क्योंकि उक्त लोग पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी देते हैं। जिसकी तहरीर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला को दी गई है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर संबंधित क्षेत्र चौकी इंचार्ज सूर्य प्रकाश उपाध्याय को दी गई है। जिसकी प्राथमिकता से निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### डायरिया से बच्चे की मौत



बच्चे को दफनाते परिजन व इन्सेट में मृतक बच्चे का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** डायरिया से बच्चे की हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव हजरतपुर निवासी अरमित उम्र ढाई वर्ष पुत्र कुलदीप को उल्टी दस्त होने पर परिजन प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहाँ उसका उपचार चल रहा था। आज उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन बच्चे को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही बच्चे की माँ नीतू सहित अन्य परिजनों में कोहराम मच गया।

### ग्रामीणों ने चोर समझकर तीन को पीटा, गाड़ी का शीशा तोड़ा



घटना की जानकारी देते पीड़ित

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी बांके बिहारी पांडे के पुत्र राममोहन पांडे ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह अपने मित्र शिवा, अभय प्रताप के साथ अपनी ननिहाल नबाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला विनायक जा रहा था, तभी बीती रात्रि समय लगभाग 11 बजे ग्राम पिपरगांव में पांच अज्ञात तथा स्वर्गीय जंग बहादुर के पुत्र ऋषिकेश, अशोक सिंह के पुत्र अर्जुन व गौरव शर्मा ने चोर समझ कर गाड़ी को रोक लिया तथा राममोहन पांडे तथा उसके मित्र शिव बाबा, अभय प्रताप के साथ मारपीट की। जिसकी तहरीर कोतवाली प्रभारी को दी गई है। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा रात्रि लगभग 11:00 बजे पिपरगांव के किनारे पकड़ कर मारपीट की गई तथा गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। मौके पर पहुंची डायल 112 ने पीड़ित तथा मित्रों को थाना कोतवाली ले आई थी। पुलिस ने पीड़ित का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद से प्राथमिक उपचार करवाया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिल गई है तथा तहरीर की जांच के लिए हलका इंचार्ज अच्छे लाल पाल को दी गई है। मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### गैंगेस्टर में सगे भाइयों को तीन-तीन वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अवैध गतिविधियों व समाज में भय व्याप्त करने के मामले में सहोरन, रामबरन पुत्रगण पुत्तूलाल निवासी टिलिया मुड़ौल कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

पांच हजार रुपए लगाया गया अर्थदंड

# चिकित्सक की जेब काटकर उचक्कों ने 22 हजार उड़ाये

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात बाइक चालकों ने ई-रिक्शा में जाते समय निजी चिकित्सक की जेब काटकर 22 हजार रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज मेन चौराहा निवासी निजी चिकित्सक नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव कोठरी में कई वर्षों से अपने निजी क्लीनिक का संचालन कर लोगों को स्थानीय सेवायें दे रहे थे। जिनको लगभग 20 से 25 वर्ष इस गांव में हो गए हैं। उनकी अच्छे चिकित्सक में गिनती होती है। गुरुवार को वह ई-रिक्शा से क्लीनिक से अपने घर के लिए निकले, तभी दो बाइकों से पांच व्यक्ति आए और उनके ई-रिक्शा के पीछे बाइक लगा दी। वहीं ई-रिक्शा को रुकवाकर दो व्यक्ति ई-रिक्शा में बैठ गए और उन्होंने अपने हाथ में लिए चटाई को पैरों पर रख लिया। इस बीच करणपुर तथा बांसमई के बीच में कहीं उन्होंने घटना को अंजाम दे दिया और ग्राम बांसमई के निकट वह व्यक्ति ई-रिक्शा से उतरकर बाइक पर बैठकर फरार हो गए। जब पीड़ित चिकित्सक कस्बा नवाबगंज चौराहे पर आकर ई-रिक्शा से उतरा और ई-रिक्शा चालक को जब किराया देने के लिए जेब में हाथ डाला, तो उनका जेब से हाथ बाहर निकल गया। जिससे पीड़ित चिकित्सक के होश उड़ गये तथा घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने उपरोक्त युवकों की काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। तब पीड़ित चिकित्सक ने थाना पुलिस को 22 हजार रुपये जेब काटकर निकाल लेने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## कराटे प्रतियोगिता आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रेलवे रोड स्थित कृष्ण टॉकीज में मेजर ध्यान चंद्र स्मृति में एसोसिएशन द्वारा 29 अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि मिथलेश अग्रवाल व जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह यादव होंगे। जनपद के 200 बच्चे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कराटे एसोसिएशन के सचिव पारस भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह 9 बजे शुरू होकर शाम को 5 बजे तक चलेगी और अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

# खेतों में मिले संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गांव के खेतों में संदिग्ध अवस्था में पकड़े गए व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। अज्ञात व्यक्ति नहीं बता रहा कोई नाम, पता।



थाने में बैठा पुलिस हिरासत में संदिग्ध युवक

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उखरा बीसलपुर में गुरुवार दोपहर गांव के बाहर खेतों में जानवर चरा रहे ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को खेतों में छिपा देखा, तो ग्रामीण दो-तीन लोग अज्ञात व्यक्ति को पकड़ने के लिए दौड़े। जिस पर उपरोक्त संदिग्ध व्यक्ति मारपीट पर उतारु हो गया, लेकिन अपना नाम, पता नहीं बता रहा था। जिसकी सूचना भयभीत ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए युवक को अपनी हिरासत में लिया तथा थाने लेकर आए। जिससे पूछताछ जारी थी, लेकिन वह अपना नाम रामचंद्र निवासी कानपुर बता रहा था। वहीं ग्रामीणों का कहना है की कानपुर के व्यक्ति का बीसलपुर के खेतों में क्या काम है और वह कोई स्थाई नाम पता नहीं बता पा रहा है। जिसके लिए थाना पुलिस प्रयासरत है। रात्रि खबर लिखे जाने तक पकड़े गए युवक की कोई व्यक्तिगत जानकारी हासिल नहीं हो सकी थी।

# पिता-पुत्र को चोर समझकर पीटा, छीने 6 हजार



घटना की जानकारी देते पीड़ित

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिनी ट्रक (छोटा हाथी) की बॉडी बनवाकर लौट रहे पिता-पुत्र को चोर समझकर पीटा तथा तमंचा व बंदूक दिखाकर 6000 रुपये ले लिए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घाटमपुर निवासी सुमेर सिंह का पुत्र पवन कुमार अपने पिता सुमेर सिंह के साथ मिनी ट्रक (छोटा हाथी) की बॉडी बनवाकर कासगंज से लौट रहा था। रात्रि लगभग 11:00 बजे दीपक ढाबे पर खाना खाकर मोहम्मदाबाद से जहानगंज जा रहा था। जैसे ही समय लगभग 11:30 बजे पीड़िता ने मौधा गांव निकलते ही पुलिया के पास खड़े विनय सिंह पुत्र राजवीर, हिमांशु पुत्र अनिल राठौड़, शिवम पुत्र कृष्ण कुमार, सूरज पुत्र अवध बिहारी राठौर निवासीगण मौधा ने गाड़ी को रोक लिया तथा गाली-गलौज करते हुए पिता सुमेर सिंह को गाड़ी से बाहर खींचकर मारपीट की तथा पीड़ित को भी गाड़ी से बाहर खींचकर तमंचा व बंदूक लगाकर लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित ने गाड़ी की डिग्गी में रखे 6000 उक्त लोगों को दे दिए। इसी बीच प्रार्थी के पिता सुमेर सिंह छूटकर भागे तथा चिल्लाने लगे। उक्त लोग जान से मार ने की धमकी देकर चले गए।

पीड़ित अपनी गाड़ी लेकर कोतवाली मोहम्मदाबाद आया। पुलिस ने पीड़ित व पीड़ित के पिता का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद से प्राथमिक उपचार कराया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा तथा पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करेगी।

# माफिया अनुपम दूबे को सजा दिलाने वाली टीम को एसपी ने किया सम्मानित



एसपी के साथ सम्मानित टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुचर्चित शमीम हत्याकाण्ड में प्रदेश स्तरीय चिन्हित माफिया अनुपम दूबे को सजा कराने वाली टीम पुलिस लाइन सभागार सम्मानित हुई। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में प्रदेश स्तरीय माफिया अनुपम दुबे को सजा दिलाने वाली टीम को सम्मानित किया। वहीं मुकदमे की पैरवी करने वाले शासकीय अधिवक्ता, पैरोकार, पुलिस अधिकारीगणों को सम्मानित किया। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, डायल 112 प्रभारी अमोद कुमार सिंह, कोतवाल फतेहगढ़ रणविजय सिंह सहित कई पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। यूपी डीजीपी के निर्देश पर आपरेशन कनविक्शन के अंतर्गत फतेहगढ़ पुलिस की लगातार प्रभावी पैरवी जारी है।

# नाव पलटने से मचा हड़कंप लोगों ने कूदकर बचायी जान



नाव से आवागमन करते ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव भुड़ियाभेड़ा में बुधवार शाम एक नाव पलटने से हड़कंप मच गया। यह घटना शाम करीब 6 बजे की है। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में संपर्क मार्ग की 30 फिट सड़क टूटी होने के कारण लोग नाव से आवागमन कर रहे हैं। घटना उस समय हुई जब कुछ ग्रामीण राजेपुर से बाजार करके अपने गांव भुड़ियाभेड़ा से लौट रहे थे। स्थानीय निवासी सेठी शुक्ला राम ने बताया कि नाव में 6 लोग सवार थे। नाव में एक कुंतल गेहूं भी रखा हुआ था। नाव के अचानक पलटने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। सभी यात्रियों ने तत्काल कूदकर अपनी जान बचाई। नाव में रखा सारा गेहूं बाढ़ के पानी में बह गया। प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग ने अभी तक टूटी सड़क की मरम्मत नहीं की है। इस कारण स्थानीय लोगों को नाव से यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि वह तुरंत सड़क की मरम्मत कराये। जिससे अन्य कोई घटना न घटे।

# पंखियन की मड़ैया में दो और मकान नदी में समाये



गंगा नदी में समाये मकान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंखियन की मड़ैया में गंगा नदी का कटान तेजी से जारी है। बुधवार रात को अनीस अंसारी और जमालुद्दीन के मकान नदी में समा गए। इससे पहले ग्राम प्रधान शहनाज सहित करीब 10 परिवारों के मकान भी नदी में बह चुके हैं। गांव में स्थिति चिंताजनक है। प्रधान का जरदोजी कारखाना भी कटान की चपेट में आ गया है। पूरा गांव पानी से घिरा हुआ है। कुछ परिवार गांव के दूसरी ओर बने मकानों में शरण ले रहे हैं। कई लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं। कुछ ग्रामीण उधार की पन्नी के नीचे सड़क किनारे रह रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पशुओं की स्थिति खराब है। कीचड़ और पानी में रहने से पशुओं को खुरपका मुंहपका रोग हो रहा है। बाढ़ में पशुओं का चारा बह गया है। ग्रामीणों को दूर के खेतों से घास लानी पड़ रही है। प्रशासन ने आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था की है। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि कटान इसी तरह जारी रहा तो आधा गांव नदी में समा सकता है।

## नरौरा बांध से छोड़ा गया 134584 क्यूसेक पानी, तराई क्षेत्र में स्थिति गंभीर



सड़क पर चल रहा बाढ़ का पानी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कायमगंज ब्लॉक की न्याय पंचायत रायपुर क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप जारी है। नरौरा बांध से गुरुवार सुबह गंगा नदी में 134584 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे तराई क्षेत्र में स्थिति गंभीर हो गई है। धर्मपुर, भोगपुर, बहलोलपुर और फूलनगरा के किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन पर खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं। स्थानीय किसान इंद्रपाल सिंह, कौशल कुमार और राजू ने बताया कि उन्होंने पट्टे पर खेत लेकर गोभी और धान की रोपाई की थी। बाढ़ के कारण सारी फसल नष्ट हो गई हैं। गांवों और रास्तों में पानी भर जाने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिली है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अतुल कुमार का कहना है कि प्रशासन बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद कर रहा है।

# पिकअप ने कांवरियों के डीजे में मारी टक्कर, दोनो पक्षों में विवाद

## कांवरियों को पीटने पर लगाया जाम, पुलिस ने समझाकर किया शांत

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** पिकअप की टक्कर कांवरियों के डीजे लदे ट्रैक्टर से हो गई। जिससे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दबंगों ने कांवरियों के साथ मारपीट कर उनकी कांवड़ तोड़ दी। मारपीट के दौरान कुछ कांवरिये घायल हो गए। मौके पर पहुंचे सीओ, थाना प्रभारी के समझाने के बाद कावड़िया घर चले गए। जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव पहरा निवासी लगभग पचास युवक गुरुवार को कांवर लेकर कंपिल जल भरने के लिए आए थे। वापस जाते समय गांव रुदायन के निकट सामने से आ रही पिकअप ने कांवरियों के डीजे लदे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे दोनों पक्षों में बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर गांव निवासी अन्य युवक लाठी-डंडे, तमंचे आदि लेकर मौके पर आ गया और कांवरियों के साथ जमकर मारपीट की। जिससे कुछ कांवरिये घायल हो गए। पुलिस को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। गुस्साए कांवरियों ने सड़क पर जमा लगा दिया। मामला बढ़ता देख पुलिस के हाथ पैर फूल गए। सीओ कायमगंज राजेश कुमार द्विवेदी, थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने मौके पर पहुंचरकर जांच पड़ताल की। पुलिस के समझाने के बाद कांवरिए अपने गंतव्य को चले गए। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया ग्रामीणों की पिकअप की टक्कर कांवपियों के ट्रैक्टर से हो गई थी। जिसको लेकर विवाद हुआ था। मामला शांत करा दिया गया है। सभी कांवरिये शांति के साथ चले गए।

# फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति ने मेधावियों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के तत्वाधान में विभिन्न हस्तियों व मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कानपुर की श्रेया कुशवाह को भारत युवा रत्न सम्मान, फर्रुखाबाद के हर्षित मिश्रा को उत्तर प्रदेश युवा रत्न सम्मान, फर्रुखाबाद के शुमन कुमार को फर्रुखाबाद युवा रत्न सम्मान, संजीव गंगवार को ग्रीन वृक्ष क्रान्ति सम्मान, हर्ष दुबे को राष्ट्रीय योगा सम्मान एवं मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किये गये।

समिति के सभागार में सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन कुलदीप गंगवार, भाजपा नेता शैलेन्द्र राठौर, व्यापारी नेता संजीव मिश्रा बॉबी व कवि कृष्णकांत अक्षर एवं समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने 2025 में विभिन्न युवाओं व मेधावियों को सम्मानित किया।



कार्यक्रम में सम्मानित होते मेधावी छात्र-छात्रायें

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0 काली चरण राष्ट्रीय योग सम्मान हर्ष दुबे को, शिवप्यारी देवी राष्ट्रीय ग्रीन वृक्ष क्रान्ति सम्मान संजीव गंगवार को दिया गया। उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा रत्न सम्मान जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह को, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0 काली चरण उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा रत्न सम्मान डॉ0 कृष्ण मुरारी, एवं ओकार सिंह यादव को, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0 काली चरण राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान डा0 कृष्णकान्त त्रिपाठी अक्षर को, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0 काली चरण शिक्षा सम्मान के अर्न्तगत मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। हाई स्कूल की परीक्षा में सक्षम दुबे, अभिनव पाठक, राघव अग्रवाल, निमिष, हर्षित दीक्षित, कमलकान्त यादव, कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रांशु, शैलजा, उत्सव, पार्थ रखोगी, प्रियांशी, खुशी, कशिश, शान्या, अमन, मुस्कान, मंडशा, उमरा रईस, बी.ए. में दिव्या, लक्ष्मी प्रविष्ठा/बी.एस-सी में तनीशा चौहान/डी.एल.एड. में विशाल राजपूत को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने छात्र-छात्राओं को लगातार अध्ययन करते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। जनपद के विभिन्न कॉलेज एवं विद्यालयों के बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिल्पी सिंह, अवनीत चतुर्वेदी, ऋतु प्रियल, कृषिका जौहरी, बबिता, अकेश कुमार को पर्यावरण जागरूकता के लिए, शिवप्यारी देवी ग्रीन वृक्ष क्रान्ति सम्मान एवं संजीव गंगवार, योगिता गंगवार, शरद नागर, शिल्पी सिंह, रजनेश गंगवार, प्रतिमा गंगवार, मान्या गंगवार, स्निग्ध तिवारी को स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पं0 कालीचरन राष्ट्रीय योगा सम्मान प्रदान किया गया। संचालन हर्षित मिश्रा ने किया।

# मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में गणेश महोत्सव पर लगाये गये फूड स्टाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रशासनिक भवन में चल रहे सप्त दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव के द्वितीय चरण में बैच-2019 द्वारा पूजन, आरती एवं भजन संध्या के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैच 2019 फूड स्टॉल का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न प्रकार के फूड आदि रखे गये। लजीज व्यंजन का गणेश महोत्सव में प्रसाद के तौर पर लुफ्त उठाया गया। सुबह से ही पूजन सम्पन्न हुआ। महाआरती हुई। देर शाम भजन संध्या के साथ फूड स्टाल लगाये गये। फूड स्टाल ग्रुप-1 में कृतिका, रुपाली, अपूर्वा, हर्षिता ने भाग लिया। फूड स्टाल-2 में अलफिजा नाज, अलशिफा नाज, मोहिनी ने प्रतिभाग किया। फूड स्टाल-3 में अंशू आर्या ने भाग लिया। साथ ही भजन संध्या ग्रुप द्वारा भक्ति मय गीत प्रस्तुत किये गये। जिसमें कृतिका, रुपाली, अपूर्वा, हर्षिता, कृतिका गौतम, नीतू, श्वेता, दिव्या, मोनिका आदि ने भाग लिया। विभिन्न तरीके के फूड लगाये गये। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रतिभागी प्रशिक्षु मौजूद रहे।



फूड स्टाल के दौरान मौजूद प्रतिभागी प्रशिक्षु

# डीएम ने ली बेसिक शिक्षा विभाग के मासिक कार्यो की समीक्षा




बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के मासिक कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बीएसए ने बताया कि स्कूल चलो अभियान में 2025-26 में अभी तक 25846 नामांकन हो गये है। पीएम सूर्यघर योजना में 200 के सापेक्ष 70 सोलर सिस्टम लग गए है। मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय दुर्गुपुर की डीपीआर तैयार हो गई है, कार्यदायी संस्था को बजट हस्तांतरित कर दिया गया है। सिवारा खास में भूमि चिन्हित हो गई है, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का कार्य प्रगति पर है। विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट प्रेषित की जा रही है, सभी पाठ्य पुस्तकों का वितरण हो गया है। डीएम ने निर्देशित किया कि आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी विद्यालयों में बाउन्ड्रीबाल व किचिन शेड उपलब्ध हो, कंपोजिट ग्रांट खर्च करने के लिये कार्ययोजना तैयार की जाये। 146400 के सापेक्ष 134300 बच्चों के आधार कार्ड बन गये है, 219 जर्जर भवनों में से 194 भवनों की मूल्यांकन आख्या प्राप्त हो गई है। डीएम ने जल्द से जल्द नीलामी कराने के लिये निर्देशित किया। बैठक में पीडीडीआरडीए, बीएसए, डीआईओएस, डिप्टी सीएमओ, सभी खंड शिक्षा अधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

# राधा रानी की उपासना से भगवान कृष्ण की होती है कृपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराधा शक्ति श्याम मंदिर लोहाई रोड पर राधा रानी का मंगला दर्शन के साथ श्रीराधा सहस्त्र नाम गोपाल, सहस्त्र नाम राधा रानी की कृपा के साथ पूजन सम्पन्न हुआ। शास्त्रीय ढंग से नामावली यज्ञ विद्वान पंडित द्वारा सम्पन्न कराया गया। भगवताचार्य डॉ. मनमोहन गोस्वामी द्वारा राधा सप्तशती के अन्तर्गत गोपियों के भाव एवं राधा रानी के महा भाव की अध्यात्मिक रहस्यमय ढंग से व्याख्या की। राधा तत्व दर्शन में परम पुराण स्त्री भाव प्रकृति की सृष्टि, आत्मा से परमात्मा, विविध विचारों और उपासना में श्रीराधा रानी की उपासना के द्वारा परम शक्ति परमात्मा भगवान कृष्ण की कृपा होती है। श्रीराधा की उपासना ही अंकुर की उपासना को सर्वोपरि माना। श्रीमद् भागवत गीता के संदेशों में राधा रानी की उपासना सर्वोपति माना। वृंदावन से आये भगवताचार्य डा0 योगेश गोस्वामी ने ठाकुर की भक्ति वृंदावन धाम में कण-कण में ईश्वर की अनुभूति, स्थान की महिमा, नंद गांव, गोकुल, बरसाना, गोवर्धन, यमुना तट पर भगवान कृष्ण की लीलाओं की अध्यात्मिक अनुभूति आज भी होती है। व्यक्ति की सोंच ईश्वर के प्रति हो। उसकी भक्ति भावना और श्रीराधा रानी की कृपा दृष्टि से और उसकी भक्ति पर निर्भर करता है।



अध्यात्मिक प्रवचन करते डा0 योगेश गोस्वामी, मौजूद भक्तगण

संगीतमय संकीर्तन राधा रानी के तात्विक अध्यात्मिक दृष्टि को अपने भक्तों को सहज भाव, महाभाव में अनुभूति में श्री राधा रानी को जीव मनुष्य के जीवन का आधार कहा है। इस अवसर पर सुरेन्द्र सफ्फड़, डॉ. मनोज महरोत्रा, डॉ. शिवओम अम्बर, हर्षित सिगतिया, जितेन्द्र अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा, अरुण जालान, गौरव अग्रवाल, रोहित गोयल आदि लोग मौजूद रहे। गोष्ठी के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ विराम हुआ। संचालन बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया।

## भाकियू की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 26 सितम्बर को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैट के आगमन को लेकर चर्चा हुई। वह महापंचायत में शामिल होंगे और किसानों को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी किसान नेता अभय यादव ने दी है।

# वैदिक संस्कृति में ही संस्कार निहित है: संदीप आर्य

**हवन कर ग्रामवासियों ने सुख-समृद्धि की कामना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में चल रहे श्रावणी वेद प्रचार अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के गदनपुर में सामूहिक सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें आर्य विद्वानों ने ग्रामवासियों को मनुष्य जीवन मे संस्कारों के महत्व की शिक्षा दी। संयोजक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि वैदिक संस्कृति में ही संस्कार निहित हैं, क्योंकि वेद केवल ज्ञान या उपासना की पुस्तकें नहीं हैं, बल्कि वे जीवन के हर क्षेत्र को दिशा देने वाले शाश्वत मार्गदर्शक हैं। संस्कार शब्द सं, कृ, धातु से बना है, जिसका अर्थ है शुद्ध करना, परिष्कृत करना और श्रेष्ठ बनाना। संस्कार मनुष्य के जीवन को साधारण से उत्तम बनाने की प्रक्रिया है। वैदिक संस्कृति और संस्कार का संबंध अति प्राचीन है वेद जीवन के प्रत्येक चरण के लिए संस्कार बताते हैं। यही कारण है कि गर्भाधान से अंत्येष्टि तक सोलह संस्कार वैदिक संस्कृति की नींव माने जाते हैं। वेदों के मंत्र मनुष्य को सत्य, अहिंसा, पवित्रता, संयम और सेवा का मार्ग दिखाते हैं।



हवन में आहूतियां देते ग्रामवासी

संस्कार इन आदर्शो को जीवन में उतारने का साधन हैं। संस्कारवांन युवा शक्ति से ही श्रेष्ठ परिवार, श्रेष्ठ समाज व एक उन्नत राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। जयपाल आर्य ने कहा कि वेदों के संस्कार स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक संतुलन को बनाए रखने में भी सहायक होते हैं, यही कारण है कि भारतीय जीवनशैली को संस्कारों की संस्कृति कहा जाता है। सामूहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामवासियों ने लोकल्याण की भावना के साथ आहुतियां प्रदान कीं। भारतीय सेना के जवान विवेक यादव ने सपत्नी यजमान बनकर विद्वानों का आशीर्वाद प्राप्त किया। आर्य समाज के प्रधान हरी सिंह आर्य ने यजमानों व अतिथियों को स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश भेंट किया। कार्यक्रम में राजवीर सिंह, अर्जुन सिंह, अरविंद यादव, शेर सिंह, मंजू आर्य, नेहा आर्या आदि उपस्थित रहे।

# डांडिया कार्यक्रम का विहिप, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी ने किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर डांडिया कार्यक्रम की अनुमति न देने के संबंध में विभागीय कर्मी को ज्ञापन सौंपा गया। दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका विधि सिंह ने ज्ञापन देकर मांग की है कि शहर के निवासी संजीव बाथम एवं अनुराग कनौजिया डांडिया कार्यक्रम कराकर अश्लीलता करते है और धन उगाही करते है। ऐसे में अनुमति न दी जाये। 6 माह पूर्व नवरात्रि के अवसर पर डांडिया गरवा नाइट के नाम पर समाज में अश्लीलता परोसते है। जिसका विरोध पिछली बजरंग दल द्वारा किया गया था और अनुमति नहीं दी गई थी। ऐसे घृणित कार्य को रोकने के लिए पुनः मांग की जा रही है। 12 अक्टूबर को बीएस गार्डन लालगेट पर अनुराग कनौजिया कार्यक्रम कराने की योजना बना रहे है। जिसका पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी किया जा चुका है। हिन्दू संगठन मांग करते है कि ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति न दी जाये। इस मौके पर दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका विधि सिंह, जिला संयोजक बजरंग दल सुदीप कुमार, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष मुकेश बाथम, शिवकांत कटियार आदि लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद हिन्दूवादी नेता

## घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो भजन पर झूमे भक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री रंगेश्वर महादेव मंदिर राय दीपचंद स्ट्रीट में भगवान गणपति का द्वितीय महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ बनाया जा रहा है। जिसमें गणेश चतुर्थी पर भगवान के विग्रह की स्थापना हुई एवं सत्यनारायण की कथा का पाठ हुआ। बच्चों की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक की बच्चों ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में लगभग एक दर्जन बच्चों ने भाग लिया। रिद्धि मिश्रा, सिद्धि मिश्रा, आशी, कनिष्ठा, रागिनी, निधि, उन्नति, गुनगुन, शगुन, हिना, सृष्टि, पूजा आदि बच्चों ने भाग लिया। वहीं महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए गणपति की आराधना की। रमा पांडेय, रंजना अरोड़ा, श्याम शुक्ला, अंजू, वीना, अलका, पुष्पा, किरण, खुशबू, वर्षा जैन, सुनीता तिवारी, रेनू दुबे, इशिका मिश्रा, हिना आदि महिलाओं ने भजन गए।

# लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के निर्देशन में लघु, अपराधिक के मामले एवं धारा 138 एनआई एक्ट संबंधित तैयारी बैठक अपर जिला जज/नोडल अधिकारी अभिनीतम उपाध्याय की अध्यक्षता में एडीआर भवन में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज, सचिव संजय कुमार ने किया। लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर के लिए चिन्हित किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। अब तक धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित 27 मामले व लघु अपराधिक अब तक कुल 812 मामले चिन्हित किये जा चुके है। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धनश्याम शुक्ला, न्यायिक अधिकारी प्रीति माला चतुर्वेदी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ज्ञानेश कुमार, जयवीर सिंह, युगुल शंभू, ओमश्री चौरसिया, सुबुक मुस्कान, प्रशांत कौशिक, हिमांशु नौटियाल, गुलफसा, श्वेता कश्यप, शोभा रानी, दीपिका रानी, शिवानी सिंह, बलवीर सिंह यादव आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

## संयुक्त चेकिंग में तीन ओवरलोड ट्रक सीज, लगाया गया जुर्माना



ट्रक के प्रपत्र देखते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा बघार पर खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग में एक ट्रक ऐसा पाया गया जिनकी खनन विभाग की रॉयल्टी कम जमा थी तथा ट्रक ओवरलोड भी था। ट्रक को मेडिकल कालेज पुलिस चौकी बघार पर सीज कर दिया गया तथा खनन विभाग द्वारा रुपए 27700 तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 30 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त दो अन्य ओवरलोड ट्रकों को बघार से पकड़कर सीज किया गया। उन पर 77 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्यवाही में खनन विभाग द्वारा रू0 27700 तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 107000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है।

# प्रकृति प्रेमी पुष्पा सिंह ने बच्चों को वितरित किये तुलसी के पौधे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रकृति प्रेमी पुष्पा सिंह ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं को तुलसी के पौधे वितरित किये। गुरुवार को गैसिंहपुर के पीएम श्री विद्यालय में बच्चों को तुलसी के महत्व की जानकारियां दी। शिक्षिका पुष्पा सिंह ने बताया कि तुलसी एक औषधि है जो विभिन्न रोगो में काम आती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रेरित किया कि अपने घर में तुलसी का पौध अवश्य लगाये। क्योंकि तुलसी में भगवान का वास होता है। बच्चों ने तुलसी का पौधा लेकर अपने घरों में लगाया और उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि यह निरंतर कार्य जारी रहेगा। समय-समय पर वह तुलसी के अलावा अन्य पौधे भी वितरित कर पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए आम जन मानस को प्रेरित करती रहती है। जब ज्यादा से ज्यादा पौधे होंगे, तभी हमें शुद्ध वातावरण मिल पायेगा। इस मुहीम में वह निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया है जिसे वह निरंतर जारी रखती है।



बच्चों को तुलसी के पौधे वितरित करती पुष्पा सिंह

# लोको दरगाह पर नौचंदी जुमेरात में अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ शहर की ऐतिहासिक गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल लोको रोड स्थित दरगाह हजरत मखदूम शाह सय्यद शाहबुद्दीन औलिया रह0 अलैह के आस्ताने पर रबीउल अव्वल के महीने की चांद की 5 तारीख को पड़ी नौचंदी जुमेरात, अकीदत के साथ फातिहा ख्वानी कर मनाई गई। दरगाह शरीफ में फजर की नमाज के बाद से चादर पोशी और फातिहा का दौर चला।

हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे की प्रतीक दरगाह पर नौंचदी जुमेरात पर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन की सरपरस्ती में फातिहा ख्वानी कर चादर पोशी कर जिसमें बड़ी तादाद में भीड़ उमड़ी और अपने अपने तरीके से अकीदत पेश की। मौलाना शोएब आतिर मदारी ने माहे रबीउल अव्वल के महीने की फजीलत बयान की। रबीउल अव्वल इस्लामी साल का तीसरा महीना है, यह महीना मुसलमानों के लिए महान, फजीलत वाला और सम्मान का हकदार है। इसका कारण यह है कि इसी महीने में हमारे प्यारे नबी हजरत मुहम्मद (स) की पैदाइश, हिजरत और विसाल (इंतकाल) जैसे महत्वपूर्ण वाकिए पेश आए। रबीउल अव्वल में ही नबी (स) मक्का से मदीना हिजरत फरमा कर पहुंचे। यह वाकिया इस्लाम की तारीख में एक अहम मोड़ था, क्योंकि इसी हिजरत से इस्लामी समाज की बुनियाद रखी गयी। उधर खानकाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम चिश्ती साबरी मुजद्दिदी ने तकरीर कर कहा मोहब्बत सभी से नफरत किसी से नहीं और आज इसी पैगाम को हर खानकाह या दरगाह को आम करने की जरूरत है, क्योंकि इन सूफियो ने अपनी खानकाह के दरवाज़े पूरी आलमे इन्सानियत के खोल रखे है। साथ ही मुल्क की तरक्की, आपसी भाई चारे अमन और अमान के लिए दुआएं की गई। इस मौके पर मिनहाज उर्फ लवली अंसार साबरी, रफत हुसैन, मुहम्मद हनीफ उर्फ़ बबलू, आकिब खान, अजहर हुसैन, मुबीन साबरी, आफताब साबरी, अजहर हुसैन, फरहान साबरी, शिवम, आकाश आदि मौजूद रहे।



दरगाह पर दुआ करते सज्जादानशीन व अकीदतमंद

# हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा भजन पर झूमे भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला छत्तादलपतराय में गणेश उत्सव में खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया है। कार्यक्रम में बाबा श्याम के भजनों को सुन भक्त भाव विभोर हो गए।

देर शाम को आयोजित भवन संध्या में एस0एस0 म्यूजिकल ग्रुप की सिंगर रुहानिका ने हारे का सहारा है, बाबा श्याम हमारा है, व मेरे अंत समय में जुबा पे तेरा नाम आ जाए आदि भजनों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर भक्ति भाव विभोर हो गए। भजन गायक पंडित सचिन शुक्ला ने खाली हाथ आया था खाली हाथ जाएगा, तूने कमाया वन्दे दूसरा जो खाएगा व तू नैना सरकार के आदि भजनों की प्रस्तुति दी। जिस पर भक्त जमकर झूमें। रवि कंचन ने मोरे नैना मोरे नैना आदि पर प्रस्तुति दी। गजरा नजर भेंट के बाद बाबा श्याम की आरती के साथ भजन संध्या का समापन हुआ। इस अवसर पर आचार्य आचार्य धर्मेंद्र तिवारी, राहुल सक्सेना, विपिन यादव, राम पाल सिंह राठौर, अर्जुन राठौर, दिलीप कश्यप, जितेंद्र राठौर, पप्पू सक्सेना आदि मौजूद रहे।



भजन गाती सिंगर रुहानिका

